खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 20°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 2 जून 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 134 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 15 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो: मुख्यमंत्री योगी पेज 2



सूर्यवंशी ने जीते ऑरेंज कैप, एमवीपी और इमर्जिंग प्लेयर अवॉर्ड खेल टाइम्स



महंगाई की मार झेलता आम आदमी, मजे में जिंदगी जीता एक वर्ग! सम्पादकीय



अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर किया हमला पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय हथियारों की डिमांड बढ़ी

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लायटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपये के सौदे भी हो चुके हैं। इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपये से अधिक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये पहुंच गया, जो पिछले साल से 62 फीसदी ज्यादा है। ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपये के सौदे हो चुके हैं। इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपये की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है।

### प. बंगाल मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार, 35 मंत्रियों ने ली शपथ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सुवेंदु अधिकारी सरकार ने सत्ता संभालने के एक महीने के भीतर सोमवार को अपना पहला बड़ा कैबिनेट विस्तार किया। इसमें 35 नए मंत्रियों को शामिल किया गया है और इसके साथ ही मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी समेत कुल मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री के साथ पांच अन्य मंत्रियों ने शपथ ली थी। शपथ ग्रहण समारोह लोक भवन में आयोजित किया गया था, जहां राज्यपाल आरएन रवि ने नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सोमवार को शपथ लेने वालों में 13 कैबिनेट मंत्री, 19 राज्य मंत्री और तीन स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री शामिल हैं।

### भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता लागू

**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते के सोमवार से लागू होने को दोनों देशों के संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। श्री गोयल ने कहा कि आज से भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) लागू हो रहा है, और मैं इस बारे में लिख रहा हूं कि यह समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को कैसे और मजबूत करेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी जी के भारत की वैश्विक व्यापार साझेदारी को विस्तार देने के दृष्टिकोण से प्रेरित यह समझौता नए बाजार खोलकर, निर्यात बढ़ाकर, निवेश आकर्षित करके और रोजगार सृजन में तेजी लाकर भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को महत्वपूर्ण रूप से लाभ पहुंचाएगा।

### म्यांमार दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत का प्रवेश द्वार: मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में म्यांमार राष्ट्रपति यू मिन आंग हलिंग का स्वागत किया और कहा कि म्यांमार दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत का प्रवेश द्वार है। भारत की पांच दिन की यात्रा पर आए म्यांमार के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति हलिंग का स्वागत करते हुए, कहा कि भारत और म्यांमार के बीच गहरे सांस्कृतिक, सभ्यतागत और आध्यात्मिक संबंध हैं, जो सदियों पुराने हैं।

# JEE एडवांस में बिहार के शुभम कुमार टॉपर

शाह टाइम्स ब्यूरो



शुभम कुमार



कबीर जतिन

■ दिल्ली के कबीर दूसरे, झुंझुनूं के जतिन तीसरे नंबर पर, टॉप-10 में 6 स्टूडेंट ने राजस्थान में कोचिंग की

**नई दिल्ली।** जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई)- 2026 का परिणाम रविवार देर रात घोषित किया गया। बिहार के शुभम कुमार ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया। दिल्ली के कबीर छिल्लर दूसरे और राजस्थान के झुंझुनूं निवासी जतिन चाहर तीसरे स्थान पर रहे।

इस वर्ष टॉप-10 में शामिल 6 छात्रों ने राजस्थान के कोटा स्थित कोचिंग संस्थानों से तैयारी की है। परीक्षा में कुल 1,79,694 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 56,880 उम्मीदवार सफल घोषित किए गए। सफलता प्रतिशत 31.65 रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। इस बार क्वालिफाइंग कटऑफ 74 से बढ़कर 92 अंक पहुंच गई है, जबकि सामान्य वर्ग के लिए विषयवार कटऑफ में भी 8 अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की गई। रिजल्ट घोषित होने के बाद कोटा के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में जश्न का माहौल देखने को मिला। छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और नृत्य के साथ सफलता का उत्सव मनाया। ऑल इंडिया रैंक-7 प्राप्त करने वाले अर्णव ने बताया कि उन्होंने पिछले दो वर्षों से लगातार तैयारी की और अब उनका लक्ष्य आईआईटी मुंबई से कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई करना है। वहीं, गर्ल्स कैटेगरी में आरोही देशपांडे ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जिन्हें 360 में से 280 अंक मिले और उनकी ऑल इंडिया रैंक 77 रही। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस वर्ष परीक्षा का स्तर संतुलित रहा, जिसके कारण कटऑफ में बढ़ोतरी देखने को मिली।

## लेबनान पर हमले से भड़का ईरान

# अमेरिका से वार्ता रोकी, दी होर्मुज बंद करने की धमकी

**तेहरान।** ईरान ने लेबनान पर इजरायली हमलों के विरोध में अमेरिका से चल रही बातचीत को रोकने का फैसला किया है।

ईरान का कहना है कि लेबनान में जारी हमले युद्धविराम का खुला उल्लंघन हैं। इसी के साथ ईरान समर्थित समूहों ने होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर के अहम समुद्री रास्तों को बंद करने की चेतावनी भी दी है। तेहरान ने साफ कहा है कि जब तक गाजा और लेबनान में इजरायली सैन्य कार्रवाई नहीं रुकती, तब तक अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। ईरान ने लेबनान से इजरायली सेना की पूरी वापसी की भी मांग की है। ईरान ने लेबनान पर इजरायली हमलों को युद्धविराम का उल्लंघन बताया। लेबनान में शांति प्रमुख शर्तों में शामिल थी। ईरान ने कहा है इजरायल के बेरूत पर हमला से हालात बिगाड़े।

# NEET-UG परीक्षा कंप्यूटर आधारित कराने से सुप्रीम इन्कार

## सुप्रीम कोर्ट ने ऑफलाइन मोड को ही बरकरार रखा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आगामी 21 जून को फिर से होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को निर्देश देने से सोमवार को इन्कार कर दिया और मौजूदा 'पेन-एंड-पेपर' (ऑफलाइन) मोड को ही बरकरार रखने का फैसला किया।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इस संबंध में राहत देने से इन्कार कर दिया और मामले की सुनवाई जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायालय के इस फैसले से नीट-यूजी की दोबारा होने वाली परीक्षा के सीबीटी मोड में कराने की किसी भी संभावना पर फिलहाल विराम लग गया है। पीठ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद सुधाकर सिंह द्वारा दायर एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें नीट परीक्षा से जुड़े कई निर्देश देने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने स्पष्ट किया कि वह केवल एक ही मांग पर जोर दे रहे हैं- 21 जून को होने वाली परीक्षा सीबीटी मोड में आयोजित की जाए। वकील ने दलील दी कि आज मैं किसी अन्य मांग पर जोर नहीं दे रहा हूं। परीक्षा सीबीटी मोड में ही होनी चाहिए। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने हालांकि ध्यान दिलाया कि न्यायालय अतीत में भी इस तरह की समान याचिकाओं को खारिज कर चुकी है। उन्होंने टिप्पणी की कि इस तरह की राहत देने का 'कोई सवाल ही नहीं उठता', विशेषकर तब जब अधिकारी पहले ही पिछली परीक्षा रद्द होने और दोबारा परीक्षा आयोजित करने की साजो-सामान संबंधी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। जब याचिकाकर्ता के वकील ने एक बार फिर कहा कि वह केवल सीबीटी से जुड़ी मांग पर ही जोर दे रहे हैं, तो पीठ ने संकेत दिया कि वह इस मुद्दे पर तुरंत विचार करने के पक्ष में नहीं है और इसके बाद मामले को जुलाई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।



■ एनटीए को राहत!
■ मामले की सुनवाई जुलाई तक स्थगित की

## पुणे के टीचर ने नीट पेपर अरेंज कराया: सीबीआई

■ तीन आरोपी 15 जून तक न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने सोमवार को कहा कि पुणे की एक मेडिकल एकेडमी में फिजिक्स फैकल्टी रहे हर्षद कुमार शाह ने क्वेश्चन पेपर अरेंज कराने में भूमिका निभाई थी।

एजेंसी के मुताबिक, शाह ने फिजिक्स का प्रश्नपत्र मनीषा हवालदार तक पहुंचाया था। जांच में यही पेपर मनीषा के मोबाइल से बरामद हुआ। इसी मामले में गिरफ्तार डा. मनोज शिरुरे, हर्षद कुमार शाह और मनीषा हवालदार को सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि डा. मनोज शिरुरे पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। एजेंसी का दावा है कि उन्होंने मुख्य आरोपी शिवराज मोटेगांवकर से 5 लाख रुपये लिए थे।

## सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति कर दी। इनके शपथ ग्रहण करने के बाद शीर्ष न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी। विधि एवं न्याय मंत्रालय के तहत न्याय विभाग की ओर से सोमवार को जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिटा सुब्रमणि मोहना और चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इनमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा तथा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण पल्ली शामिल हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि इन सभी की नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले महीने इन न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को सिफारिश भेजी थी।

# कमर्शियल LPG सिलेंडर ₹42 महंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ होटल, रेस्तरां, कैटरिंग सेवाओं परिचालन व अन्य व्यवसायों की लागत बढ़ने की आशंका

**नई दिल्ली।** देशभर में वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की कीमतों में सोमवार को एक बार फिर बढ़ोतरी की गई। इससे होटल, रेस्तरां, कैटरिंग सेवाओं और एलपीजी पर निर्भर अन्य व्यवसायों की परिचालन लागत बढ़ने की आशंका है।

दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये बढ़ाकर 3,113.50 रुपये कर दी गई है। कोलकाता में सबसे अधिक 53.50 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि मुंबई और चेन्नई में कीमतें क्रमशः 43.50 रुपये और 46 रुपये बढ़ाई गई हैं। तेल विपणन कंपनियों ने पांच किलोग्राम के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 11 रुपये की वृद्धि की है। हालांकि घरेलू इस्तेमाल वाले 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह नवीनतम बढ़ोतरी हाल के महीनों में वाणिज्यिक एलपीजी दरों में लगातार हुई वृद्धि के बाद की गई है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ईंधनों की कीमतों में बढ़ोतरी और आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण ईंधन बाजारों पर दबाव बना हुआ है, जिससे वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की लागत बढ़ रही है। इस मूल्य वृद्धि का सबसे अधिक असर आतिथ्य और खाद्य सेवा क्षेत्र के व्यवसायों पर पड़ने की संभावना है, जहां रसोई गैस एक प्रमुख परिचालन आवश्यकता है। उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि ईंधन की लागत में लगातार वृद्धि से रेस्तरां, होटल और छोटे खाद्य विक्रेताओं का मुनाफा प्रभावित हो सकता है। इसके विपरीत, घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दाम दिल्ली में 913 रुपये, मुंबई में 912.50 रुपये, कोलकाता में 939 रुपये और चेन्नई में 928.50 रुपये पर स्थिर रखे गए हैं। सरकार और तेल विपणन कंपनियों ने आश्वासन दिया है कि देशभर में एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद रसोई गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं।

## शिक्षा को कारोबार बनाना सभी बुराइयों का आधार: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पर उसकी गलतियों के लिए छात्रों से शुल्क वसूली को लूट करार देते हुए कहा है कि जब शिक्षा को सेवा के बजाय कारोबार बना दिया जाता है, तो उससे अनेक बुराइयां जन्म लेना शुरू कर देती हैं।

राहुल गांधी नेएक्स पर कहा कि सीबीएसई की गलती से नंबर गलत आएं, तो उसकी कीमत छात्रों को चुकानी पड़ती है। डिजिटल स्कैन कॉपी, री-टोटलिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए अलग-अलग शुल्क देना पड़ता है। अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए एक छात्र को हजारों रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं।



■ कांग्रेस नेता ने छात्रों से शुल्क वसूली को लूट करार दिया

### दिल्ली में स्कूल ऑफ प्लानिंग की बिल्डिंग में आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आईटीओ इलाके में स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) में सोमवार सुबह आग लग गई। दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कुछ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। शुरुआत में कुछ रिपोर्ट्स में आग शिक्षा मंत्रालय के ऑफिस में लगने की बात कही गई थी, जिस पर कांग्रेस ने मामले को संदिग्ध बताया। बाद में कहा गया कि आग मंत्रालय के ऑफिस में नहीं, एसपीए भवन में लगी थी।

# GST संग्रह मई में बढ़कर 1.94 लाख करोड़ पर पहुंचा

## आयात पर प्राप्त कर राजस्व में 19 प्रतिशत का रहा जबरदस्त उछाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ घरेलू जीएसटी संग्रह 2.6 प्रतिशत घटकर 1,34,530 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली।** आयात पर प्राप्त कर राजस्व में 19 प्रतिशत के जबरदस्त उछाल के कारण इस साल मई में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.94 लाख करोड़ के पार दर्ज किया गया। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि मई में कुल जीएसटी संग्रह 1,94,184 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल मई के मुकाबले 3.2 प्रतिशत अधिक है।

इसमें घरेलू जीएसटी संग्रह 2.6 प्रतिशत घटकर 1,34,530 करोड़ रुपये रह गया, जबकि आयातित वस्तुओं पर संकलित जीएसटी की राशि 19.1 प्रतिशत बढ़कर 59,654 करोड़ रुपये दर्ज की गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आयातित वस्तुओं, विशेषकर कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की कीमतों में तेज उछाल के कारण उन पर जीएसटी की राशि भी उसी अनुपात में बढ़ी है। सरकार ने कुल 27,281 करोड़ रुपये का जीएसटी रिफंड दिया जो सालाना आधार पर 2.6 प्रतिशत अधिक है। इसमें घरेलू रिफंड 4.3 फीसदी कम होकर 17,030 करोड़ रुपये और निर्यातकों को दिया गया रिफंड 16.6 प्रतिशत बढ़कर 10,250 करोड़ रुपये रहा। सकल जीएसटी संग्रह में से रिफंड को घटाकर शुद्ध जीएसटी राजस्व 1,66,904 करोड़ रुपये रहा। यह मई 2025 के मुकाबले 3.3 प्रतिशत अधिक है। शुद्ध घरेलू जीएसटी संग्रह 1,17,500 करोड़ रुपये रहा। यह सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत कम है। वहीं, शुद्ध सीमा शुल्क राजस्व 19.7 प्रतिशत बढ़कर 49,403 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दो महीने में सकल जीएसटी संग्रह 6.2 फीसदी बढ़कर 4,36,887 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है। इसमें 59,063 करोड़ रुपये की रिफंड की राशि घटा देने पर शुद्ध जीएसटी संग्रह 3,77,824 करोड़ रुपये बना है। रिफंड में सालाना 10.9 प्रतिशत और शुद्ध संग्रह में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

# मानसून दो-तीन दिन में केरलम पहुंचेगा

■ देशभर में हीटवेव खत्म, राजस्थान के 3 जिलों में ओले गिरे

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि दक्षिण- पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसमें थोड़ी देरी हुई है।

आईएमडी के मुताबिक अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल है। बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने पहले अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरल पहुंचेगा, लेकिन बाद में इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई। अब इसके जून के पहले सप्ताह में पहुंचने की संभावना है। देशभर में फिलहाल हीटवेव का असर खत्म हो गया है। राजस्थान के अजमेर, नागौर और चित्तौड़गढ़ में सोमवार को ओलावृष्टि हुई। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर में तेज बारिश हुई, जबकि 63 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी है। झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा और पंजाब समेत 27 राज्यों में हल्की से भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री आवास के पास चार बस परिचालकों ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हाई-सिक्योरिटी वाले वीवीआईपी जोन में सोमवार सुबह दुबग्गा डिपो के चार संविदा सिटी बस परिचालकों ने मुख्यमंत्री आवास के निकट आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और गौतमपल्ली थाना पुलिस ने समय रहते हस्तक्षेप कर चारों को हिरासत में ले लिया। सभी सुरक्षित हैं और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सामान्य है। परिचालकों के मुताबिक दुबग्गा सिटी बस स्टेशन पर तैनात करीब 350 संविदा कर्मचारियों को प्रशासन सीधे संविदा से हटाकर 'एस' नामक निजी कंपनी के अधीन कर रहा है। उनका आरोप है कि नई व्यवस्था में वेतन 18,600 से घटाकर 11,000 कर दिया गया है। पिछले कई दिनों से वे अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार करीब 11 बजे मांगों पर सुनवाई न होने पर चार परिचालक सीएम आवास की ओर बढ़े और ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया।

### शिक्षा मंत्रालय कार्यालय में आग पर उठे सवाल

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय से जुड़े एक कार्यालय में आग लगने की घटना को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। चिब ने कहा कि देशभर में परीक्षा घोटालों, पेपर लीक और प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करने और उनके इस्तीफे की मांग तेज हो रही है। ऐसे समय में शिक्षा मंत्रालय से जुड़े कार्यालय में आग लगना गंभीर चिंताओं को जन्म देता है।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा होने पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी होने के बाद कांग्रेस के राज्यसभा उपनेता और सांसद प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार पर जनता की जेब पर डाका डालने का आरोप लगाते हुए कहा है कि एक तरफ प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं, वहीं दूसरी तरफ उनकी सरकार गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर आम लोगों पर आर्थिक बोझ डाल रही है।

तिवारी ने सोमवार को कहा कि 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये की वृद्धि कर दी गई है। इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 3113.50 रुपये और कोलकाता में 3255.50 रुपये पहुंच गई है। उन्होंने यह भी कहा कि 5



■ राज्यसभा उपनेता और पार्टी सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा- जनता की जेब पर डाका

किलो वाले छोटे सिलेंडर के दाम में 11 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, जिससे छात्रों, मजदूरों और छोटे कारोबारियों पर सीधा असर पड़ेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि जनवरी से जून के बीच 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में कुल 1560 रुपये और 5 किलो वाले सिलेंडर की कीमत में 323 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने इसे लूट का सिलसिला बताते हुए कहा कि सरकार लगातार जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। श्री तिवारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 116 डॉलर प्रति बैरल से घटकर 92 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गई हैं, इसके बावजूद एलपीजी के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता की जेब काट रही है और लोग इस स्थिति को भली-भांति समझ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गैस कंपनियों ने 1 जून से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये की बढ़ोतरी की है। इससे पहले 1 मई को भी कमर्शियल सिलेंडरों के दाम बढ़ाए गए थे।

# सीबीएसई विवाद को कांग्रेस ने बनाया मुद्दा

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली की खामियों को देश के शिक्षा इतिहास की सबसे बड़ी संस्थागत विफलता बताते हुए कहा है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इसके लिए जिम्मेदार हैं और उन्हें पद से इस्तीफा देना चाहिए अन्यथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उन्हें तत्काल हटा देना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 12 वर्षों के शासन में देश की शिक्षा व्यवस्था लगातार कमजोर हुई है। सीबीएसई, नीट, यूजीसी-नेट और सीयूईटी जैसे मामलों ने देश की परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेड़ा ने यह भी आरोप लगाया कि सीबीएसई ने डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली लागू करने से पहले शिक्षकों और विशेषज्ञों की गंभीर चेतावनियों को नजर. अंदाज किया। उनके अनुसार परीक्षण के दौरान दर्जनों तकनीकी कमियां सामने आई थीं, लेकिन



■ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें या उन्हें तत्काल पद से हटाएं प्रधानमंत्री मोदी: पवन खेड़ा

इसके बावजूद प्रणाली को जल्दबाजी में लागू कर दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि हजारों छात्रों को धुंधली, अधूरी अथवा गलत तरीके से स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं मिलीं और बड़ी संख्या में उत्तर पुस्तिकाओं को दोबारा स्कैन तथा मैनुअल मूल्यांकन के लिए भेजना पड़ा। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया के दौरान तकनीकी मानकों, स्कैनिंग गुणवत्ता और पात्रता संबंधी नियमों को कमजोर किया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हुए हैं। उनका कहना था कि डिजिटल प्रणाली में सुरक्षा संबंधी गंभीर खामियां भी सामने आईं, जिनसे छात्रों के डेटा और परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि यह संकट केवल सीबीएसई तक सीमित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों में नीट, यूजीसी-नेट, सीएसआईआर- नेट, नीट-पीजी, सीयूईटी, जेईई मेन तथा अन्य भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, तकनीकी गड़बड़ियों और प्रशासनिक विफलताओं के कारण करोड़ों छात्र प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लगातार छात्रों की आवाज उठा रहे हैं और परीक्षा प्रणाली से जुड़े मामलों में जवाबदेही की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार छात्रों की चिंता का समाधान करने के बजाय अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रही है। खेड़ा ने कहा कि सरकार ने शिक्षा बजट में कटौती की है, विश्व. विद्यालयों की स्वायत्तता को कमजोर किया है, शिक्षकों के रिक्त पद नहीं भरे हैं और शिक्षा तथा रोजगार के बीच की खाई को बढ़ने दिया है। इन सबका खामियाजा देश के युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से पूछा कि डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को लेकर मिली चेतावनियों की अनदेखी क्यों की गई, टेंडर प्रक्रिया में बदलाव किसके निर्देश पर किए गए, पात्रता नियमों में संशोधन क्यों किए गए।

## जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं

# आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा अनावश्यक विलंब होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदे. ही भी तय की जाए। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़े कई प्रकरण प्रस्तुत किए गए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित राजस्व वादों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। छह



■ अनावश्यक विलंब होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए: मुख्यमंत्री

माह से अधिक समय से लंबित मामलों की विशेष समीक्षा की जाए और बिना उचित कारण विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को न्याय मिले और पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। उन्होंने अधिका. रियों से संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जरूरतमंदों के उपचार, सहायता और समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर खुशहाली लाना शासन-प्रशासन का दायित्व है। जनता दर्शन के दौरान हापुड़ से आई एक छात्रा ने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति और पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने छात्रा से उसकी पढ़ाई के बारे में जानक. ारी ली। छात्रा द्वारा कक्षा सात में अध्ययनरत होने की जानकारी देने पर मुख्यमंत्री ने उसे आश्वस्त करते हुए कहा कि तुम सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो। मुख्यमंत्री ने छात्रा के अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षित बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। उन्होंने अधिकारियों को भी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री योगी ने छात्र-शिक्षक-अभिभावकों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रदेश के विभिन्न शिक्षा बोर्डों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया। मेधावियों को चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। समारोह के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा और अभिभावकों के चेहरे गर्व से दमक उठे। प्रदेश स्तर पर टॉप-10 स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को एक लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल दिए गए। जनपद स्तर पर टॉप-10 में जगह बनाने वाले 1,459 मेधावियों को 21 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया जा रहा है। सीतापुर की कशिश वर्मा (97.83 प्रतिशत) को मुख्यमंत्री ने सबसे पहले सम्मानित किया। लखनऊ पब्लिक कॉलेज के शिवम अवस्थी, कानपुर की अनन्या गर्ग और श्रेष्ठी सिंह, सीटीएमएस गोमती नगर के वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# भाजपा की नीतियों से खेती घाटे का सौदा बनी: सैलजा

**चंडीगढ़, वार्ता**



हरियाणा में सिरसा सीट से सांसद कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण खेती किसानों के लिए घाटे का सौदा बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा पूरा नहीं हुआ, जबकि खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल और कृषि उपकरणों की कीमतों में लगातार वृद्धि से खेती की लागत बढ़ी है।

कुमारी सैलजा ने यहां एक बयान में कहा कि हाल ही में एनपीके और पोटाश जैसे उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोतरी से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उनके अनुसार खेती के लिए आवश्यक संसाधनों के महंगे होने से किसानों की परेशानियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत देने के लिए कृषि आदानों की कीमतों पर नियंत्रण, डीजल पर राहत तथा फसलों के लिए लाभकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने केंद्र सरकार से उर्वरकों की बढ़ी हुई कीमतें वापस लेने और किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने की मांग की। वह कांग्रेस किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को उठाती रही हैं और आगे भी किसानों के अधिकारों के लिए आवाज उठाती रहेंगी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74267.34
निफ्टी 23382.60



सोना 160400
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 269700
प्रति किलो




# सप्ताह के पहले दिन लुढ़के शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन शुरुआती तेजी के बाद गिरावट देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 508.40 अंक (0.68 प्रतिशत) लुढ़ककर 74,267.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 165.15 अंक यानी 0.70 फीसदी उतरकर 23,382.60 अंक पर रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से निवेश धारणा प्रभावित हुई है।

कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड वायदा आज तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर 94 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। वृहत बाजार में बिकवाली और ज्यादा रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.21 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.88 प्रतिशत टूट गया। आईटी, मीडिया और धातु को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। आईटी समूह का सूचकांक 2.66 फीसदी चढ़ा। इस सेक्टर में पिछले कुछ समय से लिवाली चल रही है। एफएमसीजी, बैंकिंग, वित्त, ऑटो, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों में ज्यादा गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनी. लिवर का शेयर तीन प्रतिशत के करीब लुढ़क गया।



आईटीसी में भी ढाई फीसदी की गिरावट रही। ईंधन के दाम बढ़ने से दोनों एफएमसीजी कंपनियां दबाव में हैं। एनटीपीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा टूट गए। कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल, टाइटन, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स और भारती एयरटेल में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। आईटी कंपनियों टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर साढ़े तीन से चार प्रतिशत तक की बढ़त में बंद हुए। टीसीएस, इंडिगो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा स्टील के शेयर भी ऊपर बंद हुए।

# सर्राफा बाजार में उथल-पुथल, सोना 2,500 रुपये टूटा चांदी भी 5,000 लुढ़की

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का सीधा असर अब सर्राफा बाजार पर दिखाई दे रहा है। वैश्विक बाजारों में आई इस उथल-पुथल और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, सोमवार को भारतीय सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कीमती धातुओं के भाव धड़ाम हो गए। बाजार में बिकवाली के अहम आंकड़े इस प्रकार हैं। सोना: 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,500 रुपये (1.53:) की भारी गिरावट के साथ 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। पिछले कारोबारी सत्र (शुक्रवार) में यह 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी जोरदार गिरावट देखी गई है। यह 5,000 रुपये (लगभग 2 प्रतिशत) फिसलकर 2,69,700 रुपये प्रति किला. ग्राम पर आ गई है। पिछले सत्र में इसका भाव 2,74,700 रुपये था। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, इस भारी गिरावट के पीछे भू- राजनीतिक तनाव और मजबूत होता डॉलर मुख्य कारण हैं।

# विनिर्माण गतिविधियों की रफ्तार मई में और मजबूत हुई

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू मांग आने और तैयार माल का भंडार बढ़ाने की कंपनियों की रणनीति के कारण मई में विनिर्माण क्षेत्र की गति. विधियों में तेजी देखी गई। माह.दर.माह आंकड़ों की तुलना के आधार पर एचएसबीसी द्वारा जारी भारत विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अप्रैल के 54.7 से बढ़कर मई में 55.0 पर पहुंच गया। यह मार्च में 54.3 रहा था। सूचकांक 50 से जितना ऊपर होता है वह गतिविधियों में उतनी ही तेजी दर्शाता है जबकि 50 से यह जितना नीचे रहता है गतिविधियों में उतनी ही बड़ी गिरावट का संकेत होता है।

वहीं 50 का स्तर स्थिरता दिखाता है। पीएमआई सूचकांक तैयार करने के लिए नए ऑर्डर, उत्पादन, रोजगार, आपूर्तिकर्ता को डिलिवरी में लगने वाले समय और कच्चे माल के भंडार जैसे कारकों का विश्लेषण किया जाता है। भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भट्टाचार्य ने कहा कि पीएमआई के आंकड़े दिखाते हैं कि पश्चिम संकट के अनसुलझे रहने के बीच विनिर्माता एक बार फिर तैयार माल का भंडार बढ़ा रहे हैं। उत्पादन वृद्धि में तेजी आई है। साथ ही कच्चे माल की खरीद और तैयार माल का भंडार उससे भी कहीं तेजी से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि घरेलू मांग आने से नए ऑर्डर में भी तेजी दर्ज की गई। हालांकि निर्यात के ऑर्डर की रफ्तार कम हुई है। अप्रैल की तुलना में लागत मुद्रास्फीति में मामूली राहत रही, जबकि उत्पादों की मुद्रास्फीति उससे कहीं तेजी से गिरी। यह दिखाता है कि कंपनियां कम मुनाफे पर सामान बेच रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्पादन बढ़ाने के लिए कंपनियों ने नए रोजगार दिए। हालांकि रोजगार बढ़ने की रफ्तार अप्रैल के मुकाबले कम थी, लेकिन फिर भी यह मजबूत रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# प्रधानमंत्री ने छह वर्ष पूरे होने पर पीएम स्वनिधि योजना की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के छह साल पूरे होने पर इसके प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पहल ने बिना गारंटी ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के अवसर प्रदान कर अनगिनत रेहड़ी पटरी वालों के जीवन को बदल दिया है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में, योजना के लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं और देश की अर्थव्यवस्था में उनके योगदान की सराहना की। श्री मोदी ने कहा, ष्आज हम पीएम स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे कर रहे हैं, जिसने बिना गारंटी ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करके अनगिनत रेहड़ी पटरी वालों के जीवन को बदल दिया है। यह



योजना विश्वास, गरिमा और सशक्तिकरण के बारे में है। सभी लाभार्थियों को मेरी शुभकामनाएं, जिनका दृढ़ संकल्प और उद्यम हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना जारी रखता है। केंद्र सरकार द्वारा जून 2020 में कोविड महामारी के बीच शुरू की गई, पीएम स्वनिधि को उन रेहड़ी पटरी वालों को आर्थिक सहारा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था जिनकी आजीविका लॉकडाउन और आर्थिक व्यवधानों से गंभीर रूप से प्रभावित हुई थी। यह योजना पात्र विक्रेताओं को बिना किसी गारंटर के कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त करने में सक्षम बनाती है, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को फिर से शुरू करने और विस्तार करने में मदद मिलती है। पिछले कुछ वर्षों में, यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरा है जिसका उद्देश्य सड़कों पर रेहड़ी पटरी लगाने वालों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाकर उनके बीच वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। लाभार्थियों को डिजिटल लेनदेन अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है और वे समय पर ऋण चुकौती से जुड़े प्रोत्साहन के पात्र हैं। सरकारी अधिकारियों ने पीएम स्वनिधि को एक परिवर्तनकारी कल्याणकारी उपाय के रूप में वर्णित किया है जिसने शहरी क्षेत्रों में लाखों छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाया है, जिससे उन्हें अपनी आय में सुधार करने और अपनी वित्तीय लचीलापन मजबूत करने में मदद मिली है।

# लेखपाल भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले पर सियासत तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रदेश की लेखपाल भर्ती परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले को लेकर प्रयागराज में छात्र आंदोलन और राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह सोमवार को प्रयागराज पहुंचे और प्रतियोगी छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता केके राय भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उस समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई,



छात्रों से मिले संजय सिंह

जब प्रशासनिक अधिकारियों ने सर्किट हाउस परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम को लेकर आपत्ति जताई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस दौरान एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा और पुलिस अधिकारियों के साथ सांसद संजय सिंह की तीखी बहस भी हुई। हालांकि बाद में छात्रों और प्रतिनिधिमंडल के बीच संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में संजय सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर भर्ती परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

# उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में ग्राहक-केंद्रित व्यवसाय की भूमिका अहम

**लखनऊ, वार्ता**

प्रसिद्ध प्रबंधन विशेषज्ञ, अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता एवं मुंबई डब्बावाला मॉडल के लिए चर्चित डॉ. पवन अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति में ग्राहक-केंद्रित व्यवसायों और मजबूत व्यावसायिक नेटवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

लखनऊ के एक होटल में आयोजित बीएनआई नेटकॉन 2026 को संबोधित करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक संतुष्टि किसी भी सफल व्यवसाय की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के

■ ग्राहक संतुष्टि किसी भी सफल व्यवसाय की आधारशिला: अग्रवाल

नेतृत्व में एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राहक संतुष्टि प्रत्येक व्यवसाय का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। किसी भी संगठन की हर गति. विधि ग्राहक-केंद्रित होनी चाहिए और ग्राहक को सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करना प्रत्येक कर्मचारी और प्रबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है। विश्व की प्रमुख बिजनेस नेटवर्किंग एवं रेफरल संस्था बीएनआई (बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल) द्वारा आयोजित नेटकॉन 2026 में 900 से अधिक उद्यमियों, पेशेवरों, निर्माताओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायियों के बीच नेटवर्किंग, रेफरल और रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देना था। आयोजकों के अनुसार इस वर्ष के आयोजन से 30 करोड़ रुपये से अधिक के संभावित व्यावसायिक अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है, जो पिछले संस्करण की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। बीएनआई नॉर्थ लखनऊ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय तिवारी ने कहा कि आर्थिक विकास का आधार विश्वास और सहयोग पर आधारित व्यावसायिक संबंध होते हैं। उन्होंने कहा कि नेटकॉन ऐसा मंच उपलब्ध कराता है, जहां उद्यमी एक-दूसरे से जुड़ते हैं, नए अवसर तलाशते हैं और साझेदारी के माध्यम से विकास की नई संभावनाएं निर्मित करते हैं।

# 13 दिन से लापता रोकी का शव खेत से बरामद

## मुठभेड़ के दौरान मोन्टी की निशानदेही पर बरामद हुआ गड्ढे में दबा कंकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** 13 दिनों से लापता विकसित उर्फ रॉकी का शव गांव कादीपुर में मुबारिक के खेत में गडा हुआ कंकाल ही बरामद हुआ। पुलिस ने महिला सहित कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो रॉकी अपहरण कांड से पूरी तरह पर्दा उठा और पर्दाफाश के दौरान यह सामने आया कि अब रॉकी जिन्दा नहीं है बल्कि हत्या के बाद उसके शव को गड्ढा खोदकर नमक की बोरी के पास दबा दिया था। यही वजह रही कि पुलिस को रॉकी जिन्दा तो बरामद नहीं हो सका और शव भी कंकाल बन चुका था पुलिस ने इस मामले में जहा शव को पीएम के लिए भेजा तो वहीं इस कांड में शामिल आरोपी से पुलिस की मुठभेड हो गई। इस मामले में सबसे गंभीर बात यह है कि पीडित पिता और परिवार लगातार सिखेडा थाने के चक्कर काटते रहे, लेकिन इस थाने से उन्हे कोई मदद नहीं मिली। एसएसपी के आदेश पर कुछ घंटो बाद भोपा पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर दिया।

बतादे कि सिखेडा थाना क्षेत्र के गांव मगन सिंह ने अपने पुत्र विकसित 36 वर्ष के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने को लेकर सिखेडा पुलिस को सूचना दी थी। पीड़ित मगन सिंह ने पुलिस को बताया था कि अट्ठारह मई को उसका बेटा विकसित उर्फ रॉकी अपनी पत्नी के रेणु के साथ घर से ऋषिकेश जाने के लिए निकला था और इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा।

पीड़ित पिताने महिला और कुछ युवकों पर अनहोनी करने की आशंका भी जताई थी। पीड़ित ने बताया था कि उसके बेटे के दोनो मोबाइल भीबंद आ रहे है और ससुर ने अपनी पुत्रवधु पर बयान बदलने का भी आरोप लगाया था। पिता को पुत्रवधु पर बयान बदलने के बाद ही शक होगया था। इस मामले की शिकायत 25 मई को एक बार फिर सिखेडा थाने पर दी तो पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। इतना ही नहीं तीस मई को पत्नी रेणु, बादल, निशा व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा भीदर्ज करा दिया था। यह मुकदमा एसएसपी के संज्ञान में आने के बाद ही दर्ज हुआ था इससे पहले पीडित परिवार सिखेडा थाने से लेकर चौकी प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मियो के समक्ष अपने बेटे की बरामदगी की गुहार लगातारहा। कुछ संगठनों ने और गांव के जिम्मेदार लोगों ने रॉकी की बरामदगी न होने पर चेतावनी देनी भी शुरू कर दी थी। यह मामला एसएसपी संजय कुमार वर्मा के संज्ञान में पहुंचा जहां विगत दिवस पुलिस कप्तान ने इस मामले को गंभीरता से लिया और सीओ मंडी को इसकी जांच सौपी जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और रॉकी की बरामदगी के लिए कई टीमे बनाई गई। पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर सख्ती की तो रॉकी अपहरण कांड अब हत्या में बदल चुका था



जिसको सुनकर पुलिस के भी रोंगटे खडे हो गए। बादल रेणु के पहले पति की संतान है। तथा निशा बादल की पत्नी है। विकसित उर्फ रॉकी पिछले लगभग चार वर्षो से भोपा स्थित हरि कुंज कॉलोनी में किराए पर रह रहा था। भोपा के निकटवर्ती गांव बेहड़ा थ्रू में विकसित उर्फ रॉकी की ननिहाल है। पुलिस ने मुख्य आरा.पी मोन्टी त्यागी निवासी मलपुरा से हुई मुठभेड के बाद ही रॉकी का कंकाल गड्ढे में दबा हुआ बरामद किया। रोकी के भाई मुकुल ने बताया कि उसके भाई के अपहरण के बाद परिवार में कोहराम मचा था उसकी दो वर्षीय पुत्र शिवा है। उधर रात के समय परिजनों ने हंगामा करते हुए रोकी का सिर बरामद करने की मांग की है।

# किशोर ने गंगनहर में लगाई छलांग, परिवार ने कराई गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** सोमवार की दोपहर क्षेत्र के बेलडा गंग नहर पुल पर किशोर द्वारा नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या कर लेने की खबर से हड़कंप मच गया। मौके पर ग्रामीणों को भीड़ इकठा हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की किशोर की नहर में तलाश की गयी किन्तु उसका कोई पता नही चला।परिजनों ने यकी नियमित तलाश की वहीं परिजनो ने किशोर की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ी निवासी शौकीन ने तहरीर देकर बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र अलीशान सोमवार की सुबह करीब





9 बजे बिना बताये घर से चला गया था।एक घण्टे बाद गांव बेलड़ा से अलीशान के मामा ने फोन पर सूचना दी अलीशान बेलड़ा गंगनहर में डूब गया है। वहीं प्रत्यदर्शियों के अनुसार अलीशान बदहवास हालत में पुल पर पहुंचा और नहर में छलांग लगा। अलीशान ने नहर में बंधे हुए मोटे रस्से को भी कुछ देर के लिये पकड़ा। कुछ देर में ही आलीशान पानी में समा गया मौके पर भारी बीड़ी खट्टा हो गई और आलीशान को नहर में तलाश किया गया किंतु उसका कोई पता नहीं चल सका वहीं पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी आलीशान नहर पुल की ओर जाता दिखाई पड़ा है अलीशान के परिवार में पिता शौकीन माता गुलफाना पिता शौकीन वह छोटे भाई आमिर तथा सादिक़ हैं। अलीशान एल्युमिनियम फैब्रिकेटर का काम सीख रहा था।

## डबल करने के बहाने ठगी के दो आरोपी दबोचें

**मुजफ्फरनगर।** पैसे डबल करने का लालच देकरलोगों से पैसे व एटीएम लेकर उन पैसों कोआईपीएल में सट्टा और ऑनलाइन क्रिप्टो करंसी में लगाने वाले दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने इनके कब्जे से छह लाख से अधिक की नगदी, आठ एटीएम और तीन मोबाइल बरामद किए है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ककरौली पुलिस एक होण्डा स्कूटी पर सवार दो लोगों को रोका। आरोपियों के नाम तौफीक पुत्र अब्दुल रहीम निवासी बडापुर बिजनौर व ताजीम पुत्र भुरा है। यह लोग शातिर अंदाज में एटीएम से पैसा निकालते थे।





मुजफ्फरनगर: मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री, डीएम व अन्य।

# घर से निकला 11 वर्षीय छात्र गायब

## काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला दीपक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भौरांकलां/बुढाना।** लगभग 11 साल का एक बच्चा किसी मामूली सी बात पर अपने घर से नाराज होकर बाहर निक गया। जो कि अभी तक भी अपने घर पर वापस नहीं लौटा है। अब परिजनों ने भौरांकलां पुलिस को तहरीर देकर अपने गायब बच्चे की तलाश की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी में मामला दर्ज करते हुए बच्चे की तलाश शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव भौराकलां निवासी पवन कश्यप पुत्र कृष्णपाल उर्फ कुबाडी ने भौरांकला पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उनका बेटा दीपक उम्र करीब 11 वर्ष बीती 30 मई को करीब 11 बजे दिन में किसी बात से घर से नाराज होकर कहीं पर निकल गया।

दीपक अपना स्कूल का बैग लेकर उसमें से किताबें निकालकर कपड़े रखकर कहीं अज्ञात स्थान पर चला गया। तभी से ही वह अपने घर पर वापिस नहीं आया है। इस संबंध में गायब बच्चे के परिजनों का कहना है कि उन्होंने अपने बच्चे को आसपास और सभी रिश्तेदारियों में काफी तलाश कर लिया लेकिन गायब बच्चे का कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। पवन कश्यप ने भौरांकला पुलिस से अपने गायब हुए बच्चे दीपक को तलाश कर आवश्यक कार्रवाई करने की प्रार्थना की है। उधर भौरांकला पुलिस ने मामला दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है। भौरांकला पुलिस आसपास के सीसीटीवी की फुटेजें देख रही है।

# अंतवाड़ा माइनर में पानी की कमी से किसानों की बढ़ी चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** क्षेत्र की कृषि व्यवस्था इन दिनों सिंचाई संकट से जूझ रही है। चित्तौड़ा झाल से निकलने वाले खतौली राजवाहा की अंतवाड़ा माइनर में पर्याप्त जल प्रवाह न होने के कारण पलड़ा, पाल, ताजपुर, अंतवाड़ा, ख़ज़ापुर सहित कई गांवों के किसानों को फसलों की सिंचाई में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि माइनर के अंतिम कुलाबों तक पानी नहीं पहुंचने से उनकी खेती प्रभावित हो रही है और उत्पादन घटने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार एक समय ऐसा था जब अंतवाड़ा माइनर में भरपूर पानी आता था और क्षेत्र के सभी किसानों को समय पर सिंचाई का लाभ मिल जाता था। करीब एक दशक पहले तक स्थिति संतोषजनक थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जल वितरण व्यवस्था लगातार कमजोर होती चली गई है। अब हालात यह हैं कि जब फसलों को पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, तब माइनर में पर्याप्त जल नहीं पहुंचता और जरूरत खत्म होने के बाद पानी छोड़ा जाता है। किसानों का कहना है कि इस अव्यवस्था का सीधा असर खेती पर पड़ रहा है।

समय पर पानी न मिलने से फसलों की बढ़वार प्रभावित हो रही है, जबकि बाद में अधिक मात्रा में पानी आने से कई स्थानों पर जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है। इससे खेतों की उत्पादकता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अंतवाड़ा माइनर में कुल 13 कुलाबे संचालित हैं। किसानों के अनुसार सिंचाई के दौरान पानी शुरुआती कुलाबों तक तो पहुंच जाता है, लेकिन अंतिम तीन कुलाबों तक जल प्रवाह नहीं हो पाता। ऐसे में अंतिम छोर के किसानों को निजी टड्यूबवेल और अन्य साधनों से सिंचाई करनी पड़ती है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है। विशेष रूप से धान, गन्ना और अन्य मौसमी फसलों पर इसका असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को कई बार सिंचाई विभाग के कर्मचारियों और अधिक. ारियों के संज्ञान में लाया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। किसानों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद विभागीय स्तर पर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है, जिससे क्षेत्र में असंतोष बढ़ रहा है। किसानों ने प्रशासन और सिंचाई विभाग से मांग की है कि अंतवाड़ा माइनर की तकनीकी जांच कराकर जल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी 13 कुलाबों तक समान रूप से पानी पहुंचे, ताकि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई संकट से राहत मिल सके।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे। उनका कहना है कि फसलों को बचाने के लिए समय पर सिंचाई उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है और इस मामले में प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## कैबिनेट मंत्री ने 21-21 हजार के बाटे चैक, लाइव प्रसारण हुआ कार्यक्रम

**■ जिलाधिकारी, पालिका अध्यक्ष रही कार्यक्रम में मौजूद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषदकी परीक्षा 2026 में जनपद में उत्कृष्ट स्थान पर रही। इसमें उत्कृष्ट स्थान पाने वाले मेद्यावी छात्र-छात्राओं के लिए सोमवार को विकास भवन में एक भव्य सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल के नौ और इण्टरमीडिएट के दस उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र मेडल था इक्कीस-इक्कीस हजार रूपये का चैक देकर उन्हे सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) कमल किशोर कंडारकर देशभूषण द्वारा सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने मेद्यावी छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रतिभावान छात्र राष्ट्र की अमुल्य धरोहर है और प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था में सुधार व युवाओं के प्रति निखारने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उधर नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने भी छात्राओं की सराहाना की और कहा कि बेटों के साथ बेटियां भी जनपद का नाम रोशन कर रही है। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास ने बताया कि जनपद के दसवी कक्षा के मुख्य टॉपर को राज्य स्तर पर लखनऊ में आयोजित मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया गया है। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में पलक सैनी, शिया, आकाश, वंश कुमार, भव्या, प्रिंस कुमार, विकसित सैनी, अनंत कुमार व देवव्रत सैनी है, जबकि इण्टर में आर्य पुण्डीर, सानवी, हर्षित जैन, निशांत कश्यप, वंश सिंघल, तनु गुप्ता, स्नेहा, मंयक, राबिया और अर्पित को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर विकास कुमार, ललित मोहन गुप्ता, डॉक्टर रणवीर सिंह, आशु, भ्रत कुमार आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि और डीएम ने कहा कि इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शिक्षा के विकास पर दिया गया संबोधन सामुहिक रूप से सुना गया।

# स्टंटबाजी हथियारों के प्रदर्शन में पुलिस की कार्यवाही

**■ पुलिस ने पांच लोगों को लिया हिरासत में**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने शोभायात्रा के दौरान सड़क पर जानलेवा स्टण्टबाजी औरधारदार हथियार लहराकर हुडदंग मचाने के मामले में सख्त कार्यवाही की है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया और जांच के आधार पर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में सीओ मंडी राजू साव ने अपना एक बयान भी दिया है।

बताया जाता है कि शोभायात्रा के दौरान बाइकों पर खतरनाक स्टण्ट कर रहे थे और उन्ही के कुछ साथी खुलेआम हथियारों को प्रदर्शन कर रहे थे।

इससे लोगों में भय व्याप्त हो रहा था इसकी शिकायत समय रहते कर दी गई थी, लेकिन इस संबंध में एक वीडियो वायरल हुई जो अधिकारियों के संज्ञान में आई।

पुलिस ने इस मामले में आरोपियों की पहचान शुरू की और पांच लोगों को हिरासत में लिया। सीओ मंडी राजू साव का कहना है कि प्रसारित वीडियो में नवयुवक तलवार बाजी का प्रदर्शन कररहे थे उन्होने कहाना है कि सभी को बता दिया था कि हुडदंग बाजी बर्दाश्त नहीं होगी।





गर्मी से बचने के लिए स्कार्फ लगाकर जाती महिला।

# बहन के कत्ल का आरोपी मुठभेड़ में घायल

## कत्ल के बाद मां ने ही बेटे के खिलाफ शाहपुर थाने में दर्ज कराया था मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर में बहन का कत्ल करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना रविवार की सवेरे हुई थी जहां बहन भाई के बीच हुए विवाद के बाद नाराज युवक ने अपनी बीस वर्षीय बहन का चाकू से गला रेत कर उसका कत्ल कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को मुठभेड के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है और मां की तहरीर पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया गया था।

शाहपुर पुलिस ने सूचना के आधार पर पलडी गांव के जंगल में घेरबंदी की पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव आदमपुर में अपनी बहन का कत्ल करने के बाद कातिल भाई जंगल में छिपा हुआ है। इस दौरान पुलिस व आरा.पी के बीच मुठभेड हो गई जहां कत्ल का आरोपी आमिर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल को तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया पुलिस ने इसके पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद किया। पुलिस का कहना है कि ऑनरक्लिंग की घटना थी। बताया जाता है कि आमदपुर निवासी शकील कुरैशी पशुओं की खरीद फरौख्त करता है जहां उसकी बीस वर्षीय बेटी अदीबा अपने दादा खलील के पास गांव पलडी मे रहती थी।

बहन के अचानक गायब हो जाने के बाद आमिर का गुस्सा तुफान बन गया था क्योकि परिवार के लोग उस समय लडकी काफी तलाश कर चुके थे और लडकी का कही पता नहीं चल सका था और रविवार की सवेरे वह घर लौटी थी। बहन-भाई के बीच फोन पर बात करने को लेकर विवाद हुआ था और बहस करते समय आमिर ने युवती को कमरे में बंद किया और धारदार छुरे से गर्दन काटकर उसको मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार भी घटना के समय बरामद कर लिया था मृतक की मां नसीमा ने बड़े बेटे आमिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था तभी से पुलिस इसकी फिराक में लगी हुई थी।

# पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिहं का तबादला

## जौनपुर नगर पालिका के ईओ पवन कुमार की हुई तैनाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शासन ने नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर ने प्रशासनिक फेरबदल किया है। अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा चौहान को मुरादाबाद नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त के पद पर जिम्मेदारी दी है और जौनपुर नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी के पद पर तैनात पवन कुमार को नगर पालिका मुजफ्फरनगर का अधिशासी अधिकारी बनाया है। डा. प्रज्ञा सिंह चौहान नगर निगम लखनऊ से प्रति नियुक्ति पर मुजफ्फरनगर में तैनात हुई थी और करीब दो वर्ष से अधिक से उनका कार्यकाल रहा।

इस दौरान उन्होने नगर प्रशासन में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज कराई। इसी के चलते शासन स्तर से उनका तबादला नगर निगम व्यवस्था मुरादाबाद में सहायक नगर आयुक्त के रूप में किया गया है। बताते है कि डॉक्टर प्रज्ञा सिंह चौहान ने नगर पालिका



अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के साथ मिलकर काफी कार्य किए है उन्होने शहर के प्रमुख मार्गो से कूडा डलावघरों को खत्म किया और स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर की रैकिंग सुधारने के लिए प्रयास भी किए। पवन कुमार इससे पहले देवबंद नगर पालिका के ईओ भी रह चुके है वह मुलरूप से गोंडा जिले के रहने वाले है।

# पीड़ित महिला ने अस्पताल के डॉक्टर पर लगाए आरोप

## बच्ची की टांग टूटी, जिलाधिकारी से मांगा इंसाफ, मिला आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वैसे तो जिला अस्पताल किसी ना किसी आए दिन चर्चाओं में रहता है इस अस्पताल में एक बडा स्टाफ है जहां फिजीशन सर्जन, बाल रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गले के चिकित्सक यहां तक की आई वार्ड में भी कई विशेषज्ञ है, लेकिन अक्सर हड्डी के डॉक्टर चर्तुवेदी आरोपों में घिरे रहते है। सोमवार को भी एक महिला ने डॉक्टर चर्तुवेदी पर गंभीर आरोप लगाए है। पीड़िता ने रिश्वत का ही नहीं हड्डी तोडने का भी आरोप लगा दिया यह



मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में भी है। सच्चाई क्या है यह तो स्वास्थ्य विभाग जाने, लेकिन डॉक्टर चतुर्वेदी की शिकायत मंत्री से लेकर सीएमओ तक कई बार हो चुकी है।

सोमवार को जिलाधिकारी के बाहर एक पीड़िता अपनी मासूम बेटी के साथ पहुंची। महिला ने बताया कि उसका नाम रेशमा है और उसने सरकारी अस्पताल के डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाने शुरू कर दिए। आरोप भी संगीन है पीडिता का कहना है कि करीब दो माह पूर्व उसकी बेटी की हड्डी टूट गई थी जिसके बाद वह सरक.ारी अस्पताल पहुंची आरोप है कि अस्पताल में बच्ची के ऑपरेशन के लिए 25 हजार की मांग की गई महिला ने अपने को गरीब बेसहारा बताया तो ऑपरेशन करने के लिए इंकार किया गया। पीड़िता ने इस मामले की गुहार उच्च अधिकारियों से लगाई थी जहां जिलाधिकारी ने महिला की पीडा को गंभीरता से सुना और बच्ची के इलाज मुफ्त करने के आदेश दिए गए। महिला को यह भी कहा गया था कि बच्ची का इलाज ना हो तो वह दुबारा उनके पास आए। महिला ने कहा कि जब वह अस्पताल पहुंची तो यहां पर उन्हे नाराजगी देखने को मिली। और उसकी बच्ची का इलाज नही हुआ महिला का यह भी आरोप है कि मिन्नते करने पर उससे बाहर का सामान मंगवाया गया जब वह बच्ची को दोबारा चैक करवाने पहुंची तो उसको बताया गया कि बच्ची का गुटना मोडना पडेगा। महिला ने रोते हुए यह भी आरोप लगाया कि डॉक्टर ने बच्ची का गुटना मोडना शुरू किया तो इसी बीच कडाक की आवाज आई जहां बच्ची तडफ उठी और यह भी आरोप है कि बच्ची की हड्डी टूट गई। पीड़िता का कहना है कि घटना के दिन से बच्ची की हालत गंभीर है और वह इलाज के लिए दरदर भटक रही है। फिलहाल अधिकारियों ने उसको न्याय का आश्वासन दिया है।

### गौ संरक्षण को लेकर उठी मांग

# राष्ट्र माता का दर्जा देने और देशव्यापी प्रतिबंध की पैरवी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गौवंश संरक्षण को लेकर क्षेत्र में एक बार फिर आवाज बुलंद हुई। रविवार को आर्य समाज परिसर में आयोजित विशेष हवन यज्ञ के माध्यम से गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने तथा पूरे देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किए जाने की मांग उठाई गई। कार्यक्रम में शामिल गौ भक्तों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार से इस विषय पर ठोस नीति बनाने का आग्रह किया।

हवन यज्ञ वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ, जिसमें देश में गौ संरक्षण को मजबूत करने और शासन-प्रशासन को इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की प्रेरणा मिलने की कामना की गई।

वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है और उनका संरक्षण केवल धार्मिक भावना से जुड़ा विषय नहीं, बल्कि कृषि व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। हवन के उपरांत प्रतिभागियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में संविधान के अनुच्छेद-48 में संशोधन कर देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा प्रदान करने तथा गौ संरक्षण से संबंधित कानूनों को और अधिक सशक्त बनाने की मांग की गई।वक्ताओं ने कहा कि




अलग-अलग राज्यों में गौ संरक्षण संबंधी कानूनों में भिन्नता होने के कारण प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता।

इसलिए पूरे देश में एक समान और कठोर कानून बनाया जाना आवश्यक है, जिससे गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर के संस्थापक पुनीत अरा. ेरा, अनमोल रावत, अभिनव यादववंशी, विवेक रहेजा, मदन छावड़ा, लोकदल नेता धर्मेंद्र तोमर, पूर्व सभासद धर्मेंद्र तोमर, सभासद विशाल तोमर, बंटी शर्मा, सुमित बजरंगी, चंद्रपाल राजपूत, अंकुर प्रजापति सहित बड़ी संख्या में गौ सेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

# डिग्री कॉलेज प्रबंध समिति का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

**रतनपुरी/बुढाना।** राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती के शुभ अवसर पर राजमाता अहिल्याबाई होलकर डिग्री कॉलेज कितास की प्रबंध समिति का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ। कॉलेज परिसर में आयोजित चुनाव प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी के रूप में राजकीय इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर के प्रधानाचार्य आशीष कुमार द्विवेदी और चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में जेवी जैन कॉलेज सहारनपुर के संजय मौर्य उपस्थित रहे। चुनाव के दौरान ट्रस्ट के सभी 31 सदस्य भी मौजूद रहे। सर्व सम्मति से हरबीर सिंह को प्रबंध समिति का अध्यक्ष और सत्येंद्र कुमार को सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। निर्वाचन के बाद उपस्थित पदाधिक. ारियों और सदस्यों ने नव गठित समिति को बधाई देते हुए राजमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों पर चलकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया।




## भोकरहेड़ी नगर पंचायत के वार्ड आठ से हारे प्रत्याशी की इलेक्शन पिटिशन खारिज

**मुजफ्फरनगर।** जनपद की भोकरहेड़ी नगर पंचायत के वार्ड आठ से सभासद का चुनाव लड़े देवराम सिंह की चुनाव याचिका को अपर जिला जज (कोर्ट नंबर 7) ने खारिज कर दिया है। इस वार्ड से निर्वाचित राजेश कुमार और हारे हुए इलेक्शन पिटिशन करने वाले देवराम सिंह को बराबर वोट मिले थे और हार जीत का फैसला लाटरी डालकर किया गया था।

मुजफ्फरनगर में भोकरेड़ी नगर पंचायत के चुनाव के लिए 13 मई 2023 को मतगणना की गई थी। वार्ड 8 की मतगणना में राजेश कुमार और देवराम सिंह को बराबर बराबर 337-337 वोट मिले थे। रिटर्निंग अफसर ने दोनों प्रत्याशियों को बुलाकर हारजीत का फैसला लाटरी से करने का प्रस्ताव रखा तो दोनों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद दोनों के नाम की पर्ची डाली गई तो पर्ची में नाम आने पर राजेश कुमार विजयी घोषित किए गए। बाद में देवराम सिंह ने इसके खिलाफ जिला जज के यहां इलेक्शन पिटिशन दाखिल की और खुद को गलत तरीके से हराने का आरोप लगाया। इस मामले की सुनवाई अपर जिला जज (कोर्ट नंबर 07) ज्योति सिंह के समक्ष हुई। इस मामले में राजेश कुमार की ओर से पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता तेग बहादुर सैनी ने तर्क दिया कि मतगणना के दौरान देव. राम सिंह और राजेश कुमार दोनों ने पर्ची डालकर विजेता का फैसला करने के लिए सहमति दी थी और रिटर्निंग अफसर ने उनके सहमति पत्र पर हस्ताक्षर भी कराए थे, जिसे कोर्ट में दाखिल किया गया। इस मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए पीठासीन अपर जिला जज ने देवराम सिंह की इलेक्शन पिटिशन को खारिज कर दिया है।

## अच्छाई का हुक्म देना बुराई से रोकना धर्म का ज़रूरी हिस्सा है : अहमद



**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला मिर्दगान में एक मीटिंग हुई जिसमें अच्छाई का हुक्म देने और बुराई से रो. कने पर ज़ोर दिया गया। अच्छाई का हुक्म देना व बुराई से रोकना अल्लाह के हुक्म को मानना है और लोगों को अल्लाह की नाफ़रमानी करने से रोकना है। इस मौके पर मुफ़्ती आस मुहम्मद कासमी ने कहा अल्लाह ने पवित्र कुरान में अच्छाई का हुक्म देने व बुराई से रोकने का हुक्म दिया है। अल्लाह कहता है कि तुममें से एक ग्रुप ऐसा होना चाहिए जो लोगों को अच्छाई की ओर बुलाए अच्छे कामों का हुक्म दे और लोगों को बुरे कामों से रोके। ये हर इंसान की ज़िम्मेदारी है। आज हमने इस ज़रुरी ज़िम्मेदारी को अपनी ज़िम्मेदारी मानना घ्बंद कर दिया है जबकि पैगंबर की एक हदीस है कि तुममें से हर एक ज़िम्मेदार है और हर ज़िम्मेदार इंसान से उसकी ज़िम्मेदारी के बारे में पूछा जाएगा। मां बाप से उनके बच्चों के बारे में पूछा जाएगा। राजा से उसकी प्रजा के बारे में और इसी तरह दूसरे ज़िम्मेदार लोगों से उनके मातहतों के बारे में पूछा जाएगा। क्या होगा आज हम समझ गए हैं कि जो कर रहा है वो खुद ही जानेगा और वो खुद देखेगा जबकि हर बुरे काम को होते हुए रोकना हम सबकी ज़िम्मेदारी है अगर हमारे हाथ में ताकत है तो हम उसे ताकत से रोक सकते हैं। हम उसे अपनी ज़बान से रोक सकते हैं और अगर हमारे पास उतनी ताकत नहीं है तो हम उसे अपने दिल से रोक सकते हैं लेकिन आज जो माहौल है जहां हमने अपने दिल से बुरा सोचना और अपनी ज़बान से कहना बंद कर दिया है वो गुमराही व जहन्नुम की तरफ ले जा रहा है। कुरैशी मस्जिद सरधना के इमाम हाफ़िज़ मुहम्मद अहमद ने कहा कि बहुत सी चीज़ें जो समाज के ज़िम्मेदार लोग कर सकते हैं वो इसलिए चुप रहते हैं क्योंकि हम पर बुराई आएगी हालांकि ये पूरी तरह से गलत है। लोगों कुरान पढ़ो और हदीस सुनो। अल्लाह व उसके रसूल क्या कह रहे हैं। इसलिए हम सबको इसे अपनी ज़िम्मेदारी समझना चाहिए। अल्लाह के लिए हर उस काम को रोकना चाहिए जो शरीयत के विरुद्ध है।

## राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार राव सलीम ने रखी पार्टी की बात

**बुढ़ाना।** आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी की ओर से कस्बा बुढ़ाना में सोमवार के दिन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार राव सलीम एडवोकेट ने शिरकत की और आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम एडवोकेट के नेतृत्व में आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी की नीतियों और आगामी योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी दी। प्रेस वार्ता के दौरान राव सलीम एडवोकेट ने आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के सामा. जिक और राजनीतिक उद्देश्यों पर पूरा प्रकाश डालते हुए कहा है कि आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी का मकसद समाज के हर वर्ग को न्याय, समानता और विकास के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने आम जनता से भी आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी से जुड़कर सामाजिक बदलाव में भागीदारी करने की भी अपील की। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से आल इंडिया आवाम ए हिद पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स0 10700/ 15.11.10 में गलती से माता का नाम सीमा व पिता का नाम सोनू अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम क्रमशः सीमा रानी व रविन्द्र कुमार है और भविष्य मे भी इन्ही नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**रविन्द्र कुमार, गली न० 2 बचन सिंह कॉलोनी मुजफ्फरनगर**

# एसडी मैनेजमेंट में बीबीए प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बी. बी. ए. प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषित होने के उपरांत कॉलेज परिसर में उत्साह एवं खुशी का वातावरण देखने को मिला । विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धियों पर कॉलेज प्रशासन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल एवं बी. बी. ए. विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह द्वारा किया गया ।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विद्यार्थियों को सफलता की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास एवं जीवन में सफलता प्राप्त करने का आधार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने एवं अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया । बी.बी.ए. विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन शिक्षा विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान एवं कौशल का उपयोग समाज एवं देश के विकास में करने के लिए प्रेरित किया । बी.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाग गौरवान्वित किया । प्रथम स्थान स्पर्श चौधरी ने 81.29 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया। द्वितीय स्थान मानस्वी त्यागी ने 80.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान श्रुति पुंडीर ने 79.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया। कॉलेज परिवार द्वारा सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्पर्श चौधरी ने बताया कि भविष्य में वह प्रबंधन क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर एक सफल बिजनेस मैनेजर एवं उद्यमी बनना चाहते हैं। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली मानस्वी त्यागी ने कहा कि कॉलेज का शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षकों का सकारात्मक मार्गदर्शन उन्हें सदैव प्रेरित करता रहा। मानस्वी ने बताया कि भविष्य में वह एम.बी. ए. कर कॉर्पोरेट सेक्टर में कार्य करना चाहती हैं तथा मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती हैं। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली श्रुति पुंडीर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों, शिक्षकों एवं मित्रों को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार के सहयोग एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन ने उन्हें इस उपलब्धि तक पहुँचने में सहायता प्रदान की । श्रुति ने बताया कि वह भविष्य में वित्तीय प्रबंधन एवं बैंकिंग क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती हैं तथा उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश की आर्थिक प्रगति में योगदान देना चाहती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है । इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कॉलेज का सकारात्मक वातावरण एवं शिक्षकों का निरंतर सहयोग उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है ।

विद्यार्थियों ने कहा कि वे भविष्य में अपने ज्ञान एवं कौशल के माध्यम से समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देना चाहते हैं । कार्यक्रम के दौरान बी.बी. ए. विभाग के सभी शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इनमें डॉ. संगीता गुप्ता, दीपक गर्ग, मोहम्मद अंजर, संजय शर्मा, सो. निका, पूरवी, प्राची, रोहन त्यागी, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान एवं लवी वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त हुए एमडीए के जूनियर इंजीनियर

**बुढाना।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत इंजीनियर विनय कुमार गर्ग के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें एक सादे समारोह में सम्मानित किया गया। सेवा. निवृत्ति समारोह में आईएएस एजुक. ेशनल हेल्थ एंड सोशल इशूज ट्रस्ट के संस्थापक इंजीनियर मोहम्मद अरशद शाह ने इंजीनियर गर्ग को सम्मान पत्र भेंटकर उनकी सेवाओं को सराहा। इंजीनियर मोहम्मद अरशद शाह ने कहा कि विनय कुमार गर्ग ने अपने सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और लगन से दायित्वों का निर्वहन किया और मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने इंजीनियर गर्ग के स्वस्थ्य, सुखमय और समृद्ध सेवा. निवृत्त जीवन की कामना की उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर खाटू श्याम धाम पहुंचे 46 श्रद्धालु

**बुढ़ाना।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड नगर इकाई बुढाना की ओर से 46 धर्म प्रेमियों का जत्था खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुआ। व्यापार मंडल बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के मार्गदर्शन में आयोजित इस यात्रा में श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। बीती रविवार सुबह 7 बजे शनि मंदिर के पास से डीलक्स बस द्वारा श्रद्धालु खाटू धाम के लिए रवाना हुए। खाटू में पहुंचकर सभी ने सरोवर में स्नान किया और फिर श्याम बाबा के मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया जिसके बाद भक्तों ने बड़े श्रद्धाभाव से भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक यात्रा में मुख्य रूप से राहुल कुमार एडवोकेट, अमित गर्ग, लाला राज. कुमार, बबीता, बेदो, शांति, शालिनी, कुसुम और स्नेह आदि सहित 46 श्रद्धालु शामिल रहे। बुढ़ाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने मीडिया को बतलाया कि व्यापार मंडल बुढ़ाना के द्वारा समय समय पर ऐसी धार्मिक यात्राओं का आयोजन किया जाता है ताकि समाज में धार्मिक भावना और आपसी एकता को खूब बढ़ावा मिल सके।




# बीएसए आफिस में लगाया गया पुरस्कृत शिक्षकों के नाम का शिलापट

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय व राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर सोसाइटी मंडल सहारनपुर की एक मीटिंग का आयोजन बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय जनपद मुज़फ्फरनगर में किया। मीटिंग का संचालन राष्ट्रीय पुरस्कृत शिक्षक ब्रजपाल राठी के द्वारा किया गया। मीटिंग में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार सिंह रहे। बैठक में पुरस्कृत शिक्षको द्वारा बारी बारी से अपने विचार रखे गए। बैठक में पुरस्कृत शिक्षको की मूलभूत आवश्यक्ताओं पर चर्चा की गई। केन्द्र की तरह तीन साल सर्विस मे वृद्धि व व्यैक्तिक वेतन के स्थान पर एक वेतन वृद्धि व डिजिटल कार्ड तथा टोल टैक्स, हाउस टैक्स व वाटर टैक्स से फी रखने आदि मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद मुज़फ्फरनगर के समस्त राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कृत शिक्षको के नाम का शिलापट बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित समस्त शिक्षको की उपस्थिति में लगवाया गया। जिसके उपरांत पुरस्कृत शिक्षको द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का आभार प्रकट किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने सम्मानित शिक्षकों को संबोधित करते हुए आह्वान किया कि वें सभी समाज में सकारात्मक वेव्ज़ के साथ कार्य करें और शासन के साथ-साथ शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमो जैसे निपुण भारत, इको क्लब, स्कूल चलो अभियान में सहयोग करें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नें पुरुस्कृत अध्यापकों को सुझाव देते हुए कहा कि नवाचारी शिक्षकों की टीम बनाकर नई - नई शिक्षण विधाओं को विद्यालयों में लागू करें और आप सब में जो रिटायर हैं विद्यालयों में जाकर मनोयोग से सहयोग करें। शिक्षा विभाग का दरवाजा आपके लिए हमेशा खुला है। सोसाइटी के संरक्षक महावीर सिंह, मंत्री ऋषि पाल, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला अध्यक्ष जनपद शामली अजय मलिक, व जनपद मुज़फ्फरनगर के राजेंद्र भारसी, सीताराम, बृजपाल सिंह राठी, निर्मला जैन, जग्श्वेवर दास, सीता देवी, बृजबाला गुप्ता, प्रेम दत्त, स्वदेश चौधरी, तेजपाल सिंह, राज. श्वेरी कौशिक, शकुंतला देवी, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, डॉक्टर सविता शर्मा, गीता रानी, अखलाक अहमद, रीना सिंह डॉक्टर सोनिया कुमारी, हिदायतुल्लाह आदि राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कृत शिक्षक उपस्थित रहें। कार्यक्रम के संयोजक पूर्वी पाठशाला के पूर्व प्रधानाध्यापक सीताराम रहे।



## युवाओं ने एसडीएम जानसठ को सौंपा ज्ञापन

**मीरापुर।** नवनियुक्त उपजिला. धिकारी जानसठ रश्मि लाम्बा का कस्बे के युवाओं ने स्वागत करते हुए उन्हें मीरापुर की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। दानिश कुरैशी के नेतृत्व में युवाओं का एक प्रतिनिधिमंडल जानसठ पहुंचा और उपजिलाधिकारी को पुष्प भेंट कर उनका सम्मान किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मीरापुर में जलभराव, साफ-सफाई की खराब व्यवस्था, पर्याप्त स्ट्रीट लाइटों की कमी तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग उठाई। युवाओं ने बताया कि इन समस्याओं के कारण कस्बावासियों को दैनिक जीवन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उपजिलाधिकारी रश्मि लाम्बा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

# नैनो उर्वरकों पर जनपद स्तरीय गन्ना संगोष्ठी सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** गन्ने की फसल में उत्पादन बढ़ाने और मृदा स्वास्थ्य सुधारने के उद्देश्य से सोमवार के दिन जनपद मुजफ्फरनगर के गन्ना किसान संस्थान में नैनो उर्वरकों पर आधारित जनपद स्तरीय गन्ना संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि जिला गन्ना अधिकारी संजय शिशोदिया रहे जबकि इफको से अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उप महाप्रबंधक ब्रजवीर सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए क्षेत्रीय अधिकारी ईश्वर सिंह ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों की मौजूदा स्थिति से अवगत कराया।

उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर सागरिका तरल, तरल कंसोर्टिया और जल विलेय उर्वरकों के उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी साथ ही जैविक खेती, हरी खाद, जीवांश खाद, गोबर की खाद और फसल चक्र अपनाकर फसल, मृदा स्वास्थ्य और देश की आर्थिक स्थिति सुधारने पर जोर दिया।

उप महाप्रबंधक ब्रजवीर सिंह ने किसानों को सलाह दी कि गन्ने के बीज का उपचार नैनो डीएपी से 10 मिली प्रति लीटर पानी की दर से किया जाए। नैनो यूरिया का 05 मिली प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करने से फसल पर अच्छा असर मिलेगा। उन्होंने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और सागरिका के उपयोग को अपनाने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने नैनो उर्वरकों पर मिलने वाली संकट हरण बीमा योजना की भी जानकारी दी जिसके तहत प्रति बोतल 10 हजार और अधिकतम 20 बोतलों पर 2 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिलेगा। जिला गन्ना अधिकारी संजय शिशोदिया ने नैनो उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। इफको एमसी से टीएमई विनीत कुमार ने गन्ने में लगने वाले रोगों और कीटों की जानकारी देकर उनके समाधान के लिए उपयुक्त रसायनों के बारे में बताया। कार्यक्रम में गन्ना समितियों के ज्येष्ठ गन्ना अधिकारी, सचिव, सुपरवाइजर और सभी गोदाम प्रभारी सहित लगभग 70 लोग मौजूद रहे। इफको से एसएफए सक्षम सिंह, हॉटस्पाट एसएफए आयुष राठी और इफको एमसी से शिवम चौधरी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# एसएसपी ने किया नियन्त्रण कक्ष का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जनपद के नगर नियंत्रण कक्ष एवं ऑपरेशन दृष्टि सेल का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने नियंत्रण कक्ष में स्थापित संचार व्यवस्था, प्राप्त होने वाली सूचनाओं के निस्तारण की प्रक्रिया तथा नगर क्षेत्र में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज का अवलोकन कर उनकी कार्यशीलता एवं मॉनिटरिंग व्यवस्था की जांच की गई।

साथ ही कैमरों की कवरेज, रिकॉर्डिंग व्यवस्था तथा यातायात एवं कानून-व्यवस्था की निगरानी संबंधी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। एसएसपी ऑपरेशन दृष्टि (त्रिनेत्र) सेल का निरीक्षण करते हुए जनपद में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग, उनके रख-रखाव तथा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की पहचान में उनके प्रभावी उपयोग के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सूचनाओं का प्रभावी विश्लेषण कर अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नियंत्रण कक्ष एवं त्रिनेत्र सेल में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सतर्कता के साथ करने, आमजन से प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुख्रढ़ बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।



**सूचना**

मेरा पुत्र सचिन व विनय व पुत्रवधू मोनिका पत्नी सचिन गलत संगत में पड़ गये है। तथा मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं उसकी गलत हरकतों से तंग व परेशान होकर मैंने व मेरे अन्य परिवारजनों ने सचिन व विनय व पुत्रवधू मोनिका पत्नी सचिन से अपने पारिवारिक रिश्ते पूरी तरह समाप्त कर उन्हें अपनी चल. व अचल सम्पति से बेदखल दिया है। यदि यह किसी से कोई लेन-देन लड़ाई-झगडा, कानूनी अथवा गैर कानूनी कार्य करते है तो उसके लिए ये स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरी व मेरे अन्य परिवारजनों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**वीरसैन पुत्र श्याम सिंह निवासी 806/13 जनकपुरी थाना सिविल लाईन, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र रियाजुदीन व उसकी पत्नी श्रीमती नाजिश मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं गलत संगत में पड़ गए है तथा मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। इसलिए मैने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनसे मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**महराजुदीन पुत्र रेशुदीन उर्फ रहीशुदीन निवासी-म.नं. 930/465 , लद्वावाला थाना कोतवाली नगर, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर।**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरी छोटी पुत्री कु. नाजिया मेरे कहने सुनने में नही है। कु.नाजिया, अरसलान पुत्र इस्लाम निवासी पुरकाजी के साथ सोने के कुण्डल व सोने की अंगूठी, चांदी की एक जोडी पाजेब लेकर दिनांक 16.05.2026 को कही चली गई है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने कु.नाजिया से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपनी पुत्री कु. नाजिया को अपनी समस्त चल -अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद कु.नाजिया के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन आदि के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति गुलिस्ता प्रवीन पत्नी स्व. सलीम अहमद निवासी म.न.153 पुरकाजी थाना पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा छोटा लड़का सन्दीप व उसकी पत्नि अंकिता मेरे कहने सुनने में नहीं रहे हैं। सन्दीप व अंकिता के बीच आये दिन विवाद रहता है। काफी समझने की बाद भी वे अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। इसलिये मैने छोटे लड़के सन्दीप व उसकी पत्नी अंकिता को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। इनके किसी भी लेनदेन व अपराधिक कृत्य के ये स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**मुकेश पत्नी मदनपाल निवासी- ग्राम सम्भलहेडा थाना मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

में अली हसन पुत्र गाजूदीन निवासी ग्राम सफीपुर पट्टी चंधेडी रोड बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र वसीम मेरे कहने सुनने में नही है। उसने मेरी बिना मर्जी के पंजाब के चंडीगढ़ के जिला पंचकूला के थाना सेक्टर 5 क्षेत्र के सेक्टर 1 में गोल्ड पंचकूला खड़क कालोनी गेट नंबर 3 निवासी रिहान की पुत्री शफीरा से शादी कर ली। इससे मेरी समाज में छवि धूमिल हुई है। अब मेरा पुत्र वसीम व पुत्रवधू मुझे तंग करते हैं। अपराधिक पृवत्ति के लोगों में उठते बैठते हैं। जिससे में बहुत परेशान हूं। इसलिए में अपने पुत्र वसीम व पुत्र वधू शफीरा को अपनी सब चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। अगर दोनों भविष्य में किसी से कोई लेन देन या ग़लत कृत्य करते हैं तो दोनों की खुद की जिम्मेदारी होगी। मेरी या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

# कोई भी भवन परिवार और प्रतिष्ठान जनगणना प्रक्रिया से वंचित न रहे : एसडीएम जानसठ

**जानसठ।** नगर पंचायत जानसठ क्षेत्र में चल रही जनगणना प्रक्रिया के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं भवन गणना (एचएलबी) का कार्य तेजी से प्रगति पर है। जनगणना कार्य को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से अधिक. ारियों द्वारा लगातार निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी भवन, परिवार अथवा प्रतिष्ठान सूचीकरण से वंचित न रह जाए।

जनगणना विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर क्षेत्र में घर-घर जाकर भवनों, आवासीय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का विवरण एकत्र किया जा रहा है। इस दौरान प्रगणकों द्वारा प्रत्येक भवन की जानकारी दर्ज की जा रही है, जबकि पर्यवेक्षकों द्वारा कार्य की नियमित निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में नगर पंचायत क्षेत्र में पूर्ण किए गए हाउस लिस्टिंग एवं भवन गणना कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह विशेष रूप से देखा गया कि कहीं कोई भवन छूट तो नहीं गया है तथा किसी भवन का विवरण दोबारा दर्ज तो नहीं किया गया है। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य पूरी सावधानी और सटीकता के साथ संपन्न किया जाए, क्योंकि जनगणना के आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और सरकारी नीतियों के निर्माण का आधार होते हैं। निरीक्षण के दौरान प्रगणक सविता भारती, सहायक अध्यापिका, गोमती कन्या इंटर कॉलेज जानसठ, पर्यवेक्षक गौरव कुमार तथा नगर पंचायत जानसठ के कर्मचारी विकास धीमान मौजूद रहे। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए अभिलेखों का मिलान किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक परिवार और भवन का सही विवरण दर्ज किया जा रहा है, जिससे



भविष्य में विकास योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि जनगणना टीम को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहयोग करें।स्थानीय नागरिकों ने भी जनगणना टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सटीक जनगणना से क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन संभव होगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास में मदद मिलेगी। जनगणना कार्य के सफल संचालन को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र में सक्रियता का माहौल बना हुआ है।

## डा.शिवराज इंटर कॉलेज में अब होगी इंगलिश मीडियम में पढ़ाई

**मुज़फ्फरनगर।** डॉ शिवराज सिंह इंटर कॉलेज, रामपुरी , को अंग्रेजी माध्यम की कक्षा 12 तक मान्यता प्राप्त हुई। डॉ शिवराज सिंह इंटर कालेज , रामपुरी के प्रबंधक डॉ विपिन कुमार सिंह ने बताया कि शासन द्वारा विद्यालय को कक्षा 12 तक अंग्रेजी माध्यम कि मान्यता प्रदान की गई है ।अब विद्यालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के साथ -साथ शहरी क्षेत्र के छात्र / छात्राओं को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी। प्रबन्धक डॉ विपिन कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय में छात्र/ छात्राओं के लिए स्मार्ट क्लास रूम के साथ -साथ कंप्यूटर शिक्षा,खेल कूद, व्यायाम आदि के लिए प्रशिक्षित अध्यापक/अध्यापिका नियुक्त है।

डॉ शिवराज सिंह इंटर कालेज,रामपुरी,मुज़फ्फरनगर क्षेत्र के अग्रणी विद्यालयों में से एक है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत

**भोपा।** जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल के आवास पर पहुंचे प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का स्वागत किया गया। जहां पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जारी विकास योजनाओं के प्रचार प्रसार पर चर्चा की गयी।

भोपा में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल के आवास पर पहुंचे प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का स्वागत करते हुए उन्हें शुकतीर्थ दर्शन का एक चित्र भेंट किया गया जहां जिला पंचायत अध्यक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष से पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की बड़ी जीत को सुनिश्चित करने प्रदेश में जारी विकास योजनाओं के प्रचार प्रसार



करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई व क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की गई विधानसभा अध्यक्ष ने समस्याओं के निवारण व क्षेत्र के विकास का आश्वासन दिया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक रामकुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष अरुण पाल सिंह, राजकुमार छाबड़ा, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### गोली कांड में दम्पति को मिली राहत

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने पंचशील कालोनी गोलीकांड के मामले में सुनवाई करते हुए दम्पत्ति को अन्तरिम जमानत दे दी है।

कोर्ट में पंचशील कालोनी गोली कांड में जमानत की सुनवाई चल रही थी। सोमवार को दोनों पक्षों के वकीलों ने न्यायधीश के समक्ष अपने-अपने तर्क रखे और घटना से सम्बन्धित कुछ सबूत भी पेश किये गये। बताया गया है कि अभियोजन की ओर से डीजीसी क्रिमनल राजीव शर्मा व अधिवक्ता अनिल जिंदल रहे और उन्होनें घटना से सम्बन्धित कुछ सबूत पेश किये। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से मांगा गया समय में अगली सुनवाई 16 जून नियत की गई है जबकि अन्तरिम राहत दे दी गई। इसमें कहा गया कि छाया मित्तल को झूठे आरोप में नामजद किया गया जबकि दोनों ही कई बीमारियों से ग्रस्त है। इस मामले में चिकित्सा सम्बन्धी कागजात भी पेश किये गये। कोर्ट में बताया गया कि 25 मई 2026 को अनंतविजय मित्तल अपने पुत्र यशराज के साथ वादी के घर पहुंचा था और यहां पर विवाद हुआ जहां रिवाल्वर निकालकर फायर कर दिया गया जिसमें वादी की पत्नी क्षमा मित्तल, वादी के भाई की पत्नी सविता मित्तल व उसके भाई की पुत्रवधू अपूर्वा मित्तल गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। इस पूरे प्रकरण में बताया गया कि अनंतविजय मित्तल का विवाह वर्ष 2012 में राधिका मित्तल से हुआ था और कुछ समय से दोनों पक्षों में मुकदमा चल रहा है। **अदालत ने क्या कहा** सत्र न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि इस स्तर पर यह स्पष्ट है कि नवनीत मित्तल और छाया मित्तल घटना के समय मौके पर मौजूद नहीं थे। उनके विरुद्ध मुख्य आरोप केवल उकसाने का है। साथ ही दोनों की आयु और स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों को भी ध्यान में रखा गया। अदालत ने आदेश दिया कि नवनीत मित्तल और छाया मित्तल को 16 जून तक अंतरिम अग्रिम जमानत पर रिहा रखा जाए। उन्हें विवेचना में पूरा सहयोग करने तथा बिना न्यायालय की अनुमति देश नहीं छोड़ने की शर्तों का पालन करना होगा। गौरतलब है कि पंचशील कॉलोनी में हुई इस फायरिंग की घटना ने पूरे जनपद में सनसनी फैला दी थी। महिलाओं का उपचार मेरठ में चल रहा है और उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### नाबालिग बेटी लापता

**रतनपुरी/बुढ़ाना।** एक गांव से एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। पीडित पिता की तहरीर पर रतनपुरी पुलिस ने तुरन्त रिपोर्ट दर्ज करते हुए रहस्यमय तरीके से गायब हुई नाबालिग किशोरी की तलाश शुरु कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार रतनपुरी थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी एक ग्रामीण ने रतनपुरी पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उनकी नाबालिग पुत्री दिन में ही अपने घर से लापता हो गई। हमने अपनी नाबालिग पुत्री को लगभग सभी रिश्तेदारियों में तलाश कर लिया लेकिन उसका कोई भी पता नहीं चल पाया है। तहरीर में पीड़ित ग्रामीण ने आरोप लगाया है कि उनके ही गांव का ही गौरव कश्यप पुत्र प्रताप अक्सर उनकी बेटी के मोबाइल फोन पर काल्स करता रहता था। आशंका है कि गौरव कश्यप ही उनकी नाबालिग बेटी को फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उधर रतनपुरी पुलिस ने पीड़ित ग्रामीण की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि रहस्यमय ढंग से गायब हुई बच्ची की बरामदगी के लिए टीम गठित कर दी गई है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की बारीकी से जांच की भी जा रही है। जल्द ही रहस्यमय तरीके से गायब किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। परिजनों ने इस मामले में अनहोनी की आशंका जताई है।

### टिकौला में गरीबों और विधवाओं को वितरित की मच्छरदानियां

**रामराज।** थाना क्षेत्र के ग्राम टिकोला में समाजसेवा की एक सराहनीय पहल के तहत पूर्व प्रधान नाहर सिंह एडवोकेट द्वारा वृद्ध विधवाओं, जरूरतमंद महिलाओं एवं गरीब परिवारों को मच्छरदानियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को प्रसाद भी वितरित किया गया तथा कार्यक्रम में सहयोग करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। पूर्व प्रधान नाहर सिंह एडवोकेट ने कहा कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना उनका दायित्व है। उन्होंने बताया कि शीतकाल के दौरान उनके द्वारा गरीबों को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबलों का वितरण किया गया था। अब गर्मी और बरसात के मौसम में मच्छरों की संख्या बढ़ने से विभिन्न बीमारियों का खतरा रहता है, इसलिए लोगों को मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानियां वितरित की गई हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान शिव मंदिर के पुजारी सुंदर गिरी, राजकुमार, प्रेमपाल, बेरी, सुरेश्वती, रामपाल, सुखवीर, माया देवी, वीरमती सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर दर्जनों जरूरतमंद लोगों को मच्छरदानियां वितरित की गईं।

### खेड़ी सराय में भाकियू अराजनैतिक का संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित

**मीरापुर।** जानसठ क्षेत्र के ग्राम खेड़ी सराय में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के तत्वावधान में संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष विवेक भाटी भुम्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मेरठ से पहुंचे किसान नेता कुश चौधरी ने किसानों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और किसान हितों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता तैय्यब चौधरी ने की, जबकि संच. ालन नगर अध्यक्ष जानसठ नफीस मेंबर ने किया। इस अवसर पर संगठन के विस्तार के तहत अफजल चौधरी को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का ब्लॉक उपाध्यक्ष, जानसठ मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर उपस्थित किसानों और पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ताओं ने कहा कि किसान हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है और किसानों की आवाज को प्रशासन एवं सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने किसानों से संगठन से जुड़कर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आशीष शर्मा द्धग्राम अध्यक्ष निठारीत्रः, अश्वनी कुमार, विवेक रुमाल. पुरी, तैमूर, आयान राजपूत, हाजी तैमूर, इसरार राणा, अंसार खान, शराफत अली, नाजिम चेयरमैन, गुड्डू, आश मोहम्मद, इकरार, शादाब, सरफराज, राशिद, तस्लीम, इरफान सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गवाही देने पर रंजिश के तहत घर में घुसकर की मारपीट

**बुढ़ाना।** पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट व धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 4 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सफीपुर पटी निवासी गुलजार पुत्र तहसीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हाजी अन्नू पुत्र घसीटा की तरफ से उसने पहले एक मामले में गवाही दी थी। इसी रंजिश के चलते महताब व उसके 3 पुत्र उससे नाराज चल रहे थे। गुलजार का आरोप है कि बीती रविवार को महताब और उसके पुत्र एक राय होकर उसके मकान में घुस आए और उसके साथ लात घूसों से मारपीट की। मारपीट में उसे काफी चोटें आईं और गर्दन पर भी निशान हैं। शोर सुनकर जब उसकी पत्नी सना और भाभी रेशमा पत्नी जुनैद बचाने आई तो आरो. पियों ने उनके साथ भी हाथापाई और गाली गलौज की। पीड़ित ने बताया कि लोगों के जमा होने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर में उसने अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग भी की है। पुलिस ने गुलजार की तहरीर पर महताब व उसके पुत्रों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर बुढाना पुलिस का कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। दूसरी और दूसरे पक्ष के महताब ने भी गुलजार पर आरोप लगाए हैं।

## आनंद स्वरूपानन्द महाराज

ब्रह्मलीन स्वामी केशवानंद महाराज के परम शिष्य आनंद स्वरूपानंद महाराज को आश्रम का नया पीठाधीश्वर बनाया गया है आनंद स्वरूप आनंद महाराज उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के गुलावटी कस्बे के निवासी हैं जो पिछले लगभग 35 वर्षों से आश्रम में रहते हैं जिनको ब्रह्मलीन स्वामी द्वारा दीक्षा दी गई।आनंद स्वरूपानन्द सरल स्वभाव वाले तथा ब्रह्मलीन महाराज के परम् सेवक तथा प्रिय शिष्य माने जाते हैं।आश्रम से उनका लगाव तथा सेवाभाव प्रसिद्ध है।

## स्वामी विज्ञानन्द महाराज

स्वामी विवेकानंद महाराज को सहायक के रूप में बनाया गया है स्वामी विज्ञानन्द महाराज अवध क्षेत्र निवासी हैं जो पिछले चार वर्षों से आश्रम में रहते हैं। स्वामी विज्ञानन्द महाराज को परम ज्ञानी,मृदु भाषी,सरल स्वभाव, सुख्रढ़ व्यवस्थापक के रूप में जाना जाता है।?

# साधु सुगन्ध है जो व्यापक होता है : सतीश महाना


**मोरना।** शुकतीर्थ में स्थित हनुमंतधाम में सोमवार को पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के महामंडलेश्वर ब्रह्मलीन स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज की षोडसी का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर पहुंचे साधु-संतों,प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष,जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं श्रद्धालुओं श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

शुकतीर्थ के प्रसिद्ध हनुमन्तधाम आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्रदास वासु देवाचार्य ने कहा कि परोपकार से बढ़कर कोई पुण्य नहीं होता महापुरुषों का जीवन जगत कल्याण को समर्पित होता है वृक्ष अपना फल स्वयं नहीं खाते ऐसे ही साधु का जीवन भी दूसरों के कल्याण के लिए ही होता है। महामंडलेश्वर गीता मनीषी ने कहा कि शरीर पांच तत्व से मिला है और पंच तत्व में विलीन हो जाता है। जिन महापुरुषों की कीर्ति गए जाती है वह हमेशा जीवित रहते हैं। ब्रह्मलीन स्वामी हमारे मध्य में ही उपस्थित हैं। उनका आशीर्वाद सदैव बना रहेगा।

अटल पीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी विश्वात्मानन्द महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी केशवानन्द सरस्वती महाराज का जीवन वट वृक्ष की भांति रहा ।यह कल्पवृक्ष सदैव सुख की छाया देता रहेगा यहां जो भी आएगा उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होगी।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि ब्रह्मलीन संत ने सुख तीर्थ के विकास के लिए अपना जीवन समर्पित किया उन्होंने सात अरब राम नाम मयी 77 फीट ऊंची विशाल हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की। विश्व प्रसिद्ध नक्षत्र वाटिका की स्थापना करने व मां गंगा की मुख्य धारा को शुकतीर्थ में के लिए कार्य किया उनका आशीर्वाद सदैव बना रहेगा वह एक सरल स्वभाव के संत थे।उनकी स्मृति में आश्रम में एक विशाल सत्संग भवन का निर्माण कराया जाएगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी महामंडलेश्वर केशवानंद सरस्वती महाराज की विशेष कृपा से हनुमत धाम के माध्यम से शुकतीर्थ का नाम लगातार ख्याति पा रहा है प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हनुमत धाम तथा ब्रह्मलीन स्वामी के बारे में चर्चा करते रहते हैं।शुकतीर्थ विकास के लिए ब्रह्मलीन संत निरन्तर कार्य करते रहे हैं।

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी शानानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि शरीर ब्रह्म स्वरुप है जो ब्रह्मलीन हो जाता है ब्रह्मलीन स्वामी हमेशा आनंदमय में रहते थे।आनंद की अनुभूति वही करेगा जो दुखों से दूर हो ब्रह्म से उत्पन्न होने वाला ब्रह्म में ही मिल जाता है। कहा जाता है।भोजन मात्रा में करना चाहिए और भजन में बिना मात्रा के करना चाहिए। गिरधर गिरी महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी का जीवन सरल अवस्था में रहा उनके सानिध्य में आकर व्यक्ति की थकान उतर जाती थी वह कभी नकारात्मक नहीं बोलते थे सदैव ही सकारात्मक बोलते थे। सांसद चंदन चौहान ने ब्रह्मलीन सन्त को एक महा पराक्रमी संत बताते हुए कहा की वह धार्मिक, सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा ही अग्रसर रहते । जिला



पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि हनुमन्तधाम आश्रम में जो भी आता है उसको भोजन ,आश्रय दोनो मिलतेहै। ब्रह्मलीन स्वामी विराट हृदय वाले थे। वहीं ब्रह्मलीन सन्त के परम् शिष्य आनंद स्वरूपानंद महाराज को आश्रम का नया पीठाधीश्वर बनाया गया तथा विज्ञानन्द महाराज को उनका सहायक मनोनीत किया गया साधु संतों ने चादर भेंट कर आनंद स्वरूपानंद महाराज का स्वागत किया। स्वामी सुखदेव आश्रम के अधीष्ठा स्वामी ओमनानन्द महाराज ने स्वामी आनंद स्वरूपानन्द महाराज को शॉल पहनाकर, तिलक कर स्वागत किया। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमे हज़ारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष आर के टंडन,जगद्गुरु स्वामी भैया दास महाराज, साध्वी प्राची, साध्वी आनंद भारती, स्वामी गीतानंद तीर्थ, महामंडलेश्वर स्वामी गोपाल दास महाराज, स्वामी विष्णु आचार्य, स्वामी रुवानन्द तीर्थ, स्वामी गंगेशरानंद महाराज स्वामी सच्चीदानंद पुरी, कथा व्यास मनोज अवस्थी, विष्णु दत्त मिश्रा, स्वामी गोपालानंद पुरी, अटल पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विश्वात्यानन्द महाराज, स्वामी कमल पुरी महाराज, स्वामी प्रेमानंद महाराज, स्वामी आनंद चौतन्य महाराज, स्वामी शिव प्रेमानंद महाराज, स्वामी आत्मानंद पुरी महाराज, स्वामी कमला नंद महाराज, स्वामी दिव्यानंद गिरि महाराज, स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती महाराज, स्वामी गिरिधर गिरी महाराज, स्वामी चिदम्बरानंद सरस्वती महाराज, स्वामी विनय स्वरूपा नंद सरस्वती महाराज,स्वामी अभयानन्द सरस्वती महाराज, स्वामी विवेकानंद गिरी महाराज, स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी महाराज, स्वामी चंद्रशेखरानंद, स्वामी विद्या गिरी महाराज, स्वामी प्रेमानंद महाराज, स्वामी विवेकानंद सरस्वती महाराज, स्वामी जय किशन गिरी महाराज, स्वामी याति नांद्रानंद गिरी महाराज, मनोहर लाल शर्मा,अमित राठी,विनोद शर्मा, अमरीश गोयल अजय कृष्ण शास्त्री, विजय कुमार, कृष्ण कुमार बंसल, कँवरसैन गोयल,रामकुमार शर्मा , एसडीएम रश्मि लाम्बा आदि उपस्थित रहे।

# सड़क पर तड़प रहे युवक के लिए फरिश्ता बनीं सीओ रूपाली राव

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र में सोमवार सुबह मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का एक ऐसा उदाहरण देखने को मिला, जिसने लोगों का दिल जीत लिया। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की जान बचाने के लिए क्षेत्राधिकारी द्धसीओत्रः खतौली रूपाली राव ने जिस तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय दिया, उसकी क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह एक युवक बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके सिर पर गहरी चोट आई और वह सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी।

इसी दौरान मुजफ्फरनगर स्थित अपने आवास से कार्यालय के लिए खतौली आ रही सीओ रूपाली राव की नजर सड़क किनारे पड़े घायल युवक पर पड़ी। उन्होंने बिना समय गंवाए अपना वाहन रुकवाया और मौके पर पहुंचकर युवक की हालत का जायजा लिया। स्थिति गंभीर देखते हुए उन्होंने तुरंत घायल को अपनी सरकारी गाड़ी में लेटवाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने के बाद भी सीओ रूपाली राव ने चिकित्सकों से तत्काल उपचार शुरू करने को कहा तथा घायल को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उनकी त्वरित कार्रवाई के चलते युवक को समय रहते चिकित्सा सहायता मिल सकी। चिकित्सकों के अनुसार युवक के सिर में गंभीर चोट आई है और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस दौरान मौके पर मौजूद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव नितिन कटारिया ने भी घायल युवक को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया।

उन्होंने सीओ रूपाली राव के इस मानवीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे संवेदनशील अधिकारी समाज में प्रशासन के प्रति विश्वास को मजबूत करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीओ रूपाली राव ने अपने व्यवहार और




कार्यशैली से यह साबित कर दिया कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली संस्था ही नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में लोगों की मदद के लिए भी सदैव तैयार रहती है। उनके इस सराहनीय कदम की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है और लोग इसे मानवता, संवेदनशीलता तथा कर्तव्यपरायणता का उत्कृष्ट उदाहरण बता रहे हैं।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कर सहयोग का दिया आश्वासन

**मोरना।** गांव छछरौली में आयोजित सम्मान समारोह में उच्च अंक प्राप्त करने वाले गांव निवासी 9 विद्यार्थियों का गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शील्ड व पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया। मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव छछरौली में सेवानिवृत्ति वीडियो भारतवीर सिंह क्या वास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उच्च अंक प्राप्त करने वाली सीबीएसई बोर्ड की छात्रा वंशिका राठी द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा में 94.4 प्रतिशत, निहारिका राठी 94 प्रतिशत, व बी कॉम के छात्र रुद्र प्रताप 87 प्रतिशत तथा यू



पी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में विज्ञान वर्ग में वैष्णवी राठी 90 प्रतिशत,राशि 79 प्रतिशत,उवैश 75.2 प्रतिशत, हाईस्कूल परीक्षा विज्ञान वर्ग में साक्षी 77 प्रतिशत ,शगुन 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में भारतवीर ने कहा कि विकास का माध्यम केवल शिक्षा है। बच्चों के उत्सवर्धन को इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे। नरेंद्र राठी ने कहा कि गांव में एक समिति गठित कर प्रतिभावान बच्चों का सहयोग किया जाएगा।डॉ. नेपाल सिंह में कहा कि बच्चे मोबाइल का अनावश्यक प्रयोग बंद करें तथा पढ़ाई पर ध्यान लगाए। जयप्रकाश फौजी ने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारी अपना विशेष सहयोग दे सकते हैं बिना किसी शुल्क के वह ज़रूरतमंद बच्चों को प्रशिक्षण दे सकते हैं। रामानंद सागर ने कहा कि समय का सदुपयोग कर बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े।वीरेंद्र सिंह प्रधान ने कहा कि बालिकाएं लगातार अच्छे परिणाम दे रही है जिसके लिए उन्हें बधाई,मोरना प्रधान सर्वेंद्र राठी ने कहा कि मेहनती बच्चों का सहयोग उनके द्वारा किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से राजीव राठी,देववीर सिंह, सोनवीर सिंह,नीरज,डिंपल, संजय कुमार, देवेंद्र राठी, विमलेश, सोनम, पूनम, नताशा, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता कँवरपाल सिंह ने की।

# चेयरमैन मीनाक्षी ने मेधावियों को भेंट किए चैक



**बुढाना।** मुजफ्फरनगर जनपद में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को जिला मुख्यालय पर सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और नगर पंचायत अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप ने मेधावियों को नकद चेक देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कस्बा बुढ़ाना में स्थित दयानंद इंटर कॉलेज के कक्षा 12 के छात्र वंश सिंघल को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वंश ने कक्षा 12 की जिला मेरिट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। नकद चेक मिलने पर सभी विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस कार्यक्रम में जिला अधिकारी उमेश मिश्रा, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, नगर पंचायत अध्यक्षा मीनाक्षी स्वरूप और रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अधिका. रियों ने मेधावी छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### धमकी देने का आरोप

**रतनपुरी/बुढाना।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव रियावली नंगला निवासी आजाद पुत्र अफसर ने रतनपुरी पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 31 मई की सायं लगभग तीन बजे वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान उनके ही गांव की महिला जादा पत्नी मुनव्वर, उसकी पुत्रियां लाइबा, आयशा और शहज़ादी, सुवादेकीन पत्नी अबरार, जैरून पत्नी आकिल और तसव्वर पुत्र रज्जाक उसकी दुकान में घुस आए। आरोप है कि सभी आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए दुकान में तोड़फोड़ की।

### सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पिता जी राजवीर सिंह पुत्र सुखबीर सिंह वृद्ध व बीमार हैं जिनकी आयु 70 वर्ष है और उनका दीमागी सन्तुलन सही नहीं है यदि मेरे पिता द्वारा चल-अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति से कोई भी लेन-देन या विक्रय किया जाता है तो वह मान्य नहीं होगा और इस अवस्था में भी यदि उनके साथ कोई लेन-देन करता है तो उसके वह लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

**संजीव कुमार पुत्र राजवीर सिंह,**
निवासी- ग्राम बसेडा छपार जिला मुजफ्फरनगर।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बिड़ौली में तेंदुआ देखे जाने की सूचना निकली अफवाह, ड्रोन से की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडोली।** बिड़ौली क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने की सूचना से फैली दहशत आखिरकार अफवाह साबित हुई। प्रारंभिक जानकारी में ग्रामीणों किसानों द्वारा संजू के खेत मे मक्की में तेंदुआ देखने का दावा किया गया था, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया और लोग भयभीत हो गए। किसानों ने ड्रोन कैमरा से आसपास के खेतों, मक्की व गन्ने के खेतों व झाड़ियों में सघन सर्च अभियान चलाया गया। कई घंटों तक चली तलाशी के दौरान किसानों को तेंदुए के होने का कोई भी ठोस सबूत नहीं मिला। न तो पैरों के निशान मिले और न ही किसी प्रकार की अन्य पुष्टि हो सकी। इस मामले में किसान



किरणपाल, यूसुफ, गफ्फार ने बताया कि एक दिन पहले तेंदुए मक्की कुकड़ी के खेत में घुसते हुए देखा गया था इसी के आधार पर ड्रोन कैमरे से तेंदुए की तलाश की जा रही है जिससे क्षेत्र में अनावश्यक अफवाह फैल गई। लेकिन अब तक तेंदुए के होने के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं। किसानों ने पूरे क्षेत्र का जंगल कई घंटे ड्रोन कैमरों से तलाश किया, फिर भी कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा। तेंदुए की खबर के बाद जो दहशत का माहौल बना था, अब वह पूरी तरह शांत हो गया है और क्षेत्र में स्थिति सामान्य है।

# फर्जी जमीन दिखाकर 23.50 लाख की ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हरियाणा के यमुनानगर निवासी एक किसान ने फर्जी जमीन दिखाकर 23.50 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

यमुनानगर जिले की रादौर तहसील के गांव भोगपुर निवासी लखविंद्र सिंह ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी ग्राम बैगी, सहारनपुर स्थित कृषि भूमि को झिंझाना क्षेत्र निवासी इकराम ने कमीशन पर बिकवाया था। इसी दौरान उसने दूसरी कृषि भूमि खरीदने की इच्छा जताई। आरोप है कि मार्च 2025 में इकराम, उसके भाई कासिम तथा ग्राम कलरी निवासी रूपेंद्र सिंह ने 35 बीघा कृषि भूमि बेचने का प्रस्ताव दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने ग्राम कलरी में एक भूमि दिखाकर चार लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से 1.40 करोड़ रुपये में सौदा तय किया। इसके बाद उसने विभिन्न तिथियों में नकद और चेक के माध्यम से कुल 23.50 लाख रुपये अग्रिम भुगतान कर दिए। जनवरी 2026 में बैनामे से पहले जमीन की जांच के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि दिखाई गई भूमि ग्राम समाज की है, जबकि रूपेंद्र सिंह की वास्तविक भूमि किसी अन्य स्थान पर स्थित है। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने गलत भूमि लेने का दबाव बनाया। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर धनराशि वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा कारतूस के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ पकड़ा। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान रोहित पुत्र सत्यपाल निवासी ग्राम पंजीठ थाना कैराना के रूप में हुई।

जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर मय 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। अभियुक्त को सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार, हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार, अभिषेक सांगवान, कांस्टेबल मनीष कुमार शामिल रहे।

## एक नजर......

### विश्व कल्याण एवं सुख-शांति के लिए 41 दिवसीय तपस्या प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ-करनाल हाईवे स्थित पटनी प्रतापपुर टोल प्लाजा के निकट बाबा मेघनाथ की कुटी, लक्ष्मणपुर मंदिर एवं श्री समाधि आदिनाथ गुरुकुल गोरखनाथ आश्रम में रविवार से 41 दिवसीय विशेष तपस्या का शुभारंभ हो गया। यह तपस्या 1 जून से 11 जुलाई तक चलेगी। तपस्या में बाबा मंगलनाथ एवं बाबा कालू नाथ साधना में लीन हो गए हैं। इस अवसर पर बाबा मेघनाथ ने बताया कि यह तपस्या संपूर्ण विश्व के कल्याण, सुख-शांति तथा मानवता के मंगल की कामना को लेकर की जा रही है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक साधना के माध्यम से विश्व में शांति, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 41 दिवसीय तपस्या का समापन 11 जुलाई को होगा। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से साधु-संत एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। भंडारे में प्रसाद वितरण के साथ-साथ विश्व शांति एवं मानव कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना भी की जाएगी। आश्रम में तपस्या को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### सभासद पर जानलेवा हमले की कोशिश, हिस्ट्रीशीटर समेत तीन पर मुकदमा

**कैराना।** मोहल्ला आलकला निवासी एवं वार्ड-11 के सभासद रईस अहमद पुत्र जमशेद अली ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने पूर्व में हिस्ट्रीशीटर इनाम उर्फ धुरी के खिलाफ जानलेवा हमले के दो मुकदमे दर्ज कराए थे। आरोप है कि आरोपी हाल ही में जेल से छूटकर बाहर आया है और मुकदमों में समझौते का दबाव बना रहा है। रिपोर्ट के अनुसार रविवार की शाम करीब सात बजे इनाम उर्फ धुरी अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मोहल्ले की मस्जिद में पहुंचा। आरोप है कि वहां उसने सभासद को मुकदमों में फैसला करने के लिए धमकाया। जब सभासद ने इसका विरोध किया तो आरोपी और उसके साथियों ने अवैध हथियारों से फायरिंग कर दी। पीड़ित का आरोप है कि उसने किसी तरह भागकर एक मकान में घुसकर अपनी जान बचाई। इसके बाद भी आरोपी मकान के बाहर पहुंच गए और लगातार जान से मारने की धमकी देते रहे। आरोप है कि आरोपी फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के दौरान सभासद के भाई इकबाल और इमरान मौके पर पहुंचे, जिन्होंने उनकी जान बचाई। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर इनाम उर्फ धुरी और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### किसान मजदूर संगठन ने बंद संपर्क मार्ग को चालू कराने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिलाधिकारी आलोक यादव को ज्ञापन सौंपकर दिल्ली-देहरादून हाईवे निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हुए संपर्क मार्ग को शीघ्र चालू कराने की मांग की। कलक्ट्रेट पहुंचे संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि दिल्ली-देहरादून मार्ग निर्माण के दौरान ख्यावड़ी से अंबेहटा, जादौड़ा पांडा (जनपद सहारनपुर) को जोड़ने वाला मार्ग तथा राजवाहे की पटरी फ्लाईओवर निर्माण के समय क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके चलते यह संपर्क मार्ग करीब दो साल से बंद पड़ा है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के बंद होने से लुहारी, अलीपुरा, बलवाखेड़ी, मोहन अंबेहटा समेत कई गांवों के लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त बर्बादी हो रही है। किसान मजदूर संगठन ने जिलाधिकारी से मांग की कि जनहित को देखते हुए बंद पड़े मार्ग की मरम्मत कर उसे जल्द से जल्द सुचारू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस दौरान शहजाद, सौरभ राणा, अंकित कुमार, सचिन कुमार और लाखन सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मारपीट के बाद पत्नी को दिया तीन तलाक

**कैराना।** गांव गोगवान निवासी सना पुत्री गय्यूर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 14 दिसंबर 2024 को सहारनपुर जनपद के थाना गंगोह क्षेत्र के गांव खानपुर गुज्जर निवासी अमजद पुत्र महबूब के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति उसे प्रताड़ित करता था और आए दिन मारपीट कर करता था। परेशान होकर वह करीब दो माह से अपने मायके में रह रही थी। पीड़िता के अनुसार विगत 27 मई को उसका पति गोगवान स्थित उसके मायके पहुंचा था। आरोप है कि 28 मई की रात करीब 12 बजे उसने गाली-गलौज करते हुए अपने साथ चलने का दबाव बनाया और मारपीट की गई। आरोप है कि इसी दौरान अमजद ने परिजनों के सामने ही पत्नी को तीन तलाक दे दिया।

# उधार के रुपये मांगने पर युवक से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मोहल्ला आलकला निवासी कैफ पुत्र अशरफ ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि जहानपुरा निवासी मुबारिक पुत्र अद्धा ने उससे 15 हजार रुपये उधार लिए थे। काफी समय बीतने के बाद भी रुपये वापस नहीं किए गए। आरोप है कि जब भी वह अपने पैसे मांगता था, आरोपी टालमटोल कर देता था। रविवार को दोपहर करीब 1:30 बजे वह एक दुकान पर काम कर रहा था। जहां पर उसने अपने साथियों के साथ पहुंचकर मारपीट की।

# गोविंद हत्याकांड में एसपी ने जल्द खुलासे का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** लक्ष्मीपुरा के आईटीआई छात्र गोविंद सैनी की निर्मम हत्या के मामले में परिजन एसपी शामली से मिले और जांच टीमो की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जाहिर करते हुए यथाशीघ्र न्याय की मांग की गई। एसपी ने परिजनो की समस्या को सुनते हुए अब तक हुई जांच से अवगत कराया और जांच टीमों को मिली सफलता को भी परिजनो को बताया। एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने परिजनो को आश्वासन दिया कि पचास प्रतिशत केस मे सफलता मिली है।हत्या के मोटिव का पता लगते हुए खुलासा कर दिया जायेगा।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव लक्ष्मीपुरा में 20 वर्षीय आईटीआई छात्र गोविंद सैनी की बीते पॉच मई को गला दबाकर हत्या कर दी गई थी,शव की पहचान छिपाने को शव मे आग लगाकर नलकूप के कुए में फेंक दिया गया था। हत्याकांड की गम्भीरता को देखते हुए स्वॉट व सर्विलांस टीमों के साथ कई अन्य टीमों को हत्याकांड के खुलासे मे लगाया गया था। लेकिन हत्याकांड को करीब एक महीना बीतने के बाद भी खुलासा नही हो सका। जिससे क्षुब्ध मृतक गोविंद सैनी के परिजन एसपी शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह से मिले और पुलिस की कार्यशैली व जांच टीमों की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जाहिर की। परिजनो ने रोते बिलखते बताया कि बेटे की हत्या हुए एक माह बीत गया है लेकिन जांच टीमें किसी भी नतीजे पर नही पहुॅची। इस पर एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने मृतक के परिजनो के धैर्य की सराहना की। जिसके एसपी ने अब तक हुई जांच से अवगत कराते हुए जांच टीमों की सफलता और र्वक ग्राउंड की जानकारी दी। कह कि मैं स्वयं अपराधिक केसो को खोलने मे रूचि रखता है। हम लोग 50 प्रतिशत केस को ओपन कर चुके है ,अभी पुलिस हत्या के मोटिव पर फोकस कर रही है।

## हत्यारा कोई भी हो गोली मार देंना...साहब

**चौसाना।** एसपी शामली से मिलने गए परिजनो का दर्द भी साफ नजर आया। एक ओर तो इकलौते बेटे को खोने के गम मे परिवार टूटा हुआ है वही दूसरी ओर पुलिस द्वारा मृतक के परिवारजनो को ही इन्टेरोगेट करके परेशान किया गया। जिस पर मृतक के पिता सुखबीर सिंह व चाचा ने सहमते हुए कहा कि साहब हत्या के मामले मे कोई भी दोषी हो,उसे गोली मार देना। जिस पर एसपी ने ढांढस बढाया और उचित न्याय का आश्वासन दिया।

## फिर से जांच को पहुंची स्वॉट टीम

**चौसाना।** मंगलवार को स्वॉट टीम लक्ष्मीपुरा मे पहुॅची और जांच के दौरान मिले तथ्यो को क्रॉस चैक किया गया। इस दौरान टीमों ने परिजनो से भी मुलाकात की और खुलासे का आश्वासन दिया।

हत्यारो को किसी भी कीमत पर नही छोडा जाएगा। एसपी ने परिजनो को निजी फोन नंबर देते हुए किसी भी कॉल करने व कोई भी जानकारी लेने व देने के लिए कहा।

# भारत विकास परिषद शामली शाखा की नई कार्यकारिणी ने संभाला दायित्व

**शामली।** भारत विकास परिषद, शामली मेन शाखा का अधिष्ठापन एवं दायित्व बोध समारोह शहर के धीमानपुरा स्थित एक रेस्तरां में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया तथा पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। समारोह में एडवोकेट रामकुमार वर्मा को शाखा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष सीए अरिहंत जैन एवं सचिव मनीष कुमार जैन ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत करते हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। प्रांतीय वित्त सचिव प्रवीण गुप्ता ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नई कार्यकारिणी में एडवोकेट रामकुमार वर्मा को अध्यक्ष, एडवोकेट नितिन कुमार सैनी को सचिव, अनिल कुमार सिंघल को कोषाध्यक्ष तथा पूजा मित्तल को महिला सहभागिता का दायित्व सौंपा गया। मुख्य अतिथियों ने नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं देते हुए परिषद के मूल मंत्र 'संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण' के अनुरूप समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने का आहवान किया। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष सरल माधव, प्रांतीय महिला सहभागिता प्रमुख आशा जैन, प्रांतीय सचिव राजीव मलिक, शाखा संरक्षक विनीत संगल, सूर्यवीर सिंह तथा डॉ. निशांत गुप्ता सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# ग्राम्य विकास योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु गठित समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया।



समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) पर विशेष जोर देते हुए सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत चयनित सभी लाभार्थियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन आवासों का निर्माण अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें इसी माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कन्वर्जन विभागों को निर्देशित किया कि वे अपनी-अपनी योजनाओं से अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़कर उन्हें लाभान्वित करें, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। बैठक में मुख्यमंत्री आवास योजना द्धग्रामीणत्रः की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विगत वर्षों से लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायतों का गहन सर्वेक्षण करने तथा आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का पुन: परीक्षण कर पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने पर बल दिया। राष्ट्रीय आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान समूह गठन, बैंक सखी, विद्युत सखी एवं टीएचआर जैसे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने फार्म मशीनरी बैंक के अंतर्गत विकास खण्ड शामली को एक ट्रैक्टर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी निरक्षर महिला समूह सदस्यों को साक्षर बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विकास भवन एवं कलेक्ट्रेट में आने वाले फरियादियों की सुविधा हेतु समूह के माध्यम से ई-रिक्शा संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए एलडीएम को विशेष कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीसी एनआरएलएम प्रेम चन्द सहित सभी कन्वर्जन विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति में महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेस 5.2 अभियान के अंतर्गत सोमबार को थाना थानाभवन पुलिस टीम द्वारा कस्बा क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के आदेशानुसार थाना थाना भवन के नेतृत्व में चलाया गया।

अभियान के दौरान मिशन शक्ति पुलिस टीम के सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार, महिला हेड कांस्टेबल पूनम एवं कांस्टेबल मोनिका ने कस्बा थानाभवन में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जानकारी दी।

# थानाभवन मंडी समिति में एफसीआई एवं आरएफसी केंद्रों पर गेहूं खरीद जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मंडी समिति थानाभवन में सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर खरीद कार्य जोर-शोर से चल रहा है। समर्थन मूल्य और त्वरित भुगतान की व्यवस्था के चलते किसान बड़ी संख्या में अपनी उपज लेकर केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। एफसीआई एवं आरएफसी गेहूं केंद्रों पर अब तक आठ हज़ार पाँच सौ क्विंटल से अधिक गेहूं की खरीद की जा चुकी है जबकि गेहूं खरीद का सिलसिला लगातार जारी है। एफसीआई क्रय केंद्र प्रभारी संघर्ष कुमार ने बताया कि उनका केंद्र 13 अप्रैल से संचालित है। सोमवार तक 140 किसानों से गेहूं केंद्र पर 4500 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है और



प्रतिदिन खरीद का आंकड़ा बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए केंद्र पर पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती की गई है, जिससे खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है।वहीं आरएफसी क्रय केंद्र प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि उनका केंद्र एक अप्रैल से संचालित है। अब तक 105 किसानों से लगभग 4000 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। किसानों की लगातार आवक बनी हुई है और आने वाले दिनों में खरीद का आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है। किसान शिवकुमार ने बताया कि इस बार खरीद प्रक्रिया पहले की अपेक्षा अधिक व्यवस्थित है, जिससे किसानों को राहत मिली है।वही एफसीआई क्रय केंद्र प्रभारी संघर्ष कुमार ने बताया कि गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल के साथ 20 रुपये बोनस भी दिया जा रहा है। साथ ही खरीद के 24 घंटे के भीतर भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंच रहा है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा।

# कुछ दिनों की राहत के बाद फिर बढ़ी गर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत दिनों आए तूफान और बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली थी। मौसम भी सुहावना बना हुआ था, लेकिन सोमवार को आसमान साफ होने और तेज धूप निकलने से मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह के समय चल रही हवाओं के कारण कुछ राहत महसूस हुई, लेकिन दोपहर होते-होते गर्मी और उमस बढ़ गई। तेज धूप के चलते लोगों को घरों से निकलते समय सिर और मुंह ढककर चलना पड़ा। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी दोपहर के समय लोगों की आवाजाही कम दिखाई दी। अधिकांश लोगों ने सुबह और शाम के समय ही खरीदारी करना उचित समझा। मौसम में अचानक बढ़ी गर्मी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों ने आने वाले दिनों में फिर से तापमान बढ़ने की आशंका जताई है।

**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र मो तसलीम व पुत्रवधु सना मेरे कहने-सुनने में नही है और आए दिन परिवार से मारपीट करते है। जिसके कारण मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में उनके किसी कृत्य से मेरे व मेरे परिवार को कोई लेन-देन नही है। **मोसीन पुत्र यासीन निवासी** ग्राम भूरा थाना कैराना जिला शामली हाल निवासी मोलाना आजाद कालोनी बेहटा हाजीपुर दरगाह मस्जिद लोनी गाजियाबाद।

**नाम संशोधन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मोहम्मद उमर (जन्म तिथि) 20-09-2014 के जन्म प्रमाण पत्र (पंजीकरण संख्या B-2021:9-90650-003211) में माता का नाम गलती से गुलशीरा अंकित हो गया है, जबकि उनका सही नाम गुलशेरा (GULSHERA) है। भविष्य में उन्हें इसी सही नाम से जाना जाए।

मो0 कासिम पुत्र आलमदीन निवासी मौहल्ला आलखुर्द कैराना, जनपद शामली उत्तर प्रदेश।

**नाम संशोधन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मौ0 अकमल (MOHD AKMAL) (जन्म तिथि) 01-05-2009 के जन्म प्रमाण पत्र (पंजीकरण संख्या-526) दिनांक: 19-05-2009 में पिता का नाम त्रुटिवश मौ0 कासिम व माता का नाम गुलसेरा अंकित हो गया है। जबकि इनका सही व वास्तविक नाम मो0 कासिम (MOHD KASIM) एवं गुलशेरा (GULSHERA) है। भविष्य में इन्हें इसी सही नाम से जाना जाए।

मो0 कासिम पुत्र आलमदीन निवासी मौहल्ला आलखुर्द कैराना, जनपद शामली उत्तर प्रदेश।

**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र शाहरूख व पुत्रवधु साजिया मेरे कहने-सुनने में नही है और आए दिन परिवार से मारपीट करते है। जिसके कारण मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में उनके किसी कृत्य से मेरे व मेरे परिवार को कोई लेन-देन नही है।

**नसीमा पत्नी मुस्तफा निवासी मौहल्ला घेर बुखारी नौ कुआ रोड़ शामली जनपद शामली।**

**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र शाहरूख व पुत्रवधु साजिया मेरे कहने-सुनने में नही है और आए दिन परिवार से मारपीट करते है। जिसके कारण मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उनके किसी कृत्य से मेरे व मेरे परिवार को कोई लेन-देन नही है।

**मुस्तफा पुत्र अब्दुल कय्यूम** निवासी मौहल्ला घेर बुखारी नौ कुआ रोड़ शामली जनपद शामली।

# पंचायत सहायकों ने मोबाइल आधारित कार्यों का किया बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन की जनपद शाखा ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन की घोषणा कर दी है। सोमवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर यूनियन पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि मांगों का समाधान न होने पर पंचायत सहायक 1 जून से मोबाइल आधारित सभी कार्यों एवं ऑनलाइन हाजिरी का बहिष्कार करेंगे। साथ ही 15 जून से



लखनऊ के ईको गार्डन में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने की घोषणा की गई। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि पंचायत सहायक ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, ऑनलाइन पोर्टलों के संचालन और प्रशासनिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त संसाधन और उचित मानदेय नहीं मिल रहा है। वर्तमान में छह हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय पर कार्य करना कठिन हो गया है। ज्ञापन में पंचायत सहायकों का मानदेय बढ़ाकर न्यूनतम 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने, स्थायी सेवा नियमावली लागू करने, महिला कर्मचारियों के लिए स्थानांतरण नीति बनाने तथा भर्ती में आरक्षण देने की मांग की गई। इसके अलावा आयुष्मान योजना का लाभ, विभागीय मोबाइल फोन, पहचान पत्र, इंटरनेट व स्टेशनरी खर्च के लिए बजट तथा अतिरिक्त कार्यों के लिए भत्ता देने की मांग भी उठाई गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष मोहम्मद फैसल सहित यूनियन के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# मेधावियों को कलेक्ट्रेट में किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में जनपद शामली के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह का मुख्यमंत्री के संबोधन सहित सजीव प्रसारण भी देखा गया।



इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य वीरेन्द्र सिंह, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, जिला. धिकारी आलोक यादव, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम चन्द, जिला विद्यालय निरीक्षक ऐश्वर्या लक्ष्मी जायसवाल, डॉ. अमित मलिक सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, मेधावी विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सफलता के लिए निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि अभिभावक बच्चे के प्रथम गुरु होते हैं तथा मेहनत का फल कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने का आहवान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे प्रभावी माध्यम है। जिला. धिकारी आलोक यादव ने भी सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में जनपद स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले हाईस्कूल के 10 तथा इंटरमीडिएट के 10 विद्यार्थियों सहित कुल 20 मेधावी छात्र-छात्राओं को 21 हजार रुपये का चेक, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं शिक्षकों का भी उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के संकल्प के साथ हुआ।

## पुलिस ने वांछित आरोपी दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। पुलिस के अनुसार, विगत 16 मई को गांव इस्सोपुर खुरगान स्थित रेत की खनन पर ट्रक में रेत भरवाने के बाद भुगतान को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि आजम पुत्र बासा, तसव्वर पुत्र अख्तर और उनके साथियों ने खान पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दी थी। मामले में गौतम सिंह पुत्र राजबीर सिंह की तहरीर पर थाना कैराना में आस मोहम्मद समेत नौ नामजद तथा अन्य अज्ञात आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को वांछित आरोपी आस मोहम्मद पुत्र महबूब निवासी खुरगान को गिरफ्तार कर लिया।

## उधार के 64 हजार रुपये मांगने पर युवक पर धारदार हथियार से हमला

**कैराना।** गांव मन्नामाजरा निवासी मुस्तफा पुत्र मोहम्मद अली ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के ही तसव्वर पुत्र अय्यूब पर उसके 64 हजार रुपये बकाया हैं। आरोप है कि 30 मई की शाम करीब चार बजे वह अपने रुपये मांगने के लिए तसव्वर के पास गया था। पीड़ित का आरोप है कि रुपये मांगने पर तसव्वर और कसनूद पुत्र कय्यूम भड़क गए तथा दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने कथित रूप से धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल युवक ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पौध को खुर्द बुर्द करने बाद खेत मालिक पर जान से मारने के नियत से किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव सोंता रसूलपुर में कस्बा बनत तहसील शामली निवासी महिला कुसुम पत्नी स्वर्गीय लाल्ला ने सोंता रसूलपुर गांव निवासी साजिद, मंगता, मंजूरा पुत्रगण तहसीन से दो वर्ष पूर्व कृषि भूमि खरीदी थी जिसका दाखिल खारिज नकल खतौनी में दर्ज है। जिस पर प्रथिाया के द्वारा धान की फसल के लिए पौध लगा रखी थी।आरोप है कि 26 मई को तीनो भाइयो ने विद्युत ट्यूबबेल की कोठे की दीवार तोड़कर ट्यूबबेल का मोटर फूक दिया एवं प्राथिया द्वारा धान की फसल के लिए तैयार की गई पौध भी जौत कर खुर्द बुर्द कर दी।प्राथिया अपने पुत्रो के साथ जब खेत पर गई तो विपक्षीगणों ने तमंचा, तलवार लहराते हुए जान से मारने की नियत से उसके व पुत्रो की तरफ मारने के लिए दौड़े। भाग कर बामुश्किल अपनी जान बचाई। प्राथिया के पुत्रों ने घटना की सूचना 112 नंबर डायल पुलिस को दी।प्राथिया ने उक्त आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर मूर्ति स्थापना, श्रद्धांजलि अर्पित

**शामली।** बनत क्षेत्र में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आहवान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रसन्न चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने समिति के अध्यक्ष विकास धनगर के साथ मिलकर देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी श्रद्धा व्यक्त करते हुए उन्हें नमन किया। विधायक प्रसन्न चौधरी ने अपने संबोधन में देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे न्यायप्रिय, कुशल प्रशासक और समाज सुधार की प्रतीक थीं। उन्होंने कहा कि उनके जीवन के सिद्धांत और आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जिन पर चलकर एक बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम में संजीव कुमार, सचिन कुमार, अमित सैनी, नीरज सभासद, राजेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर 58 वाहनों के चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में यातायात पुलिस द्वारा नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 58 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई शहर के फव्वारा चौक, दिल्ली रोड, कैराना रोड और झिंझाना रोड सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों पर की गई। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर विशेष रूप से कार्रवाई की गई।

# कैराना में एसपी ने पैदल गश्त कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने रविवार शाम कैराना कस्बे के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कस्बे के प्रमुख चौराहों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया। गश्त के दौरान उन्होंने व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली और पुलिस की सक्रियता बनाए रखने का आश्वासन दिया। एसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिक. ारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता और मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और गति. विधियों पर विशेष नजर रखी जाए तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान लोगों को साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के प्रति भी जागरूक किया गया। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी कैराना हेमन्त कुमार, प्रभारी निरीक्षक कैराना समय पाल सिंह, किला गेट चौकी प्रभारी राजकुमार बघेल, इमाम गेट चौकी प्रभारी जितेन्द्र त्यागी सहित अन्य चौकी प्रभारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

## तालाब में संदिग्ध हालात में हजारों मछलियों की मौत, ग्रामीणों में चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सुबह जब ग्रामीण तालाब पर मछलियों को दाना डालने और देखभाल के लिए पहुंचे तो उन्होंने पानी की सतह पर बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां तैरती देखीं। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी और चिंता का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि मछलियों की अचानक मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि पानी में किसी जहरीले पदार्थ का मिश्रण, जल प्रदूषण या ऑक्सीजन की कमी के कारण यह घटना हुई हो सकती है। घटना से तालाब के आसपास रहने वाले लोगों में भी चिंता बढ़ गई है। ग्रामीण सन्नी, राहुल, सचिन, परमजीत, शंकर और अजय सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तालाब के पानी के नमूनों की जांच कराई जाए और मछलियों की मौत के वास्तविक कारणों का शीघ्र पता लगाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।ग्रामीणों ने मामले में तत्काल जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## भुगतान मांगने पर व्यापारी से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना क्षेत्र के कस्बा जलालाबाद निवासी इनाम पुत्र इकराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब चार माह पूर्व उसने एक दुधारू गाय और उसकी बछिया इरफान नामक व्यक्ति को 14,700 रुपये में बेची थी। आरोप है कि सौदा होने के बाद से वह लगातार अपने पैसे मांग रहा था, लेकिन आरोपी हर बार टालमटोल करता रहा। पीड़ित के अनुसार 30 मई की रात करीब आठ बजे वह अपने रुपये लेने के लिए आरोपी के पास पहुंचा। इस दौरान रुपये मांगने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने बछिया के बारे में जानकारी ली तो आरोपियों ने धमकी भरे शब्दों का प्रयोग किया। घटना की सूचना डायल-112 पुलिस को दी गई।

# किराया मांगने पर परिवार पर हमला, महिला समेत चार घायल 10 नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव तित्तरवाड़ा में किराए के पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद में दबंगों द्वारा एक मजदूर परिवार पर किए गए हमले के मामले में पुलिस ने 10 नामजद समेत 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मारपीट में ई-रिक्शा चालक, उसकी पत्नी, पुत्र और पुत्री घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

गांव तितरवाड़ा निवासी मुर. सलीन ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। बताया गया कि किराए के पैसों को लेकर उसका कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। आरोप है कि रविवार की शाम करीब सात बजे उसका पुत्र फैजान तित्तरवाड़ा अढे के पास ई-रिक्शा लेकर खड़ा था। इसी दौरान एक दिन पूर्व हुई कहा. सुनी को लेकर कई लोग वहां पहुंच गए और फैजान पर हमला कर दिया। फैजान को बचाने के लिए उसके पिता मुरसलीन, मां बुशरा और बहन मंतशा मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में मुर. सलीन के सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे वह बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। वहीं बुशरा, मंतशा और फैजान भी घायल हो गए। बीच सड़क पर हुई मारपीट से अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। पीड़ित पक्ष की ओर से बिल्लू उर्फ मुस्तकीम पुत्र रफीक ने कोतवाली में तहरीर देकर अरशद पुत्र युसुफ, आजम पुत्र अरशद, कासिम पुत्र उमरदीन, लवीश पुत्र ख्वाजा, आजम पुत्र ईशा, इस्तकार पुत्र यूनुस, मशरुफ, बिलाल, सादिक और शौकीन समेत 10 लोगों को नामजद करते हुए 15 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है, जबकि अन्य वीडियो स्थानीय लोगों ने अपने मोबाइल फोन से बनाए हैं। वायरल वीडियो में बीच सड़क पर हो रही मारपीट साफ दिखाई दे रही है। कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## ओवररेटिंग का विरोध करने पर युवक से मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने का विरोध करने पर एक युवक के साथ मारपीट और अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने जिला आबकारी अधिकारी को शिकायत पत्र देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आबकारी इंस्पेक्टर द्वारा सांय के मौके पर पहुंचेकर जांच की गई।

ग्राम मैंडेट कलां निवासी राहुल कुमार पुत्र सुनील कुमार ने बताया कि वह सोमवार को मुजफ्फरनगर अड्डे के पास स्थित मॉडल शॉप नंबर-2 से बियर खरीदने गया था। आरोप है कि दुकान पर मौजूद सेल्समैन ने किंगफिशर बियर की बोतल पर अंकित 140 रुपये के बजाय 150 रुपये की मांग की। जब उसने निर्धारित मूल्य से अधिक रकम देने का विरोध किया तो सेल्समैन और वहां मौजूद अन्य लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि विरा. ेध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए कार्रवाई न होने की बात कहकर डराने का प्रयास किया। राहुल कुमार ने जिला आबकारी अधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आबकारी विभाग ने शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## तेज रफ्तार कार ने छोटे हाथी में मारी टक्कर, तीन गंभीर घायल, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बागपत जनपद के थाना दोघट क्षेत्र स्थित गांव इदरीशपुर निवासी शिवा पुत्र शिवसत राम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह 29 मई को अपने बड़े भाई शिवम के नाम पंजीकृत छोटे हाथी वाहन यूपी17बीटी-7206 से परिवार के सदस्यों के साथ गांव गोगवान में एक रिश्तेदारी में अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। आरोप है कि दोपहर करीब दो बजे जब उनका वाहन गांव भूरा स्थित मंदिर के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही कार यूपी12 ए एम 3534 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए छोटे हाथी में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर लगने से रामबीर पत्नी शिवसत राम, शिवानी पुत्री शिवसत राम तथा लोकेन्द्र पुत्र रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य लोगों को भी चोटें आईं। घटना की सूचना डायल-112 और एम्बुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार कराया गया। पीड़ित ने कार चालक पर नशे की हालत में वाहन चलाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तीसरी घटना के बाद एडीआरएम ने किया निरीक्षण

## मीडिया और व्यापार मंडल की एडीआरएम से नहीं हुई मुलाकात, जांच की पारदर्शिता पर उठे सवाल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** करोड़ों रुपए की लागत से वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किए जा रहे धामपुर रेलवे स्टेशन पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आ गया है। पिछले 11 दिनों के भीतर स्टेशन परिसर में तीन बार बड़े पत्थर गिरने की घटनाओं ने यात्रियों की सुरक्षा और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न चिह्न लगा दिए हैं। मामला लगातार सुर्खियों में रहदम के बाद मंडल कार्यालय से लेकर केंद्रीय रेल मंत्रालय तक पहुंच गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडल रेल प्रशासन ने एडीआरएम परितोष गौतम के नेतृत्व में रेलवे अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम को धामपुर भेजा। टीम ने स्टेशन परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया तथा उन स्थानों का जायजा लिया जहां हाल ही में पत्थर गिरने की घटनाएं सामने आई थीं। अधिकारियों ने निर्माण कार्य की स्थिति, सुरक्षा मानकों और भवन की गुणवत्ता से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी जुटाई।

गौरतलब है कि धामपुर रेलवे स्टेशन पर बीते 11 दिनों के दौरान तीन बार पत्थर गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में हुई घटना में चार यात्री बाल-बाल बच गए थे। यदि उस समय यात्री कुछ कदम इधर-उधर न होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। लगातार हो रही घटनाओं से यात्रियों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। निरीक्षण के दौरान एक और मामला चर्चा का विषय बना रहा। जब विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि कवरेज के लिए स्टेशन पहुंचे तो उन्हें निरीक्षण स्थल तक पहुंचने से रोकने का प्रयास किया गया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा भी मीडिया की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का दबाव बनाए जाने की चर्चा रही। इससे निरीक्षण प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े होने लगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निरीक्षण निष्पक्ष और गंभीरता से किया जा रहा था तो मीडिया को कवरेज से रोकने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई।

उधर धामपुर व्यापार मंडल से जुड़े प्रतिनिधि सतवंत सलूजा, जावेद रहमान शम्सी, एसपी सलूजा, इरशाद धामपुरी और असलम फरीदी भी स्टेशन पहुंचे। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना था कि वे यात्रियों की सुरक्षा और लगातार सामने आ रही घटनाओं के संबंध में एडीआरएम को स्थानीय लोगों की चिंताओं से अवगत कराना चाहते थे। हालांकि उन्हें भी एडीआरएम से मुलाकात का अवसर नहीं मिल सका। व्यापारियों ने कहा कि जब आम जनता की सुरक्षा का प्रश्न हो तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संगठनों की बात भी अधिकारियों को सुननी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एडीआरएम परितोष गौतम मीडिया के सवालों से बचते नजर आए। उन्होंने किसी भी विषय पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की। इससे लोगों के मन में यह सवाल और गहरा हो गया कि आखिर निरीक्षण के निष्कर्ष क्या हैं और रेलवे प्रशासन आगे क्या कार्रवाई करने जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए जा रहे स्टेशन पर बार-बार पत्थर गिर रहे हैं तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता की उच्चस्तरीय और स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए। लोगों ने मांग की है कि जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए तथा यदि निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही या मानकों की अनदेखी पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

अब सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या यह निरीक्षण भविष्य में होने वाले हादसों को रोकने की दिशा में ठोस कदम साबित होगा या फिर यह केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों की निगाहें अब रेलवे प्रशासन की आगामी कार्रवाई और जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं।

## अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

**नजीबाबाद।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर अपना दल (एस) जिला बिजनौर के कैम्प कार्यालय में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लो. कमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कहा कि लो. कमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की महान शासक, समाज सुधारक व जनकल्याणकारी विचारों की प्रतीक थीं। कार्यक्रम में वकील अहमद, जिला कोषाध्यक्ष भारत सिंह, मोबीन अहमद, रक्षपाल सिंह, राजीव राठी, उपासना राजपूत, सत्यम चौधरी, नीशू चौहान, दुष्यंत ठाकुर, डॉ. देवेंद्र सिंह, निधि, कर्मजीत सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज सेवा के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया।

## तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**धामपुर।** टीचर कॉलोनी स्थित सत्यधाम धर्मशाला में (1 से 3 जून तक) पतंजलि योग समिति द्वारा निःशुल्क योग शिविर आयोजित किया गया। सत्यधाम धर्मशाला योग समिति के प्रशिक्षक धर्मेश कुमार ने बताया कि शिविर में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी योगाचार्य गजराज सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो सत्य धाम धर्मशाला योग समिति के संरक्षक भी हैं। शिविर का उद्देश्य है, योग दिवस 21 जून से पहले योग के संबंध में क्षेत्र में जागृति उत्पन्न करना है। आज सुबह शि. विर का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर सुबह 5:15 बजे से 6:45 बजे तक किया जा रहा है। आज प्रशिक्षण में मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिक समिति शाखा रानी बाग के अध्यक्ष जगदीश सिंह, विनोद चंदना, आदेश कुमार, नीरज विदल, अरि. हंत जैन, दिनेश जैन आदि ने भाग लिया।

## जयंती पर शोभायात्रा निकाली

**नजीबाबाद।** अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा के नेतृत्व में लो. कमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धा उत्साह व भव्यता के साथ मनाई गई। इस मौके पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दोयजवाली से साहू जैन डिग्री कॉलेज होते हुए लायंस क्लब के कम्युनिटी हॉल तक निकाली गई। शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्ति, राष्ट्रभक्ति व सामाजिक एकता के रंग में रंग दिया। रास्ते में जयकारों व पुष्पवर्षा से माहौल उत्सवमय बना रहा। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में सजे-धजे रथ, आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़े व बैंड बाजों ने कार्यक्रम को भव्य स्वरूप दिया। कार्यक्रम में ललित पाल भाजपा नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर केवल एक शासिका नहीं, बल्कि जनसेवा, न्याय व धर्म की सच्ची प्रतीक थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में शिक्षा, संस्कृति, धर्म व जनकल्याण के क्षेत्र में ऐसे कार्य किए, जिनकी मिसाल आज भी दी जाती है। उन्होंने लोकमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# उम्र की पात्रता पूरी न होने पर अखेड़ा ग्राम प्रधान का निर्वाचन रद्द

**नहटौर।** ब्लॉक आंकू नहटौर अंतर्गत ग्राम पंचायत अखेड़ा में प्रधान पद पर काबिज शिवानी का निर्वाचन एसडीएम न्यायालय ने शून्य घोषित कर दिया है। यह निर्णय पूनम देवी द्वारा दायर की गई चुनाव याचिका पर सुनवाई के उपरांत आया है। न्यायालय ने पाया कि निर्वाचन के समय शिवानी की आयु 21 वर्ष से कम थी, जो कि पंचायती राज अधिनियम के तहत एक अनिवार्य अर्हता है। प्राप्त समाचार के अनुसार योगेंद्र पाल सिंह एड., गजेंद्र सिंह, हरिओम सिंह के मुताबिक घ्ग्राम अखेड़ा की निवासी पूनम देवी (पत्नी मुकेश कुमार) ने 2021 में संपन्न हुए त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के बाद यह वाद दायर किया था। याचिकाकर्ता पूनम देवी का मुख्य आरोप यह था कि प्रतिवादी शिवानी ने चुनाव लड़ने के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु (21 वर्ष) की पात्रता पूरी नहीं की थी। पूनम देवी ने अपने साक्ष्यों के माध्यम से न्यायालय को बताया कि नामांकन के समय शिवानी की आयु 21 वर्ष से कम थी, जिसके कारण उनका निर्वाचन अवैध है। एसडीएम स्मृति मिश्रा की अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी दस्तावेजों का गहन विश्लेषण किया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि आयु निर्धारण के लिए कक्षा-10 का अंकपत्र/प्रमाणपत्र ही सबसे विश्वसनीय और निर्णायक साक्ष्य है। आधार कार्ड या अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों को आयु के प्रमाण के रूप में प्राथमिकता नहीं दी जा सकती। अदालत में प्रस्तुत साक्ष्यों के अनुसार, प्रतिवादी शिवानी की जन्मतिथि 14.08.2000 अंकित है।

# दिनदहाड़े महिला की गला रेतकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** कस्बे के मोहल्ला झाबरी में सोमवार को दिनदहाड़े हुई एक महिला की निर्मम हत्या से पूरे नगर में सनसनी फैल गई। बदमाशों ने कॉस्मेटिक व्यापारी संजय मित्तल के घर में घुसकर उनकी पत्नी साठ वर्षीय पूनम मित्तल की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी।



जानकारी के अनुसार घटना के समय पूनम मित्तल घर पर अकेली थीं। व्यापारी संजय मित्तल ने बताया कि उनकी पत्नी ने उन्हें दो बार मोबाइल पर फोन किया था, लेकिन किसी कारणवश बात नहीं हो सकी। जब वह घर पहुंचे तो पूनम मित्तल का शव बेड पर खून से लथपथ पड़ा मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

दिनदहाड़े हुई हत्या की खबर फैलते ही कस्बे के व्यापारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए।

सूचना मिलने पर नकुड़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा तथा अंबेहटा चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह अधाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

घटना की सूचना पर पालिका अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राजकुमार खुराना, पूर्व चेयरमैन ईनाम शाकिर, भाजपा नेता वेद भूषण गुप्ता, विनोद मित्तल, पवन सैनी, मनोज गुप्ता, आर्य समाज अध्यक्ष सुधीर मित्तल, सभासद दानिश शफीक, अखिलेश जैन, आदेश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग मौके पर पहुंचे।

फिलहाल पुलिस हत्या के कारणों और बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। घटना के संबंध में अभी तक किसी प्रकार के नुकसान या लूट की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से कस्बे के व्यापारियों और नागरिकों में भारी रोष एवं भय का माहौल है।

# भागवत कथा में पूतना प्रसंग का वर्णन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** श्री राधे गोविंद सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञानामृत सप्ताह के प्रथम दिन रविवार शाम शिवालय महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

नगर में चल रही कथा में कथा वाचक आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण अत्यंत पवित्र ग्रंथ है, जहां इसकी स्थापना होती है वहां समस्त तीर्थ और देवी-देवताओं का वास माना जाता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का मूल संदेश भगवान की शरणागति और भक्ति है। कथा के दौरान आचार्य श्री ने पूतना प्रसंग का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की करुणा और दयालुता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भागवत प्रवक्ता आचार्य मिथिलेश नंदन कौशिक को व्यासपीठ से "भागवत रत्न" उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। पूजन विनीत शर्मा ने कराया। कथा का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी, सदस्य तथा बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# परचून की दुकान से ताले तोड़ चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। बेखौफ चोर लगातार आतंक मचाए हुए हैं। बीती रात मेन रोड पर स्थित एक परचून की दुकान में चोरी की वारदात हो गई। बढ़ती चोरियों से पुलिस के रात्रि गश्त पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस्लामनगर रोड निवासी फरीद पुत्र अब्दुल कलाम राय अपनी दुकान में हुई चोरी की तहरीर पुलिस को देकर बताया कि सुबह जब वह अपनी दुकान पर गया तो देखा कि ताले टूटे पड़े हैं और शटर उखड़ा हुआ है।जब दुकान के अंदर जाकर देखा तो दुकान में रखे 10 हजार रुपये नकद व लगभग पाँच छह हजार रुपये का सामान चोर चुरा ले गए थे।पीड़ित फरीद ने कानूनी कार्रवाही और नकदी व सामान बरामद किए जाने की गुहार पुलिस से लगाई है। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व ही थाने के सामने चंद कदमो की दूरी पर एक खड़े एक टैम्पो से चोर बैट्री चुरा ले गए थे।इस तरह कई घटनाएं हो चुकी हैं।छोटी मोटी चोरी की शिकायत लोग पुलिस से करते भी नहीं।जहाँ इन बढ़ती चोरी की घटनाओं से दुकानदारों में खौफ बढ़ रहा है।वहीं पुलिस के रात्रि गश्त पर भी लोग सवाल खड़े कर रहे हैं।कुछ लोगों का कहना है कि जब मेन रोड ही सुरक्षित नहीं तो गली मौहल्लों में स्थिति ज्यादा खराब हो सकती है।ये घटनाएं पुलिस के समक्ष किसी चुनौती से कम नहीं हैं।

# हत्या के विरोध में बाजार बंद

**अंबेहटा।** निर्मम हत्या के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना से नाराज व्यापारियों ने एकजुट होकर बाजार में घूम-घूमकर सभी दुकानों को बंद कराया और घटना के प्रति अपना विरोध जताया।

व्यापारियों का कहना है कि दिनदहाड़े हुई इस जघन्य वारदात ने पूरे कस्बे को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी और मामले का खुलासा करने की मांग की है।

बाजार बंद होने से कस्बे में सन्नाटा पसरा रहा। घटना के बाद बड़ी संख्या में व्यापारी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

# शानदार प्रदर्शन कर टीम सी ने जीता मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भूतेश्वर इंटर कॉलेज के क्रीड़ास्थल पर एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित अंडर-12 समर क्रिकेट लीग के अंतर्गत टीम ए और टीम सी के बीच खेले गए मुकाबले में टीम सी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट से जीत दर्ज की।



मैच में प्रत्यक्ष कंबोज की बेहतरीन बल्लेबाजी आकर्षण का केंद्र रही, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।मुकाबले में टीम ए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 15 ओवर में टीम ए ने छह विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाए। टीम की शुरुआत संतोषजनक रही और बल्लेबाजों ने नियमित अंतराल पर रन बटोरे। टीम ए की ओर से प्रत्यूष ने सर्वाधिक 24 रन बनाए, जबकि आदिव ने 19 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। अन्य बल्लेबाज भी छोटी-छोटी पारियां खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे। गेंदबाजी में टीम सी के खिलाड़ियों ने अनुशासित प्रदर्शन किया। सोमिल ने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए दो महत्वपूर्ण विकेट झटके और विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।104 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम सी ने शुरुआत से ही सकारात्मक रुख अपनाया। टीम के बल्लेबाजों ने तेज गति से रन जुटाते हुए लक्ष्य को 13.2 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम सी की जीत में प्रत्यक्ष कंबोज ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 40 रन बनाए और टीम को जीत की मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनके अलावा अभिमन्यु ने संयमित खेल का प्रदर्शन करते हुए 18 रन की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत दिलाकर मैदान से लौटे। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रत्यक्ष कंबोज को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर एकेडमी के कोच राजीव गोयल 'टप्पू', रणधीर कपूर, भूपेंद्र कछल, संजय शर्मा सहित अन्य खेल प्रेमी और अभिभावक मौजूद रहे।

## एक नजर

### बंगाल के फाइटर को कलीम ने हराया

**गागलहेड़ी।** कलीम मालिक ने फाइट मे जीत हासिल कर जीता खिताब। उत्तराखंड के काशीपुर मे आयोजित फाइट क्लब मे बंगाल के फाइटर को कस्बे के रहने वाले कलीम मालिक ने उन्हें हराकर जीत हासिल की। जीत के बाद उन्हें पारस बेल्ट मिली। वही कस्बे के लोगो ने कलीम की जीत पर बधाई दी।

### रिटायर होने पर दी बधाई

**गागलहेड़ी।** सहकारी समिति के चेयरमेन राव साजिद नंबरदार ने लिटायर हुए सुलेख चंद को फूल मालाए पहनाकर उन्हें विदाई दी।

सोमवार को कैलाशपुर स्थित एक कार्यालय मे सुलेख चंद के लिटायर होने का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमे गन्ना सुसाइटी के ड़ेलीकेट व सुसाइटी के चेयरमेन राव साजिद नंबरदार ने पहुंचकर उन्हें विदाई दी और फूल मालाए पहनाई , वही सभी ने एक दूसरे का मुँह मीठा कराया।

### दूध से भरी पिकअप पलटी

**गागलहेड़ी।** ब्रेक फ्री होने के बाद खाई मे पिकअप गाड़ी पलट गई गणिमत रही गाडी चालक बच गया। गाड़ी मे दूध भरा हुआ था गाड़ी पलटने के बाद सारा दूध निचे गिर गया। सोमवार सुबह देहरादून रोड हरि हॉस्पिटल के समीप जैसे ही दूध से भरी पिकअप पहुंची तो चालक हिमांशु ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया लेकिन ब्रेक नहीं लग पाए और गाड़ी खाई मे जाकर पलट गई। चालक के हल्की फुलकी खरोच आई। वही गाड़ी मे भरा दूध वही गिर गया।

### कांग्रेस नेताओं ने किया शॉप का उद्घाटन

**गागलहेड़ी।** हरोड़ा कट पर कांग्रेस नेताओ ने स्नेक नेशन हब का फीता काटकर उद्धघाटन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा की युवाओं मे बढ़ रहे कारोबार का जज्बा देश की उन्नति के लिए बेहतर है।

सोमवार के दिन देहरादून दिल्ली नेशनल हाइवे के समीप हरोड़ा कट पर स्नेक नेशन शॉप का उद्धघाटन कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने फीता काटकर किया। इस दौरान शादान मसूद, पूर्व देहात विधायक मसूद अख्तर, जिलाध्यक्ष संदीप राणा मौजूद रहे।



# सीनियर छात्र-छात्राओं को दी विदाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विवि में स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग एंड साइंसेज विभाग में जूनियर ने सीनियर छात्रों के सम्मान में फेयरवेल पार्टी फॉरएवर कनेक्टेड का आयोजन किया।

फेयरवेल विजेताओं बी.एस.सी तृतीय वर्ष से मिस्टर फेयरवेल ऋतिक व मिस फेयरवेल प्रियांशी गर्ग, एमएससी तृतीय वर्ष से मिस्टर फेयरवेल सौरभ चौधरी व मिस फेयरवेल खुशी पुंडीर को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार ने कुलपति प्रो. बी.एस. सिद्धू, कुलसचिव प्रो. महिपाल सिंह एवं केयर टेकर सूफी जहीर अख्तर का आभार प्रकट किया। डॉ. गरिमा वर्मा, पारुल सैनी एवं अनम चौधरी, डॉ. ऋषभ चित्रांशी, डॉ. अनिल पांडेय, डॉ. सरिता शर्मा, अंकुर चौहान, सोनाली राव, अक्षित कुमार और राजकुमार सिंह का सहयोग रहा।

# रेत से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉलियां सीज, चालक हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को लेकर कोतवाली पुलिस ने राजस्व विभाग की टीम के साथ कार्रवाई करते हुए रेत से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉलियां सीज कर दी जबकि उनके चालक मौके से फरार हो गए।

रविवार की मध्य रात्रि प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टाबर के निकट अवैध यमुना रेत का परिवहन कर रही दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को रोक लिया। पुलिस टीम को देखकर दोनों चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए।पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया तथा उन्हें कोतवाली परिसर में खड़ा करा दिया। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए खनन विभाग को रिपोर्ट भेज दी गई है। अचानक हुई इस कार्रवाई से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि क्षेत्र में इस समय बड़े पैमाने पर खनन माफिया सक्रिय हैं।

# शांति भंग में नौ को जेल भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने दो पक्षों में झगड़ा होने की आशंका के चलते शांति भंग के आरोप में नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना फतेहपुर पुलिस ने थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा, उपनिरीक्षक अमित सोनी व उपनिरीध्क्षक शेषपाल सिंह के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान प्रथम पक्ष के अब्दुल रहमान पुत्र बाबू, बाबू पुत्र फैय्याज, मोहसिन पुत्र रागिब, समद पुत्र लियाकत, सूफियान पुत्र रागिब निवासीगण ग्राम दातौली मुगल थाना फतेहपुर तथा द्वितीय पक्ष के बाबर पुत्र मंगता, रागिब पुत्र महफूज, आमिर पुत्र मंगता, याकूब पुत्र हसमत निवासीगण ग्राम दतौली मुगल थाना फतेहपुर को पूर्व से पंजीकृत मुकदमें को लेकर आमादा फसाद हो रहे थे।

# स्थायी चौकी प्रभारी तैनाती की मांग

**गंगोह।** क्षेत्र की बहलोलपुर पुलिस चौकी पर पिछले लगभग छह माह से स्थायी चौकी प्रभारी की तैनाती न होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों और फरियादियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

चौकी के अंतर्गत आने वाले हैदरपुर, बहलोलपुर, ठोला, बरसी, बालू, महंगी और बेरखेड़ी मुसलमान समेत कई गांवों के लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि चौकी पर स्थायी प्रभारी न होने के चलते थाना स्तर से अलग-अलग उपनिरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है। ऐसे में फरियादी जब अपनी शिकायत या प्रार्थना पत्र लेकर चौकी पहुंचते हैं तो उन्हें प्रतिदिन नया अधिकारी मिलता है। इससे शिकायतों की जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है तथा मामलों का समयबद्ध निस्तारण नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार किसी शिकायत की जांच शुरू होने के बाद ड्यूटी बदल जाने से अगला अधिकारी मामले की पूरी जानकारी से अवगत नहीं होता, जिसके कारण जांच लंबित रह जाती है। इससे आम जनता में असंतोष बढ़ रहा है और उन्हें न्याय मिलने में देरी का सामना करना पड़ रहा है। चौकी पर प्रभारी की तैनाती न होने का एक बड़ा असर यह भी है कि कई मामलों में लोगों को अपनी शिकायत लेकर सीधे थाना तीतरो जाना पड़ता है।

# छात्रा गुरमीता के नाम से सड़क निर्माण शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नकुड विधानसभा के ग्राम बंदूखेडी में आज बड़े हर्ष का दिन था 1 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क विधायक मुकेश चौधरी के प्रयासों से गुरमीता तंवर के नाम से समस्त ग्राम वासियों ने फीता काटकर सड़क का निर्माण आरंभ किया।

पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा चौधरी सुभाष ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी जी के आशीर्वाद से ही कार्य हो पाया विधायक मुकेश चौधरी ने भी जी जान से प्रयास कर सड़क निर्माण का कार्य आरंभ हो रहा है, मनोज तंवर विधायक मुकेश चौधरी के करीबी है और पिछले महीने इनकी छोटी पुत्री जीविका तंवर को भी माननीय मुख्यमंत्री जी सहारनपुर के मंच पर सम्मानित किया था, आज के कार्यक्रम में उपस्थित चौधरी सेठपाल, संजय आर्य, राजेश चेयरमैन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बृजेश चौधरी, चौधरी मामचंद, मांगे राम, अनिल कुमार मदन सिंह, करण मुखिया, कवर सिंह प्रधान, राजेश, प्रदीप मुखिया, सुभाष संयम टोली, आदि उपस्थित रहे।

**उदघोषणा**

थाना रामपुर मनिहारान पर पंजीकृत मु.अ. स. 115 /24 धारा 420 आईपीसी से संबंधित अभियुक्त आलीशान पुत्र अब्दुल हमीद निवासी अंतिम ज्ञात पता किराए का मकान, मुस्तकीम पुत्र नूर हसन ग्राम तेलीवाला थाना डोईवाला जिला देहरादून उत्तराखंड के विरुद्ध जारी 82 सीआरपीसी के आदेश दिनांक 29.4.2026 को तामील होने के बावजूद भी फरार चल रहा है अभी तक पुलिस/ श्रीमान न्यायालय एसीजेएम 4 सहारनपुर के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ है।

**प्रभारी निरीक्षक**
**थाना रामपुर मनिहारान,**
**सहारनपुर।**

# महत्वपूर्ण आयामों पर सार्थक चिंतन: देव




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय संगठन गंगा समग्र की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में सहारनपुर से प्रांत संपर्क प्रमुख देवसुमन चौहान ने भाग लिया।

देवसुमन चौहान ने बताया कि मां गंगा की निर्मलता, भारतीय सांस्कृतिक चेतना के संरक्षण और राष्ट्र जागरण के आयामों पर सार्थक चिंतन हुआ। यह आयोजन संगठनात्मक ऊर्जा और सेवा भाव को नई दिशा देने वाला सिद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि गंगा समग्र जल तीर्थों को लेकर कार्य करता है और पर्यावरण को सुरक्षित रूप में भावी पीढ़ी को सौंपना हमारा प्रथम दायित्व है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटर सवार युवक की मौत

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटर सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया। वहीं मृतक के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

विगत रात्रि शारदा नगर निवासी देव मेहता 31 मई की रात अपनी एक्टिवा से सक्षम अस्पताल की ओर से कचहरी जा रहे थे। रात करीब 1.20 बजे रिलायंस ट्रेंड्स के सामने वसंत विहार गली के पास पीछे से आ रही कार ने तेज गति और लापरवाही से उनके स्कूटर में टक्कर मार दी। हादसे में देव मेहता गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर के बाद कार भी आगे जाकर दीवार और खंभे से टकरा गई। मौके पर मौजूद लोगों ने कार चालक जसन जोत पुत्र अवनीत सिंह निवासी नुमाइश कैंप को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों संजय कुमार और अभिषेक ने परिजनों को हादसे की सूचना दी। मृतक के भाई सागर मेहता ने थाना सदर बाजार में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# अंडर-17 राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम 4 छात्रों का चयन






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेडी।** लार्ड कृष्णा इंटरनेशनल अकेडमी के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि विद्यालय के चार प्रतिभाशाली छात्रों लक्ष्य सैनी, यश त्यागी, फैज खान और हर्षदीप सिंह ख्र का चयन अंडर-17 राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम के लिए हुआ है।

खिलाड़ियों का चयन मेरठ में आयोजित मैच, ट्रायल और कैंप मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उनका चयन हुआ है। बच्चो के चयन से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रधानाचार्या श्री मति प्रतिभा यादव ओर खेल प्रशिक्षकों ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। चयनित खिलाड़ियों के अभिभावकों ने भी छात्रों की इस सफलता का श्रेय स्कूल प्रबन्धक और खेल प्रशिक्षक निशांत कश्यप की मेहनत को दिया है और विद्यालय के खेल प्रशिक्षण की सराहना की। ज्ञात होता है कि स्कूल में खेलो के प्रशिक्षण के लिए रात्रि ट्रेनिंग की सुविधा विद्यालय द्वारा कराई गई है। चयनित खिलाड़ी 12 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक गोरखपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

# वैभव सूर्यवंशी को मिली ऑरेंज कैप

**■ आईपीएल 2026 के मोस्ट वैल्युबल खिलाड़ी के साथ ही जीते पांच अवॉर्ड**




**अहमदाबाद, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के एमवीपी और इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से नवाजा गया। इसके साथ ही वह एक ही सीजन में यह दोनों पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इसके अलावा 16 मुकाबलों में 776 रन बनाने के साथ ही ऑरेंज कैप भी उन्हें हासिल हुई।

रविवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया। मुकाबले के बाद हुए पुरस्कार वितरण समारोह में वैभव सूर्यवंशी को इन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट में सूर्यवंशी ने 237.30 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से बन बनाए। उन्होंने 72 छक्के लगाए और ऐसा करते हुए उन्होंने एक सीजन में क्रिस गेल (59) के सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सूर्यवंशी के प्रदर्शन ने राजस्थान रॉयल्स को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। न्यू चंडीगढ़ में खेले गए क्वालीफायर-2 में उन्हें गुजरात टाइटंस के हाथों हार झेलनी पड़ी।

ऑरेंज कैप की सूची में दूसरे स्थान पर गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल थे जिन्होंने 732 रन बनाए, वहीं उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन ने 722 रन के साथ सीजन समाप्त किया। पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे कगिसो रबाडा रहे जिन्होंने 17 मुकाबलों में 9-86 की इकॉनमी से सर्वाधिक 29 विकेट हासिल किए। भुवनेश्वर कुमार ने फाइनल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ दो विकेट हासिल कर पर्पल कैप हासिल कर लिया था क्योंकि उनकी इकॉनमी रबाडा से बेहतर थी। हालांकि रबाडा दूसरी पारी में देवदत्त पड़िक्कल का विकेट लेकर भुवनेश्वर से आगे निकल गए। भुवनेश्वर ने 16 मुकाबलों में 7.95 की इकॉनमी से 28 विकेट हासिल किए, जो कि एक सीजन में किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा लिए गए संयुक्त तौर पर दूसरे सर्वाधिक विकेट हैं। रबाडा ने दूसरी बार पर्पल कैप जीता। वह दो पर्पल कैप जीतने वालों की श्रेणी में शामिल हो गए जिसमें ड्वेन ब्रावो, भुवनेश्वर और हर्षल मौजूद हैं।

## अगले आईपीएल सीजन में भी बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करूंगा: सूर्यवंशी

**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और सबसे बहुमूल्य खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले राजस्थान रॉयल्य (आरआर) के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि वह अगले सीजन भी बेहतर प्रदर्शन करने का पूरा प्रयास करेंगे। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद सूर्यवंशी ने कहा कि काफी अच्छा लग रहा है लेकिन इस समय मैं दबाव में हूं क्योंकि इंटरव्यू के लिए आया हूं।

मैं अगले साल भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रयास करुंगा। अब मैं दूध नहीं पीता हूं (हंसते हुए)। मैं अपने गेम पर भरोसा जताता हूं और मैं सोचता हूं कि अगर पहली गेंद को हिट कर सकता हूं तो फिर ऑल आउट हिट के लिए जा सकता हूं। सूर्यवंशी ने यह तो बताया ही कि उन्हें इस सीजन क्या सीखने को मिला लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि वह अपनी फिटनेस पर काम करेंगे और चोट से बचने का पूरा प्रयास करेंगे।

उन्होंने ने कहा कि मैंने यह सीखा है कि आप हमेशा आक्रमण नहीं कर कर सकते हैं। आपको दबाव में खेलना होता है और परिस्थितियों और टीम के हिंसाब से भी खेलना होता है। मुझे अपनी फिटनेस पर काम करना होगा और चोट से बचना होगा। उल्लेखनीय है कि सूर्यवंशी ने इस सीजन 237-30 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से बन बनाए। उन्होंने 72 छक्के लगाए और ऐसा करते हुए उन्होंने एक सीजन में क्रिस गेल (59) के सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सूर्यवंशी के प्रदर्शन ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को प्लेऑफ में पहुंच. ाने में अहम भूमिका निभाई।

## मध्यमक्रम ने कोहली को खुलकर खेलने की दी आजादी: वरुण



**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेट वरूण ऐरन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भरोसेमंद मध्यमक्रम के कारण स्टार बल्लेबाज विराट कोहली खुलकर खेल पाए।

ईएसपीएन टाइम आउट कार्यक्रम के दौरान ऐरन ने यह बात कही। कार्यक्रम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट में टॉम मूडी ने कहा कि कोहली ने मैच में अपनी बल्लेबाजी का आनंद लिया। वहीं वरुण ऐरन का मानना है कि इसकी मुख्य वजह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मजबूत मध्यक्रम है। उनके अनुसार, वह ज्यादा आनंद इसलिए ले पा रहे हैं क्योंकि उनके पास भरोसेमंद मध्य क्रम है, जिसने कोहली को खुलकर खेलने की आजादी दी है। मूडी कहा कि इस साल कोहली के बारे में जो बात मुझे सबसे अलग लगती है, वह यह है कि वह बल्लेबाजी करते हुए वह इसका लुत्फ उठा रहे हैं। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में वह बल्लेबाजी को एक बिजनेस की तरह ले रहे थे। वह उस बिजनेस को बस संभाल रहे थे। लेकिन इस सीजन में मुझे ऐसा खिलाड़ी दिखा, जो सब कुछ छोड़कर सिर्फ खेल का लुत्फ उठा रहा है। उनकी प्रतिभा और क्लास की वजह से हर चीज बेहतर हो रही है, बाउंड्री, स्ट्राइक रेट, सब कुछ, क्योंकि उनके पास परफेक्ट गेम है। उन्होंने खुद को खुला छोड़ दिया है और वह लुत्फ उठा रहे हैं। इसका फायदा सभी को हो रहा है, आरस. ीबी को भी, प्रशंसकों को और खेल को भी।

ऐरन का तर्क है कि बदलाव केवल कोहली में नहीं, बल्कि आरसीबी की बल्लेबाजी क्रम में भी आया है। लंबे समय तक आरसीबी की बल्लेबाजी क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स और को. हली पर बहुत ज्यादा निर्भर रही। लेकिन अब रजत पाटीदार और देवदत्त पडिक्कल ऊपरी मध्यक्रम में, टिम डेविड और क्रुणाल पंड्या मध्यक्रम में और ऊपरी क्रम में फिल सॉल्ट व वेंकटेश अ"यर जैसे खिलाड़ियों के प्रभावशाली योगदान के कारण कोहली पर बोझ कम हो गया है। ऐरन ने कहा कि अब उन्हें पता है कि अगर वह आउट भी हो जाए तो दूसरे बल्लेबाज मौजूद हैं। हमने पावरप्ले में उनके इंटेंट की बात की है, लेकिन उनका फॉल्स-शॉट प्रतिशत भी बेहद ऊंचा है। यह 30 प्रतिशत से ऊपर के आसपास है। 24.82 प्रतिशत पिछले दस सीजन में सिर्फ दो बार इससे अधिक रहा है।

### खेल विशेष

### ऑस्ट्रेलिया फीफा विश्वकप में लगातार छठी बार लेगी हिस्सा

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल टीम 11 जून से शुरु होने वाले फीफा विश्वकप 2026 में लगातार छठी बार हिस्सा लेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम क्वालिफाइंग ग्रुप में जापान के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। पिछली बार, कतर 2022 में,ऑस्ट्रेलिया की फुटबॉल टीम, जिसे सॉकरूज के नाम से भी जाना जाता है ने राउंड ऑफ 16 में पहुंचकर विश्वकप में अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन दोहराया था। वहा, ऑस्ट्रेलिया को बाद में चैंपियन बनी टीम अर्जेंटीना के हाथों 2-1 से करीबी हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस बार कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में वे और भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे।

### गुलजार की तूफानी पारी से भवानी यूथ क्रिकेट क्लब की शानदार जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** भवानी यूथ क्रिकेट क्लब ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हराकर 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (रजि-) के ग्रुप 'सी ' मुकाबले में यादगार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। टीम की ओर से देव मेहरा ने शानदार संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए 53 गेंदों पर नाबाद 83 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनकी इस बेहतरीन पारी ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। प्रिस मेहरा (29 रन) और मानव (25 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

### महाकाल का आशीर्वाद लेकर मैच की तैयारी में जुटी उज्जैन फाल्कन्स

**(मध्य प्रदेश), वार्ता।** उज्जैन फाल्कन्स ने मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत से पहले यहां स्थित पवित्र महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। टीम के खिलाड़ी, कोचिंग स्टाफ, सहयोगी सदस्य और फ्रेंचाइजी प्रतिनिधि एक साथ मंदिर पहुंचे और आगामी सीजन के लिए भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। माधव तिवारी जैसे आईपीएल अनुभवी खिलाड़ी और युवा प्रतिभाओं से सुसज्जित फ्रेंच. इजी को लेकर प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल 2026 में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले माधव से टीम और मजबूती मिली है।

## 2026 एशियाई खेलों से पहले टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में 22 रोअर्स शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने अपनी 174वीं बैठक में, 2026 एशियाई खेलों (आइची-नागोया में होने वाले) और अन्य आने वाले प्रतियोगिताओं से पहले, कई रोअर्स को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया है। यह लिस्ट सालाना राट्रीय चयन ट्रायल्स और रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) द्वारा क्रू को अंतिम रूप दिए जाने के बाद तैयार की गई है। अब कुल 22 रोअर्स छह अलग-अलग नावों में टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप का हिस्सा हैं। यह क्रू अब रोइंग से जुड़े बड़े अंतर्राट्रीय मुकाबलों, जिनमें एशियाई खेल और विश्व कप सर्किट शामिल हैं,

के लिए तैयारी करेगा। शामिल किए गए प्रमुख नामों में पेरिस 2024 ओलंपियन बलराज पंवार, एशियाई खेल 2022 के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह, एशियाई खेल 2022 के दोहरे पदक विजेता जसविदर सिंह और अन्य शामिल हैं। इन 22 रोअर्स को अलग-अलग नावों के ग्रुप में बांटा गया है, जिनमें पुरुषों की एकल स्कल्स (एम1एक्स), पुरुषों की युगल स्कल्स (एम 2 एक्स), पुरुषों की क्वाड्रपल स्कल्स (एम 4 एक्स), लाइटवेट पुरुषों की युगल स्कल्स (एलएम 2 एक्स), पुरुषों की कॉक्स्ड एट (एम 4-) और महिलाओं की कॉक्सलेस फोर्स (डब्ल्यू 4-) शामिल हैं। जहां शामिल किए गए ज्यादातर एथलीट्स को सीधे तौर पर 2026 एशियाई खेलों के चक्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए तैयार किया जा रहा है। इन कई भारतीय रोअर्स को टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल करना, केवल व्यक्तिगत पदक की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, कई नाव श्रेणियों में एक स्थाई बेंच स्ट्रेंथ बनाने का एक और प्रयास है। चूंकि भारत 2030 में राट्रमंडल खेलों के शताब्दी संस्करण की मेजबानी करने वाला है।

## सिंगापुर ओपन में ऐतिहासिक जीत पर सात्विक-चिराग को बधाई दी




**हैदराबाद, वार्ता।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए- रेवंत रेड्डी ने भारतीय बैडमिंटन सितारों सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को प्रतिठित सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में पुरुषों का युगल खिताब जीतने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में, मुख्यमंत्री ने इस भारतीय जोड़ी की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की।

इस जोड़ी ने फाइनल में दुनिया की नंबर 3 इंडोनेशियाई जोड़ी को एक शानदार वापसी करते हुए हराया था। रेवंत रेड्डी ने कहा कि सात्विक और चिराग सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय डबल्स जोड़ी बन गए हैं, और उन्होंने इसे भारतीय बैडमिंटन के लिए एक गर्व का क्षण बताया।

## आईपीएल में लगातार तीसरी बार ट्रॉफी जीतने पर होगा अब सारा फोकस: पाटीदार

**■ गुजरात टाइटंस को हराकर सोमवार तड़के करीब एक बजे आईपीएल ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे पाटीदार**




**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने हम जीत का जश्न माना रहे लेकिन हमारा ध्यान अब इस बात पर है कि इस लगातार तीसरी बार यह कैसे किया जाए। गुजरात टाइटंस को हराकर सोमवार तड़के करीब एक बजे आईपीएल ट्रॉफी के साथ संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे पाटीदार के चेहरे पर एक बड़ी मुस्कान थी।

जो व्यक्ति आमतौर पर अपनी भावनाएं ज्यादा जाहिर नहीं करता, उसके लिए यह मुस्कान किसी भी शब्द से अधिक कह रही थी। उनके बगल में रखी ट्रॉफी को बीच-बीच में देखना और उसे महसूस करना उस कप्तान की संतुटि को दिखा रहा था। इस पल को और भी खास बनाने वाली बात इसका समय था। यह उनका 33वां जन्मदिन भी था। उन्होंने कहा कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, यह शानदार एहसास है। आज मेरा जन्मदिन है और इससे बेहतर तोहफा नहीं हो सकता। मैं ऐसा इंसान हूं, जो हमेशा वर्तमान में जीने पर ध्यान देता है। हमने लगातार दो खिताब जीते हैं, इसका जश्न मनाएंगे, लेकिन अब ध्यान इस बात पर होगा कि लगातार तीसरी बार यह कैसे किया जाए। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। जब आप ट्रॉफियां जीतते हैं, तो व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं देखते। इससे बड़ा कुछ नहीं है। जब उनसे दोनों खिताबी सफर की तुलना करने को कहा गया, तो पाटीदार को लगा कि 2026 का खिताब कहीं न कहीं पहले से तय सा लग रहा था, क्योंकि लीग चरण में टीम का दबदबा साफ दिखाई दिया था। उन्होंने कहा, पिछले साल काफी दबाव था इस साल मैं ज्यादा शांत था। पूरे टूर्नामेंट में हमने सिर्फ खेला नहीं, बल्कि दबदबा बनाया। मुझे भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो आरसीबी के लिए दूसरा खिताब जीत सकते हैं। कप्तान के तौर पर मैं बहुत ज्यादा भावनाएं जाहिर नहीं करता, लेकिन साथ ही मैच की परिस्थितियों को समझता हूं। बेशक आपको समर्थन की जरूरत होती है और मुझे टीम प्रबंधन व खिलाड़ियों से भरपूर समर्थन मिला। जिन चीजों पर उन्होंने सबसे ज्यादा मेहनत की, उनमें बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग रखना शामिल था। बल्लेबाजी की तैयारी उन्होंने ऑफ-सीजन में दिनेश कार्तिक के साथ की थी, जिसका शानदार नतीजा सीजन के दौरान देखने को मिला। पाटीदार ने 192-69 के स्ट्राइक रेट से 501 रन बनाए। 2021 में डेब्यू के बाद किसी एक सीजन में यह उनका सर्वश्रेठ प्रदर्शन रहा। उन्होंने कहा कि मैंने कप्तान और बल्लेबाज दोनों भूमिकाओं में बहुत कुछ सीखा। मैं इस बात पर ध्यान देता हूं कि बल्लेबाजी के लिए खुद को कितना समय देता हूं। सीजन से पहले मैंने नेट्स में काफी समय बिताया केवल मैं और गेंदबाज। दिनेश कार्तिक भाई के साथ मेरी काफी बातचीत हुई।

## ऑस्ट्रेलिया की फीफा विश्व कप टीम में वोल्पाटो को मिली जगह

**सिडनी, वार्ता।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को 2026 फीफा विश्व कप के लिए अपनी टीम का की घोणा कर दी है इस टीम में 17 ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो पहली बार विश्व कप खेल सकते हैं और दो ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक कोई अंतर्राट्रीय मैच नहीं खेला है।

चयनकर्ताओं ने टीम में इटली में रहने वाले अटैकिंग प्लेमेकर क्रिस्टियन वोल्पाटो को भी शामिल किया गया है। वोल्पाटो ने अंतर्राट्रीय स्तर पर इटली के बजाय ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलने का फैसला किया है और वह वर्ल्ड कप में अपना पहला सीनियर अंतर्राट्रीय मैच खेलने के लिए तैयार हैं। 22 साल के वोल्पाटो का जन्म ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, लेकिन उन्होंने यूथ इंटरनेशनल स्तर पर इटली की तरफ से खेला था। टीम में उनके साथ ऐसे स्ट्राइकर टेटे एंगी भी शामिल हैं, जिन्होंने अभी तक कोई अंतर्राट्रीय मैच नहीं खेला है और जो जापान में क्लब फुटबॉल खेलते हैं। विश्व कप में टीम की कप्तानी गोलकीपर मैट रयान और विगर मैथ्यू लेकी करेंगे। ए दोनों सॉकरूस के तीसरे और चौथे ऐसे खिलाड़ी बन जाएंगे जो चार वर्ल्ड कप में खेलेंगे। हेड कोच टोनी पोपो. विक ने एक बयान में कहा कि इस फाइनल वर्ल्ड कप टीम को चुनने में कई बातों का ध्यान रखा गया है। कुछ मुश्किल फैसले भी लेने पड़े, बड़े टूर्नामेंट्स में ऐसा ही होता है।

## रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी माथियास बो के साथ फिर से जुड़े

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की शीर्ष युगल बैडमिंटन जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, आने वाली बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियन गेम्स से पहले डेनमार्क के अपने पुराने कोच मैथियास बो के साथ फिर से जुड़ गए हैं। मैथियास बो, जो पुरुषों के डबल्स में लंदन 2012 ओलंपिक के रजत पदक विजेता हैं,

ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर बताया कि उन्होंने अप्रैल में थॉमस कप शुरू होने से पहले ही भारत की टॉप पुरुषों की युगल बैडमिंटन जोड़ी के साथ चुपके से काम करना शुरू कर दिया था। बो ने स्पट किया कि वह भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए कंसल्टेंट के तौर पर काम करेंगे, साथ में मलेशिया के मौजूदा नेशनल टीम कोच टैन किम हेर भी होंगे। बो का मुख्य फोकस टैक्टिकल इनपुट और मैच एनालिसिस पर रहेगा, जबकि टैन इस जोड़ी के साथ फुल-टाइम कोच के तौर पर काम करते रहेंगे। मैथियास बो ने इंस्टाग्राम पर लिखा, अंदाजा लगाइए, कौन फिर से साथ आ गया है? अब जब मेरे पास थोड़ा ज्यादा समय है, तो थॉमस कप से पहले ही मैंने सात्विक और चिराग के साथ फिर से चुपके से काम करना शुरू कर दिया है।

## मोदी ने एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 19 पदक जीतने पर दी बधाई

**■ शानदार प्रदर्शन भारत के युवा खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और उत्कृटता का प्रतीक है: मोदी**



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण सहित कुल 19 पदक जीतने पर भारतीय दल को हार्दिक बधाई दी है। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर शुभकामना संद. ेश पोस्ट करते हुए कहा कि यह शानदार प्रदर्शन भारत के युवा खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और उत्कृटता का प्रतीक है। उनकी यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का विाय है। आशा है कि उनकी सफलता आने वाले वर्षों में और अधिक युवा भारतीयों को खेलों को अपनाने तथा उत्कृटता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। प्रधानमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविय और निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि एशियाई अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रविवार को भारतीय महिलाओं की 4गुना400 मीटर रिले टीम ने स्वर्ण पदक जीता। भारतीय दल ने चैंपियनशिप के अंतिम दिन तीन और स्वर्ण पदक जीते, जिससे कुल स्वर्ण पदकों की संख्या10 हो गई। भारतीय दल कुल 19 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय टीम ने 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक जीत के साथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपना लौहा मनवाया। चीन इस चैंपियनशिप में 14 स्वर्ण, नौ रजत और दो कांस्य पदकों के साथ कुल 25 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा और जापान कुल 18 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

क्वोयुक ने स्वियातेक को हराकर फ्रेंच ओपन में किया उलटफेर पेरिस। चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक चौथे राउंड में बाहर हो गई, जबकि रोमानिया की सोराना सिर्स्टिया 17 साल में पहली बार रोलैंड गैरोस क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर महिलाओं के वर्ग में हुआ, जहां 15वीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की मार्टा क्वोयुक ने तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की स्वियातेक को एक घंटे 39 मिनट में 7-5, 6-1 से हरा दिया। स्वियातेक, जो टूर्नामेंट में पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक थीं, पहले सेट में कड़े मुकाबले के बाद मैच पर दोबारा पकड़ बनाने के लिए संर्घा करती रहीं। उन्होंने कहा कि मैंने मैच पर से अपना नियंत्रण खो दिया, और मेरे पास वापसी का कोई रास्ता नहीं था, क्योंकि मुझे लगातार बुरा महसूस हो रहा था। स्वियातेक ने कहा कि मैं आज इसलिए हारी क्योंकि मार्टा ने मौके का फायदा उठाया, और मैं बहुत अधिक तनाव में थी। मुझे यह विश्वास रखना होगा कि मैं इस मुश्किल से उबर सकती हूं और इतनी जल्दी विचलित नहीं होऊंगी। क्वोयुक क्वार्टरफाइनल में अपनी हमवतन यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना से भिड़ेंगी। स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की बेलिडा बेनसिक को हराकर निर्णायक सेट 6-0 से जीता।

# माँ शाकम्भरी देवी खोल को किया जाए चैनलाइज: योगी

## मुख्यमंत्री ने की माँ शाकम्भरी देवी सिद्धपीठ खोल में अचानक जलप्रवाह के कारण हुई दुर्घटना की समीक्षा, कहा-आपदा की स्थिति में समय से हो अलर्ट

■ बाबा भूरा देव मंदिर एवं माँ शाकम्भरी देवी मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ की पूजा अर्चना








**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/ बेहट/साढौली कदीम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद भ्रमण के दौरान बाबा भूरा देव मंदिर एवं माँ शाकम्भरी देवी मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर स्थलीय निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होने माँ शाकम्भरी देवी खोल में अचानक जलप्रवाह के कारण हुई दुर्घटना के संबंध में बैठक की।

मण्डलायुक्त डॉ रूपेश कुमार एवं जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया। पुलिस व्यवस्थाओं के दृष्टिगत पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन द्वारा जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री ने एलिवेटेड रोड के निर्माण की प्रगति को जाना। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिरिक्त श्रमिक लगाकर शारदीय नवरात्रि तक इसको पूर्ण करने का प्रयास किया जाए नहीं तो दिसंबर माह तक प्रत्येक दिशा में इसको अवश्य पूरा कर लिया जाए। इसके निर्माण में समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जब तक पुल निर्माणाधीन है तक आम जनों के सुविधा के दृष्टिगत खोल के अंदर से आवागमन के लिए एक वैकल्पिक योजना बनाई जाए तथा चौनलाईज किया जाए।

योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि पार्किंग व्यवस्था को भूरा देव मंदिर के समीप उचित स्थान पर बनाया जाए। खोल में जल भराव होने की अवस्था में आम जनों को सुरक्षित रखने के दृष्टिगत खोल के दोनों तरफ बोल्डर का प्रयोग किया जाए। आपदा की स्थिति में समय से अलर्ट हो तथा आपदा में हानि होने की स्थिति में इसकी सूचना शासन को यथाशीघ्र दी जाए जिससे कि समय रहते उच्च स्तर पर राहत कार्य किए जा सके। उन्होंने कहा कि आपदा मनुष्य के नियंत्रण में नहीं होती लेकिन तकनीक का प्रयोग कर जन हानि तथा धन हानि को कम किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने अचानक बाढ़ आने से हुई जनहानि एवं धनहानि की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने दुकानदारों के हुए आर्थिक नुकसान का परीक्षण कराकर नियमानुसार मुआवजा देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु यथासंभव व्यवस्थाएं की जाए जिससे कोई भी श्रद्धालु बिना दर्शन किए न रहे। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने बताया कि जनहानि होने पर संबंधित के परिजनों को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

बैठक में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एंव औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, महापौर डॉ. अजय सिंह, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक गंगोह किरत सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, एमएलसी श्रीचन्द शर्मा, जिलाध्यक्ष अजीत राणा, महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व विधायक नरेश सैनी, एडीजी भानू भास्कर, मण्डलायुक्त डॉ रूपेश कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, एसपी देहात मयंक पाठक एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीएम योगी का शंकराचार्य महंत सहजानंद महाराज ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी के दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शंकराचार्य आश्रम के बाहर भव्य स्वागत किया गया। शंकराचार्य आश्रम प्रभारी महंत भैरवतंत्राचार्य सहजानंद महाराज ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर अभिनंदन किया तथा उनके सफल एवं जनकल्याणकारी नेतृत्व की सराहना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के दौरान आश्रम परिसर में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर महंत भैरवतंत्राचार्य सहजानंद महाराज ने मुख्यमंत्री को मां शाकंभरी देवी धाम के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व की जानकारी देते हुए क्षेत्र के विकास एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने भी आश्रम के संतों का अभिवादन स्वीकार करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। शंकराचार्य आश्रम में हुए इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। इस अवसर पर पंडित अमन कौशिक सहित आश्रम से जुड़े अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आदित्य ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर क्षेत्र में बार-बार आने वाली बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मंदिर प्रबंधन ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है।

सीएम को सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि अतिवृष्टि के दौरान शाकंभरी देवी मंदिर परिसर में बाढ़ की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे भवनों और भूमि का कटाव होने के साथ-साथ जन-धन की हानि भी होती है। इसके अलावा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और क्षेत्र के निवासियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मंदिर प्रबंधन ने मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रस्ताव में तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। पहली मांग के तहत शाकंभरी खोल क्षेत्र में एक स्थायी बाढ़ चौकी स्थापित करने की बात कही गई है, ताकि अचानक बाढ़ आने की स्थिति में समय रहते सूचना मिल सके और बचाव कार्य शुरू किए जा सकें। दूसरी मांग में रक्ता दंतिका माता मंदिर के उत्तर दिशा में आधुनिक मौसम संबंधी उपकरण लगाने का सुझाव दिया गया है, जिससे बाढ़ की पूर्व चेतावनी प्राप्त हो सके और मंदिर क्षेत्र में समय रहते सुरक्षा एवं राहत संबंधी कदम उठाए जा सकें।

# हार्ट डिजिज का इलाज बिना सर्जरी संभव: डा. सुधांशु



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फोर्टिस हास्पिटल मोहाली से आए वरिष्ठ कार्डियोलोजिस्ट डॉ. सुधांशु बुडाकोटी न कहा अब वाल्वुलर हार्ट डिजिज का इलाज सर्जरी के बिना भी सम्भव है। उन्होंने कहा वाल्व में क्लीपिंग लगाकर उसका इलाज किया जाता है।

डा. सुधांशु आज जीपीओ रोउ स्थित एक होटल के सभागार में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित वैज्ञानिक गोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब हार्ट मे लीडलैस पेसमेकर लगाए जाते हैं, जिसमें बैट्री की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था में जब बाईपास सर्जरी या स्टेन्ट डालना, बहुत मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में इन्ट्रा वैसकलर लिथोट्रिपसी के जरिए स्टेन्ट डाला जाता है। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा ने कहा कि नई तकनीक के आने वाल्वुलर हार्ट डिजिज का इलाज बहुत आसान हो गया है। उन्होंने सभी चिकित्सकों से कहा कि गरीब मरीजों का ध्यान रखे। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक सचिव डॉ. कलीम अहमद ने किया। इस मौके पर डॉ. नरेश नौसरान, डॉ. मोहन सिंह, डॉ. रेणू शर्मा, डॉ. मनदीप सिंह, डॉ. सुधीर अग्रवाल, डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. पूनम कुमार, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. रिकी चौधरी, डॉ. अंशुल गुप्ता, डॉ. पंकज खन्ना, डॉ. पूनम मखीजा, डॉ. विनिता मल्होत्रा, डॉ. शशिकांत सैनी, डॉ. स्वर्णजीत सिंह, डॉ. महेश चन्द्रा, डॉ. रजनीश सिंघल, डॉ. विक्रम सिंह पुण्डीर, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. सऊद हसन, डॉ. अजय कुमार जैन, डॉ. सुभाष सहगल, डॉ. रविन्द्र राणा, डॉ. सुशान्त शर्मा, डॉ. अजय सिक. रवार, डा. के. के मक्कड़ चिकित्सक उपस्थित रहे।

# उ.प्र. शिया सैन्ट्रल वक्फ बोर्ड के स्थायी अधिवक्ता पद से मंजर काजमी का इस्तीफा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के जिला जज न्यायालय सहारनपुर में नियुक्त अवैतनिक स्थायी अधिवक्ता मंजर हुसैन काजमी एडवोकेट ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है।

अपने त्यागपत्र में मंजर हुसैन काजमी ने कहा है कि उन्हें वर्ष 2019 में वक्फ बोर्ड द्वारा सहारनपुर जनपद में वक्फ संबंधी मुकदमों की पैरवी के लिए अवैतनिक स्थायी अधिवक्ता नियुक्त किया गया था और उन्होंने पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ वक्फ बोर्ड के हित में कार्य किया। उन्होंने बताया कि वक्फ गुलाम मुस्तुफा खां मस्जिद अंसारियान (वक्फ संख्या आई-707) के प्रबंधन को लेकर स्थानीय शिया समाज के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा 11 सदस्यीय समिति के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसकी उन्होंने स्थायी अधिवक्ता होने के नाते संस्तुति की थी। त्यागपत्र में काजमी ने आरोप लगाया है कि उनकी संस्तुति के बाद कुछ लोगों ने उनसे मतभेद शुरू कर दिए और उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। उनका कहना है कि वह किसी भी प्रकार के दबाव में रहकर वक्फ संपत्तियों के हितों के विरुद्ध कार्य नहीं कर सकते। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग सहारनपुर की विभिन्न वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन पर अपने परिजनों का प्रभाव स्थापित करना चाहते हैं। मंजर हुसैन काजमी ने कहा कि वक्फ संपत्तियों के हितों से समझौता करने के बजाय उन्होंने अपने पद से त्यागपत्र देना उचित समझा।

# वंशिका सम्मानित

**गंगोह।** जिलाधिकारी के निर्देशन में सहारनपुर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की मेधावी छात्रा वंशिका पांचाल पुत्री विनोद कुमार को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष उमेश गोयल, प्रबंधक नीरज अग्रवाल, गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी के प्रबंधक राक.ेश तायल, कोषाध्यक्ष संजय कांत गुप्ता प्रधानाचार्य शुभम गुप्ता अजय शर्मा तथा विद्यालय स्टाफ ने छात्रा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

ईद उल अजहा की दिली मुबारकबाद



सुलतान अहमद
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भा. कि. यू. तोमर भावी प्रधान प्रत्याशी ग्राम पंचायत भट्पुरा



फरमान अली
पूर्व प्रधान भटपुरा भावी जिला पंचायत प्रत्याशी वार्ड नम्बर. 3

# सब्जी व फल विक्रेता से बाइक सवारों ने की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** सब्जी व फल विक्रेता से दो बाइक सवारो ने करीब 700 रूपयो की ठगी कर ली फल विक्रेता ने डायल 112 पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुचकर सीसीटीवी कैमरा फुटेज निकलवाई।

नानौता थाना क्षेत्र के गांव छछरौली निवासी समय सिंह पुत्र चोहल सिंह ने बताया कि उसने गाँव मे मस्जिद के पास सब्जी व फल की दुकान लगा रखी थी, दोपहर बाद एक बाइक पर दो युवक सवार होकर उनके पास आये ओर दो खरबूजे लेकर पांच सौ का नोट दिया।

सब्जी व्यापारी ने बाकी पैसे देने के लिए जैसे ही खुले पैसे जेब से निकाले, आरोपी ठग खरबूजा महंगा बताकर वापस करने को कहने लगे। सब्जी दुकानदार से आरोपी दस रूपये कम करने को कहने लगे ओर बातो मे उलझाकर अपने पाँच सौ रूपये व दुकानदार के 700 रूपये लेकर फरार हो गये।

सब्जी दुकानदार जब तक समझ पाता आरोपी फरार हो गये। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज निकलवाये जिसमे बाइक सवार दो व्यक्ति नजर आ रहे है।

# वंचित वर्गों की आवाज नहीं दबने देंगे: मनजीत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** आयोजित आरक्षण लागू करो आंदोलन में भीम आर्मी जय भीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह नौटियाल ने भाग लेते हुए आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आरक्षण और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष करना संविधान प्रदत्त अधिकार है और समाज के वंचित वर्गों की आवाज को बुलंद करने के लिए आंदोलन जारी रहेगा।

मनजीत सिंह नौटियाल ने कहा कि आंदोलन को रोकने के लिए शासन और प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किए गए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के सहारनपुर दौरे के बावजूद आंदोलनकारियों ने लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपनी बात मजबूती से रखी।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों पर चलने वाले कार्यकर्ता संघर्ष से पीछे हटने वाले नहीं हैं। संगठन ने संविधान में दिए गए अधिकारों का पूर्ण रूप से उपयोग करते हुए आंदोलन को सफल बनाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आंदोलन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें जय भीम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारों की लड़ाई को आगे भी मजबूती से जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिषेक जंधेड़ी, लीगल सेल जिला अध्यक्ष एडवोकेट सुमित कुमार, विधानसभा अध्यक्ष रजनीश कुमार, शुभम कुमार, डॉ. सन्नी कुमार तथा धर्म सिंह प्रजापति सहित संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षक व समाज के हकों की रक्षा प्राथमिकता: श्रीचंद्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एमएलसी श्रीचंद्र शर्मा ने कहा कि शिक्षकों और समाज के अधिकारों की रक्षा प्राथमिकता हमेशा रहेगी।

श्रीचंद्र शर्मा आज बीएचएस इंटर कालेज में शिक्षक प्रबंधक प्रधानाचार्य गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चाहे आयुष्मान सुविधा पर शिक्षा विभाग के नई योजना शुरू कराई गई या या विधान परिषद में मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और कुछ पूरे भी कराये गये। इस दौरान श्रीचंद्र शर्मा ने अपनी एक संकल्प पुस्तिका जारी की। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अनेश शर्मा ने भी विचार रखे।

ब्रज ब्राह्मण स्कूल सोसाइटी के प्रबंधक अंकित शर्मा व प्रधानाचार्य परीक्षा अध्यक्ष राजवीर सिंह ने सयुक्त रूप से कहा कि प्रबंधक प्रधानाचार्य शिक्षक समाज का महत्पूर्ण अंग है और शिक्षक समाज का आईना होते है। अंकित शर्मा ने श्रीचंद्र शर्मा को पुन: भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई दी। अध्यक्ष संजय शर्मा व उप प्रबंधक सर्वजीत शर्मा ने विद्यालय के इतिहास पर प्रकाश डाला और विधायक को समस्याओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर डॉ हरिप्रकाश शर्मा, प्रधानाचार्य मनोज शर्मा, उप प्रधानाचार्य जसवंती देवी ने विधायक श्रीचंद्र शर्मा को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया। साथ ही पार्षद गौरव कपिल, अनुज जैन व नामित पार्षद निशांत शर्मा को संस्था की और से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अनूप सिंह, दीपक गुप्ता, अजय गुप्ता, मोहन सिंह, नेत्रपाल सिंह, बृजेश शर्मा, संजीव झिंगारन, राजबीर सिंह, गिरीश शर्मा, राजीव शर्मा, दुर्गा प्रसाद भारद्वाज, शिक्षक अशोक शर्मा, प्रदीप शर्मा, राजीव शर्मा, काशीराम शर्मा, सोनिया कपूर, मयक शर्मा, अरविंद शर्मा, विकास सेनी, विनय कुमार, मोिं. हत शर्मा, बाबूराम कुमार, पारस कुमार, अनुज वशिष्ठ, विनोद शर्मा आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पीएचसी स्टाफ ने पिलाया शरबत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लेबर कॉलोनी के समस्त स्टॉफ द्वारा मीठी छबील का आयोजन किया गया। इस दौरान पैरामेडिकल स्टॉफ एवं आशा कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को मीठा शरबत एवं शुद्ध पेयजल वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाई।

लेबर कॉलोनी में आयोजित शिविर में लोगों ने मीठा जल ग्रहण किया और इस जनसेवा कार्य की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य केंद्र के स्टॉफ ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष मानव सेवा एवं जनकल्याण की भावना से ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है और इसी उद्देश्य के साथ स्वास्थ्य केंद्र का स्टॉफ समा. जहित में निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर डॉ. प्रतिभा रानी, अलंकिता, ज्योति राय, सरिता सैनी, फरमान, प्रियंका, विपिन कश्यप, नीरज, उषा, पूजा, कविता, गीता, राधा, सन्नी एवं मो. निका सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कथा को विश्राम

**गंगोह।** श्रीमद्भागवत सप्ताह के अंतिम दिन कथा वाचक ने कहा कि प्रेम के माध्यम से हर कार्य करना सरल है। समाज में कुछ लोग ही अछे कर्मों द्वारा सदैव याद किया जाता है।

कालेज मार्ग स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में चल रही श्रीमद्भागवत के सातवें दिन कथा का समापन कर दिया गया। अंतिम दिन कथा वाचक सुधीर शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण की सर्वोपरी लीला, रास लीला, मथुरा गमन, कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंस वध, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन में उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। इससे पूर्व कथा के आरंभ में पूजन किया गया।



कोलकाता। राज्यव्यापी महिला मुफ्त बस यात्रा योजना लागू होने के बाद यात्रियों का टिकट देखती महिला कंडक्टर।

## जापान ने की ईरान से होर्मुज स्ट्रेट जल्द खोलने की मांग

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से फोन पर बात की और अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए सकारात्मक रुख अपनाने की अपील की। ताकाइची ने कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के पास समझौते का अच्छा मौका है और उसे इसका फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को जल्द से जल्द खोलने की भी मांग की। जापान का कहना है कि इस रास्ते से एशिया और दुनिया के कई देशों के जहाज गुजरते हैं, इसलिए वहां आवाजाही सुरक्षित और सामान्य होनी चाहिए।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा संबंधों को और मजबूत किया

## दोनों देशों में समुद्री सुरक्षा और रक्षा उद्योग सहयोग पर नई पहलों पर सहमति बनी

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अपनी रणनीतिक रक्षा साझेदारी को मजबूती से आगे बढाते हुए समुद्री सुरक्षा, रक्षा उद्योग, परस्पर सैन्य संचालन क्षमता और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने सोमवार को यहां दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री संवाद की सह अध्यक्षता की। सिंह ने बैठक के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ मेरी एक बेहतरीन बैठक हुई। हमने मिलकर द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के पूरे दायरे की समीक्षा की और इसे और आगे बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर चर्चा की। भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति करने के लिए पूरी तरह तैयार है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने पिछले



■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने सोमवार को यहां दूसरे भारत व ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री संवाद की सह अध्यक्षता की

वर्ष अक्टूबर पहले संवाद के बाद से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के क्षेत्र में प्रगति की समीक्षा की। दोनों मंत्रियों ने संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रूपरेखा को अंतिम रूप देने के प्रयासों का समर्थन किया और समुद्री गश्ती विमानों के बीच अधिक सहयोग के माध्यम से समुद्री क्षेत्रीय जागरूकता बढ़ाने पर सहमति जताई। साथ ही समुद्र के भीतर निगरानी के अवसरों का पता लगाने का भी निर्णय लिया गया। दोनों पक्षों ने भारतीय तटरक्षक बल और ऑस्ट्रेलिया की समुद्री सीमा कमान के बीच गहरे सहयोग का भी समर्थन किया। उन्होंने स्वतंत्र, खुले और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अपने साझा दृष्टिकोण के अनुरूप नौवहन और हवाई मार्ग की स्वतंत्रता, निर्बाध व्यापार तथा समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि सहित अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के पालन के प्रति अपना समर्थन दोहराया। मंत्रालय ने बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन के समुद्री सुरक्षा पर कार्य समूह के सह-अध्यक्ष के तौर पर, हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए इस महीने चेन्नई स्थित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र में संयुक्त रूप से एक 'खोज और बचाव' तथा 'टेबलटॉप अभ्यास' आयोजित करने के लिए तैयार हैं।

दोनों पक्षों ने 2020 के 'पारस्परिक लॉजिस्टिक्स सहायता समझौते' के आधार पर अभ्यासों और अभियानों के लिए प्रक्रियात्मक अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने के लिए व्यवस्थाओं का पता लगाने का संकल्प लिया। उन्होंने परिचालन संबंधी समझ और तालमेल बनाने के लिए एक-दूसरे के क्षेत्रों से विमानों की तैनाती जारी रखने पर भी सहमति व्यक्त की। मंत्रियों ने घोषणा की कि भारत और ऑस्ट्रेलिया रक्षा औद्योगिक सहयोग बढाने के अगले कदम के रूप में 'रक्षा सामग्री और रक्षा सेवाओं के प्रावधान' से संबंधित एक समझौता ज्ञापन को भी अंतिम रूप देने पर काम करेंगे। उन्होंने रक्षा औद्योगिक सहयोग और संपर्क के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया, और इसे द्विपक्षीय रक्षा उद्योग संबंधों में हो रही वृद्धि का एक प्रतिबिंब माना।

# अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर किया हमला

## ईरान ने जवाबी हमले में सीरिक आइलैंड के पास अमेरिकी ऑपरेशन में इस्तेमाल एयरबेस को निशाना बनाया

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका-ईरान के बीच जारी संघर्षविराम को आगे बढ़ाने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के उद्देश्य से किए गए प्रस्तावित समझौते में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से कुछ बदलाव सुझाकर उसे वापस भेजने के बावजूद ईरान और अमेरिका के बीच हमलों और जवाबी हमलों का सिलसिला जारी है।

अमेरिका और ईरान के बीच सप्ताहांत में हुए इस ताजा सैन्य टकराव के बीच, परदे के पीछे राजनयिक प्रयास भी जारी हैं ताकि एक व्यापक समझौता किया जा सके और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर नए सिरे से बातचीत की रूपरेखा तैयार की जा सके। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि उसने 'ईरान की आक्रामक कार्रवाइयों' के जवाब में शनिवार और रविवार को ईरानी सैन्य ठिकानों के खिलाफ 'आत्मरक्षा में हमले' किए। इस कार्रवाई के तहत दक्षिणी ईरान में रडार प्रणालियों और ड्रोन कमांड-एंड-कंट्रोल केंद्रों को निशाना बनाया गया। यह कार्रवाई ईरान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहे एक अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराए जाने के कथित दावे के



■ अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियों, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो हमलावर ड्रोनों को नष्ट कर दिया

बाद की गई। सेंटकॉम ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणालियों, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो हमलावर ड्रोनों को नष्ट कर दिया, जो क्षेत्रीय जलक्षेत्र से गुजरने वाले वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों के लिए खतरा बने हुए थे। अमेरिकी सेना ने यह भी स्पष्ट किया कि इस अभियान के दौरान किसी भी अमेरिकी कर्मी को चोट नहीं आई है। ईरान की ओर से भी इस पर जवाबी कार्रवाई की गई। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि उसने दक्षिणी ईरान पर हुए हमले के जवाब में अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक हवाई ठिकाने (एयर बेस) को निशाना बनाया, हालांकि उन्होंने उस स्थान का नाम नहीं बताया।

ईरान ने यह भी दावा किया कि उसने एक ऐसे अमेरिकी एयर बेस पर हमला किया है जिसका इस्तेमाल खाड़ी में स्थित सिर्री द्वीप पर एक दूरसंचार केंद्र पर हमले करने के लिए किया गया था। आईआरजीसी ने इस बेस के स्थान की पहचान उजागर नहीं की, लेकिन चेतावनी दी कि अमेरिका की तरफ से किसी भी अगली सैन्य कार्रवाई का इससे कहीं अधिक कड़ा जवाब दिया जाएगा। यह घोषणा कुवैत द्वारा दिए गए उस बयान के तुरंत बाद आई, जिसमें अमेरिकी बेस की मेजबानी करने वाले कुवैत ने कहा था कि उसकी हवाई रक्षा प्रणालियों ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को हवा में ही रोक दिया है। हालांकि, कुवैती अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि ए मिसाइलें और ड्रोन कहां से दागे गए थे। यद्यपि अप्रैल की शुरुआत में संघर्षविराम लागू होने के बाद से दोनों पक्षों के बीच कई बार गोलीबारी हुई है, लेकिन हालिया घटनाओं ने इन चिंताओं को बढ़ा दिया है कि यदि राजनयिक प्रयास धीमे पड़े तो यह युद्धविराम टूट सकता है। अस्थायी संघर्षविराम को एक अधिक स्थायी समझौते में बदलने के उद्देश्य से चल रही बातचीत ने हाल के हफ्तों में गति पकड़ी है। ट्रम्प ने बार-बार भरोसा जताया है कि समझौता जल्द ही हो सकता है। सोमवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने आलोचकों से 'आराम से बैठने' का आग्रह करते हुए कहा कि ईरान 'वास्तव में समझौता करना चाहता है' और इसका परिणाम अंततः अमेरिका के पक्ष में होगा। खबरों के मुताबिक, समझौते के नवीनतम मसौदे में 60 दिनों के लिए युद्धविराम को बढ़ाने, होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के उपाय और ईरान की परमाणु गतिविधियों पर बातचीत को दोबारा शुरू करने का एक ढांचा शामिल है। हालांकि, अभी तक किसी अंतिम समझौते की घोषणा नहीं की गई है।

## ईरान ने राष्ट्रपति पेजेशकियान के इस्तीफे की खबरों का खंडन किया

**तेहरान।** ईरान ने राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के इस्तीफा देने की खबरों का खंडन किया है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने रविवार को मीडिया की उन खबरों का खंडन किया, जिनमें दावा किया गया था कि मसूद पेजेशकियान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय में संचार मामलों के उप-प्रमुख सैयद मेहदी तबातबाई ने 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति पेजेशकियान लोगों की सेवा करने से पीछे नहीं हटेंगे, ठीक वैसे ही जैसे ईरानी राष्ट्र एकजुटता और प्रतिरोध के मार्ग से पीछे नहीं हटेगा। यह टिप्पणी तब आई जब लंदन स्थित मीडिया संस्थान 'ईरान इंटरनेशनल' ने दिन में पहले यह रिपोर्ट दी थी कि पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के कार्यालय में अपना इस्तीफा सौंप दिया है। रिपोर्ट में एक अधिकारी का हवाला देते हुए आरोप लगाया गया कि उस पत्र में 'इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स' की आलोचना की गई थी।

## ईरान परमाणु समझौता चाहता है आलोचक शांत व निश्चित रहें: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका के साथ एक समझौते पर पहुंचने के लिए उत्सुक है और उम्मीद है कि किसी भी संभावित समझौते से अमेरिका तथा उसके सहयोगी दोनों को लाभ होगा। ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में राजनीतिक विरोधियों और अपनी ही पार्टी के कुछ सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि जारी बातचीत पर सार्वजनिक टिप्पणियां राजनयिक प्रयासों को और ज्यादा कठिन बना रही है। उन्होंने कहा कि ईरान वास्तव में समझौता करना चाहता है और यह समझौता अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने डेमोक्रेट्स और कुछ रिपब्लिकन पर बातचीत को कमजोर करने का आरोप लगाया क्योंकि वे बार-बार अलग-अलग दृष्टिकोणों की वकालत कर रहे हैं, जिनमें बातचीत को तेज करना और सैन्य कार्रवाई करना शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि बस आराम से बैठिए क्योंकि अंत में सब कुछ ठीक हो जाएगा-हमेशा ऐसा ही होता है। ट्रम्प की ये टिप्पणियां पश्चिम एशिया में जारी राजनयिक प्रयासों एवं बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच आई हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के साथ प्रस्तावित समझौते में और संशोधन करने की मांग की है जिसका उद्देश्य युद्धविराम को बढ़ाना और तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर नए सिरे से बातचीत के लिए परिस्थितियां बनाना है।

## समझौते को कानूनी सुरक्षा देने का प्रावधान भी प्रस्तावित समझौते में शामिल: बघाई

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका ने मौजूदा संघर्ष को समाप्त करने के लिए संभावित समझौते में एक ऐसा प्रावधान शामिल किया है, ताकि इस समझौते को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के माध्यम से कानूनी सुरक्षा मिल सके। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि हम अभी भी सामान्य प्रावधानों पर चर्चा कर रहे हैं।

इन 14 बिंदुओं में एक प्रावधान यह भी है कि यदि कोई समझौता होता है, तो उसे सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का रूप लेना चाहिए ताकि उसे कानूनी सुरक्षा मिल सके। राजनयिक ने यह भी कहा कि ईरान ऐसा नहीं मानता कि केवल सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव ही समझौते के लागू होने की गारंटी होगा, क्योंकि ईरान अतीत में इसके विपरीत अनुभव कर चुका है। इस बीच, कुवैत द्वारा



■ ईरान ऐसा नहीं मानता कि केवल सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव ही समझौते के लागू होने की गारंटी होगा

मिसाइल और ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला की रिपोर्टों के बाद, बघाई ने क्षेत्रीय ठिकानों और संपत्तियों पर जवाबी कार्रवाई करने के ईरान के अधिकार का बचाव किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पड़ोसी देशों के ठिकानों से शुरू की गई अमेरिकी हमले के खिलाफ आत्मरक्षा के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए ईरान को दोषी ठहराने वाला यूरोपीय संघ (ईयू) का बयान चुनिंदा नैतिक आक्रोश का एक उदाहरण है, यह पाखंडी और लापरवाही भरा है। बघाई ने कहा कि यूरोपीय संघ को कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उन सिद्धांतों के प्रति वफादार रहना चाहिए जिनका वह लंबे समय से समर्थन करने का दावा करता आया है। उसे हमलावरों को खुश करना बंद करना चाहिए और उन लोगों को दोष देना बंद करना चाहिए जो अवैध हमलों का जवाब दे रहे हैं। प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि देशों का यह स्थापित कानूनी दायित्व है कि वे अपने क्षेत्र या संपत्ति का उपयोग दूसरे देशों पर आक्रमण करने के लिए न होने दें।

## मलेशिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक

**कुआलाम्पुर।** मलेशिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर रोक लगाने वाले नए नियम लागू कर दिए हैं। अब फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटाक और यूटयूब जैसे प्लेटफार्म को उम्र जांचने की व्यवस्था करनी होगी। 16 साल से कम उम्र के यूजर्स अकाउंट नहीं बना सकेंगे। नियम तोड़ने पर कंपनियों पर 25 लाख डालर यानी करीब 24 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। हालांकि अगर बच्चे किसी तरह नियम तोड़कर अकाउंट बना लेते हैं, तो उनके माता-पिता पर कार्रवाई नहीं होगी। सरकार का कहना है कि यह कदम बच्चों को हानिकारक कंटेंट, साइबर बुलिंग और सोशल मीडिया की लत से बचाने के लिए उठाया गया है।

# शादी के दिन हेलीकॉप्टर क्रैश में पायलट की मौत

## अमेरिका में हादसा, पत्नी का 6 घंटे बाद मलबे से रेस्क्यू, केरल के रहने वाले थे डेव फिजी

**जार्जिया।** अमेरिका के जार्जिया में शादी के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के पायलट की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी घायल हो गईं और करीब 6 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। डेव फिजी और जेस्नी की शादी 29 मई को डासनविल के 'द रिवेरे' वेडिंग वेन्यू में हुई थी।

समारोह में करीब 400 मेहमान शामिल हुए थे। नवविवाहित जोड़ा शादी के बाद हेलीकॉप्टर से अटलांटा के लिए रवाना हुआ था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) इस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, एजेंसी ने अभी तक दुर्घटना की वजह नहीं बताई है। शुरुआती जांच रिपोर्ट अगले 30 दिनों में आने की उम्मीद है। भारतीय मूल के पायलट डेव



फिजी की जेस्नी के साथ 29 मई को शादी हुई। डेव फिजी और जेस्नी के शादी समारोह में 400 से ज्यादा मेहमान शामिल हुए थे। डेव के पिता जार्ज फिजी ने बताया कहा कि मेरा बेटा बहुत खुश था। मैं उसे देख रहा था और उसकी खुशी महसूस कर रहा था। वह बेहद हैंडसम लग रहा था। जार्ज के मुताबिक, डेव और जेस्नी की दोस्ती चर्च के जरिए हुई थी। दोनों परिवारों का संबंध अमेरिकी राज्यों साउथ कैरोलीना और जार्जिया के चर्च समुदायों से रहा है। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदली और दोनों ने जीवनसाथी बनने का फैसला किया। परिवार के मुताबिक, डेव फिजी बचपन से ही पायलट बनना चाहता था। उसने कड़ी मेहनत से अपना सपना पूरा किया और बाद में डेल्टा एयर लाइंस में फर्स्ट आफिसर बना। डेव को उड़ान और विमानों से बेहद लगाव था। परिवार ने बताया कि वह एक अनुशासित, जिम्मेदार और अपने काम के प्रति समर्पित पायलट था। 25 साल के डेव फिजी डेल्टा एयरलाइंस में फर्स्ट आफिसर थे।

हादसे से पहले डेव ने खराब मौसम को लेकर चिंता जताई थी। उनके पिता ने बताया कि शादी खत्म होने तक इलाके में घना कोहरा और बारिश हो रही थी, जिससे साफ देख पाना मुश्किल हो गया था। परिवार के मुताबिक, डेव ने हेलीकॉप्टर पायलट से कहा था कि ऐसी स्थिति में उड़ान नहीं भरनी चाहिए। हालांकि पायलट ने भरोसा दिलाया कि वह ज्यादा ऊंचाई पर उड़ान भरेगा, जिसके बाद यात्रा जारी रखी गई। उड़ान भरने के कुछ समय बाद हेलीकॉप्टर डासनविल के पास जंगल वाले इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घने पेड़ों और कठिन भूभाग के कारण राहत दलों को दुर्घटनास्थल तक पहुंचने में काफी समय लगा। डेव के पिता जार्ज फिजी ने बताया कि हेलीकॉप्टर का मलबा खोजने में कई घंटे लग गए। इसी वजह से बचाव अभियान भी देर से शुरू हो सका।

## भारतीय जमीन कब्जाने के दावे का नेपाली संसद में विरोध

### विपक्ष बोला: पीएम बालेन सबूत दें, या बयान वापस लें

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को कहा था कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली जमीन पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है। इस बयान का आज नेपाल की संसद में जमकर विरोध हुआ, विपक्षी दलों ने बालेन शाह से भारत से जुड़े इस विवादित दावे पर जवाब मांगा।

विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री से कहा कि या तो वे अपने बयान को वापस लें या फिर इसके समर्थन में ठोस सबूत पेश करें। विपक्ष का आरोप है कि प्रधानमंत्री का यह दावा नेपाल के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाला



■ प्रधानमंत्री का यह दावा नेपाल के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाला है

है। सांसदों का कहना है कि बिना पर्याप्त सबूत के इस तरह का बयान देश की विदेश नीति और पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर असर डाल सकता है।

## युद्ध के मुकाबले बातचीत ज्यादा सुरक्षित रास्ता

### फिलहाल इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है: लेबनान

**बेरूत।** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने कहा है कि इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि युद्ध की तुलना में बातचीत ज्यादा सुरक्षित रास्ता है और फिलहाल इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

जोसेफ आउन ने कहा, बातचीत से समस्या तुरंत हल नहीं होगी, लेकिन यही एक रास्ता है। बातचीत में देरी हो सकती है या कुछ रुकावटें आ सकती हैं, फिर भी यह आगे बढ़ रही है। यूरोपीय संघ (ईयू) ने इजरायल से लेबनान में बढ़ती सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब इजरायली



■ यूरोपीय संघ (ईयू) ने इजरायल से लेबनान में बढ़ती सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बेरूत के दक्षिणी इलाकों में और हमले करने का आदेश दिया है। ईयू के प्रवक्ता ने कहा कि इजरायल को लेबनान में सैन्य तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई बंद करनी चाहिए। इजरायल को लेबनान की संप्रभुता और उसकी क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। सऊदी अरब ने कुवैत पर हुए ईरानी हमले की कड़ी निंदा की है। सऊदी विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि वह इस हमले को पूरी तरह खारिज करता है। मंत्रालय के अनुसार, यह कुवैत की संप्रभुता का उल्लंघन है और अंतरर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। सऊदी अरब ने कहा कि इस तरह की घटनाएं क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने की कोशिशों को कमजोर करती हैं और तनाव को और बढ़ाती हैं।

## कुवैत कीवायु रक्षा प्रणाली ने मिसाइल और ड्रोन हमलों को रोका

**कुवैत।** कुवैत की वायु सेना ने देश को लक्ष्य बनाकर दागी गई ईरानी मिसाइलों और ड्रोन हमलों को रोक दिया है। यह घटनाक्रम सप्ताहांत में ईरानी सैन्य ठिकानों पर अमेरिकी हमलों के बाद बढ़ते तनाव के बीच सामने आया है कुवैती सेना के जनरल स्टाफ ने यह जानकारी दी है। जनरल स्टाफ ने सोमवार को एक बयान में कहा कि फिलहाल, कुवैती वायु रक्षा प्रणालियां दुश्मन की मिसाइलों और ड्रोन हमलों को रोक रही हैं। जनरल स्टाफ ने निवासियों से सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। यह घोषणा तब की गई जब अमेरिका ने कहा कि उसने आत्मरक्षा और क्षेत्रीय शिपिंग मार्गों की सुरक्षा का हवाला देते हुए गोरुक और केशम द्वीप पर स्थित ईरानी रडार और ड्रोन कमांड-एंड-कंट्रोल सुविधाओं पर हमला किया है। गौरतलब है कि कुवैत में अमेरिका का एक बड़ा सैन्य अड्डा स्थित है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि उसकी एयरोस्पेस फोर्स ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक अमेरिकी अड्डे को निशाना बनाया है। आरोप है कि इस अड्डे का इस्तेमाल होर्मोजगान प्रांत में ईरान के सीरिक द्वीप पर हमले करने के लिए किया गया था।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108